सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 42.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-341 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 23 मई 2024
14 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com







## न्यूज डायरी

### मुख्यमंत्री ने दीं बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा बुद्ध का अहिंसा, करुणा और मैत्री का संदेश सम्पूर्ण मानवता के लिए अमूल्य निधि है। उन्होंने चित्त की शांति तथा हृदय में करुणा की शिक्षा दी।

### नड्डा-खरगे को नोटिस

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच राजनीतिक दलों के नेताओं की भड़काऊ बयानबाजी का सिलसिला भी जारी है। चुनाव आयोग द्वारा लगातार ऐसे मामलों पर कार्रवाई भी की जा रही है। इस बीच चुनाव आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निर्देश दिए हैं। दोनों नेताओं से कहा गया है कि अपने स्टार प्रचारकों को कोई भी बयान देते समय सावधानी बरतने और मर्यादा बनाए रखने के निर्देश दें।

### मामले की निष्पक्ष जांच हो

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर हुए कथित हमले और बदसलूकी मामले पर सीएम अरविंद केजरीवाल की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा है कि वह मामले की निष्पक्ष जांच चाहते हैं। न्याय होना चाहिए।

# यूपी में दो शहजादे देख रहें 79 सीटें जीतने का सपना : मोदी

**पलटवार**

- चार जून को उन्हें नींद से जगाएगी जनता
- कांग्रेस के शहजादे राम मंदिर का फैसला पलटना चाहते हैं

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** पीएम मोदी ने बस्ती में विशाल जनसभा को संबोधित किया। कहा, दोनों शहजादे (अखिलेश और राहुल) मिलकर अफवाह उड़ा रहे हैं कि यूपी की 79 सीट जीत जाएंगे।

अब जाना दिन में सपने देखने का क्या मतलब होता है। 4 जून को ये जनता ही इन्हें नींद से जगा देगी। तब ये ईवीएम पर ठीकरा फोड़ेंगे। इंडी गठबंधन की पार्टियों ने तुष्टीकरण की हदें पार कर दीं। देश 500 वर्षों से राम मंदिर की प्रतिक्षा कर रहा था। लेकिन, ये इंडी वालों को राम मंदिर और प्रभु श्री राम से पेरशानी है। सपा के एक बड़े नेता कहते हैं, राम मंदिर बेकार है। कांग्रेस के शहजादे तो राम मंदिर का फैसला पलटना चाहते हैं। ये इंडी गठबंधन वाले मंदिर पर बाबरी ताला लगाने का सपना देख रहे हैं। फिर से रामलला को टेंट में भेजना चाह रहे हैं। आप सभी को अपने वोट से इन्हें करारी चोट करनी है। इस समय कांग्रेस और सपा को अचानक संविधान की याद आ गई। इसी कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाया था। संविधान खत्म करने की भरपूर कोशिश की थी। पार्टी खुद का संविधान नहीं मानती है। प्रधानमंत्री मोदी ने शुरूआत ही खुद को सीधे यहां के लोगों के साथ जोड़ते हुए किया। कहा, सब भैया बहिनिन के राम-राम। पीएम ने कहा, साथियों देश में पांच चरण के चुनाव हो चुके हैं। इन चरणों ने तीसरी बार मोदी सरकार पक्की कर दी है। इसके लिए इधर-उधर जाने की जरूरत नहीं है। इसके लिए इंडिया गठबंधन निराशा के गर्त में डूबा है कि अब उनको यह भी याद नहीं रहता कि वे दो दिन पहले क्या बोले थे और आज क्या बोल रहे हैं। कहा, आप समझदार लोग हैं इसलिए अपनी शक्ति व्यर्थ नहीं जाने देंगे। आप सोचिए कि कांग्रेस को पड़ने वाला वोट किसी काम का नहीं है। निरर्थक है। आपका वोट बर्बाद हो जाए यह कोई मतदाता नहीं चाहेगा। इसलिए आपका वोट उसे पड़ना चाहिए, जिसकी सरकार आप बनने देना चाहते हैं। कांग्रेस संविधान की बात करती है, जबकि वो अपनी ही पार्टी का संविधान नहीं मानती है।

# बंगाल में 2010 के बाद जारी सभी ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द




**आदेश**

- कलकत्ता हाईकोर्ट ने ओबीसी प्रमाणपत्र को गैरकानूनी बताया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को कलकत्ता हाईकोर्ट से बुधवार को एक और झटका लगा है। हाईकोर्ट ने तृणमूल सरकार द्वारा जारी राज्य के सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार को कहा कि फैसला सुनाए जाने के बाद रद्द किए गए प्रमाणपत्र का इस्तेमाल किसी भी रोजगार प्रक्रिया में नहीं किया जा सकता है। इस आदेश के परिणामस्वरूप करीब पांच लाख ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए गए। हालांकि, साथ ही हाईकोर्ट ने कहा, इस प्रमाणपत्र के जिन उपयोगकर्ताओं को पहले ही मौका मिल चुका है, उन पर इस फैसले का असर नहीं होगा। हालांकि, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को विशेष रूप से तृणमूल सरकार का उल्लेख नहीं किया।

### ममता बनर्जी ने जताई नाराजगी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि आज भी मैंने एक न्यायधीश को एक आदेश पारित करते हुए सुना, जो काफी मशहूर रहे हैं। प्रधानमंत्री इस बारे में कह रहे हैं अल्पसंख्यक तपशिली आरक्षण छीन लेंगे, क्या ऐसा कभी हो सकता है? तपशीली या आदिवासी आरक्षण को अल्पसंख्यक कभी छू नहीं सकते, लेकिन ये शरारती लोग (भाजपा) अपना काम एजेंसियों के माध्यम से कराते हैं, किसी के माध्यम से इन्होंने आदेश कराया है लेकिन मैं यह राय नहीं मानूंगी। जिन्होंने आदेश दिया है वह इसे अपने पास रखें, भाजपा की राय हम नहीं मानेंगे। ओबीसी आरक्षण जारी है और हमेशा जारी रहेगा।



## अम्बेडकरनगर में अमित शाह की रैली आज

**अम्बेडकरनगर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 23 मई को जिले में आएंगे। वह भाजपा के अम्बेडकरनगर से लोकसभा के प्रत्याशी रितेश पांडेय के पक्ष में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश सरकार में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 23 मई को जिले में आ रहे है। वह हेलीकॉप्टर से सवा तीन बजे शिवबाबा में आएंगे और भाजपा उम्मीदवार रितेश पांडेय के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इस दौरान वह करीब 40 मिनट तक कार्यक्रम में रहेंगे। इसके बाद प्रतापगढ़ के लिए रवाना हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि गृहमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा ने तैयारी शुरू कर दिया है। गृहमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन एलर्ट हो गया है।

## पौड़ी व उत्तरकाशी में फटा बादल

**पौड़ी।** पौड़ी और उत्तरकाशी में मूसलधार वर्षा से बुधवार शाम आफत आ गई। दोनों जिलों में बादल फटने से कई एकड़ कृषि भूमि बह गई। पानी और मलबे की चपेट में आने से करीब दो दर्जन भवन व गोशाला क्षतिग्रस्त हो गए। इससे दो मवेशियों की मौत हो गई। पौड़ी में कोटद्वार-बैजरो मोटर मार्ग का करीब 30 मीटर हिस्सा बह गया।

# पुणे कार हादसे के नाबालिग आरोपी की जमानत रद्द

**निर्देश**

- पिता को भी पुलिस ने हिरासत में भेजा
- बाल सुधार गृह भेजा

**पुणे।** पुणे महाराष्ट्र के पुणे में 18 मई को एक तेज रफ्तार पोर्श कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी थी। टक्कर में दो बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में जिस तरह से जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने नाबालिग को केवल निबंध लिखने का आदेश देकर छोड़ दिया। उससे पूरे देश में सवाल खड़े होने लगे। जब मामले ने तूल पकड़ा तो ताबड़तोड़ एक्शन होने लगे। अब इस मामले में नाबालिग रईसजादे को आज यानी बुधवार को अदालत के सामने पेश किया गया। यहां कोर्ट ने उसकी जमानत रद्द कर दी और उसे बाल सुधार गृह भेजने के निर्देश दिए। इस बीच पुणे की एक सत्र अदालत ने एक कार दुर्घटना में शामिल 17 वर्षीय नाबालिग के पिता और एक पब के दो कर्मियों को बुधवार को 24 मई तक की पुलिस हिरासत में भेज दिया। नाबालिग लड़के के पिता और ब्लैक कब पब के कर्मी नितेश शेवाणी व जयेश गावकर को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस.पी. पोंखसे के सामने पेश किया गया। नाबालिग लड़के के पिता एक रियल एस्टेट कारोबारी हैं। इससे पहले, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ट ने 17 साल के आरोपी लड़के को एक नोटिस जारी किया है।






# यूपी में अब कोई माफिया नहीं बनना चाहता : योगी



**तंज**

- मुख्यमंत्री ने श्रावस्ती लोकसभा और गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव सीट के लिए की रैली
- विरासत का सम्मान व विकास चाहती है जनता

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी में अब कोई माफिया नहीं बनना चाहता, क्योंकि सबको पता है कि हमारी सरकार माफिया को उलटा लटका कर मिर्च का झौंका दे देगी तो उसकी सात पीढ़ियां भी याद करेंगी। उन्होंने कहा कि अब जनता विरासत का सम्मान और विकास चाहती है, जनता ने विनाशकारी ताकतों को लगातार खारिज करने का काम किया है। मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को यहां तुलसीपुर में श्रावस्ती लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी साकेत मिश्रा और गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू के लिए जनता से मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम मां पाटेश्वरी के चरणों में कोटि कोटि का नमन करते हुए कहा कि आपसे संवाद के कारण मुझे मां के दर्शन का अवसर मिल जाएगा, क्योंकि लगातार देश और प्रदेश में चुनाव प्रचार के दौरान भ्रमण का कार्यक्रम रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में एक ही आवाज गूंज रही है। पांच चरणों का चुनाव हो चुका है। यूपी में भी 80 में से 53 सीटों पर चुनाव हो चुके हैं। 4 जून के परिणाम को लेकर हर व्यक्ति पहले से निश्चिंत है। कश्मीर से कन्याकुमारी और कामरूप से कच्छ तक एक ही स्वर गूंज रहा है। वह है फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। मुख्यमंत्री ने कहा कि 400 बार की बात करते हैं तो सपा को चक्कर आने लगता है। क्योंकि वो 400 सीटों पर तो लड़ने का सपना भी नहीं देख सकती।

# सरकार को राजस्व का लाखो रूपयो का चूना लगा रही है डग्गामार बसे

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी, अमीर नगर सहित कई स्थानो से प्रतिदिन आधा दर्जन डग्गामार बसे प्रतिदिन दिल्ली जाती है और इतनी ही यहां के लिये दिल्ली से मोहम्मदी, अमीर नगर के लिये वापस आती है साथ ही लगभग इतनी ही बसे मोहम्मदी होकर गोला, अलीगंज एंव सिकन्दराबाद को वापस जाती। ये बसे कौन चलवा रहा, किसके संरक्षण में चल रही है रहस्य बना हुआ है। इन बसो से प्रतिदिन बीसियो लाख रूपयो का कपड़ा, इलेक्ट्रिक सामान, मोटर पार्टस, ड्राईफ्रूड, गरम मसाले सहित विभिन्न प्रकार का सामान दिल्ली से टैक्स चोरी कर तस्करी के रूप में आता है। जिससे सरकार को प्रति यात्री कर के पचासो हजार सहित सामान पर लाखो रूपयो के कर की चोरी की जा रही है। सूत्रो की माने तो बिना वैध परमिट एवं रोड टैक्स दिये संचालित इन बसो में कईयो का बीमा तक नहीं है जिससे दुर्घटना होने पर यात्री कोई दुर्घटना क्लेम भी नहीं कर सकता। आश्चर्य की बात ये कि इन डग्गामार बसे नगर के पुवायां रोड, मोहम्मदी सरायं तिराहे



से तथा कोतवाली की नाक के नीचे रोडवेज के सामने पेट्रोल पम्प के पास इन बसो से सवारिया भरी जाती है। परन्तु परिवाहन विभाग द्वारा इन बसो पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। यह बसे मोहम्मदी से दिल्ली हाइवे पर फर्राटा भरती रोजना देखी जा सकती है। इन्ही बसो से दिल्ली से व्यापारियो का माल टैक्स चोरी कर आता है जिससे सरकार को राजस्व का लाखो रूपयो का चूना लग रहा है। इन डग्गामार बस संचालको द्वारा आए दिन कोई न कोई विवाद होता ही रहता है। ऐसा ही एक मामला बुधवार को प्रातः नगर के मोहल्ला बब्बीरी में देखने को मिला। यहां एक डबलडेकर बस में पैसो के लेनदेन को लेकर मार-पीट हुई और बस के शीशे तोड़ दिये गये जो बस में बैठी कुछ सवारियो के लग गये। सवारिया झगड़ा होता देखकर दहशत में आ गयी। ऐसी घटनाए इन बसो में बराबर देखने को मिलती है परन्तु प्रशासन जानकर भी अंजान बना रहता है। सम्भागीय परिवाहन अधिकारी बराबर मोहम्मदी में डग्गामार वाहनो पर कार्यवाही करते नज़र आते है पर वह जो कार्यवाही करते वह कार्यवाही बस ई-रिक्शा और मैजिको पर ही करते है इन डग्गामार पर उनके द्वारा कोई कार्यवाही नही की जाती है जिससे इन बस संचालको के हौसले खासे बुलन्द है और इन बसो के चालक परिचालक बेखौफ हाईवे पर फर्राटा भरते है। अगर इन बसो से कोई घटना घटित होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

## बकरी का शिकार करते देखा गया अजगर, अफरातफरी का माहौल



**लखीमपुर खीरी।** संपूर्णानगर मिल मार्ग पर खोखे की दुकान व ट्रांस शारदा क्षेत्र में बकरी का शिकार करते अजगर देखा गया। अजगर दिखने के बाद दोनों जगहों पर अफरातफरी का माहौल बना रहा। संपूर्णानगर वन रेंज के मिल मार्ग पर एक चिकन शॉप के खोखे में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक विशालकाय अजगर दिखाई दिया। सूचना रेंजर अनिल कुमार को दी गई। इसके बाद वन दरोगा पुष्कर सिंह व वनकर्मी रामकुमार शेरा मौके पर पहुंचे। यहां कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को काबू में करते हुए बोरी में डालकर थाना हजारा के वेटलेंट गांधीनगर जंगल में ले जाकर छोड़ा गया। यहां भारी संख्या में लोगों की भीड़ का तांता लगा रहा। वनकर्मी शेरा ने बताया कि अजगर करीब 20 से 25 किलो का था।दूसरी तरफ संपूर्णानगर के ट्रांस शारदा क्षेत्र में एक बकरी को अजगर ने निवाला बना लिया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर बकरी को छुड़ाने का प्रयास किया, लेकिन अजगर के चंगुल से बकरी को वनकर्मी भी आजाद नहीं करा पाए। अजगर की पकड़ से बकरी को अपनी जान गंवानी पड़ी। यहां से भी अजगर का रेस्क्यू करते हुए वन विभाग की टीम ने उसे वेटलेंड गांधीनगर में छोड़ा है।

## पुलिस ने नशा तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सहारनपुर।** थाना मण्डी पुलिस ने 01 शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 111.63 ग्राम चरस नाजायज बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, मादक पदार्थो की तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना मण्डी प्रभारी निरीक्षक नेमचन्द सिंह के नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर थाना मण्डी पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर अभियुक्त नसीम उर्फ अन्नू पुत्र अकबर निवासी सिराज कालोनी खाताखेडी थाना मण्डी को प्रवेज की आरा मशीन की दुकान के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 111.63 ग्राम चरस नाजायज बरामद हई। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना पर 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। पूछताछ में पकड़े गए नशा तस्कर ने बताया कि वह चरस सस्ते दाम में खरीदकर आस पास के क्षेत्रों में अधिक कीमत में बेच देता है।

## नीट और सिविल सर्विसेस की तैयारी के लिए अभ्युदय योजना का नया सत्र एक जुलाई से शुरू

**लखीमपुर खीरी।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अभ्युदय योजना का नया सत्र एक जुलाई से शुरू हो रहा है। इसमें नीट और सिविल सर्विसेस की तैयारी के लिए आवेदन मांगे गए हैं।हर युवा का सपना होता है कि वह पढ़-लिखकर अफसर, डॉक्टर या अन्य बड़े पदों पर सेवाएं दे। सक्षम लोग अपने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करा लेते हैं, लेकिन गरीब तबके के बच्चों यह मौका नहीं मिल पा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी के लिए अभ्युदय योजना शुरू की है।जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि अभ्युदय योजना का नया सत्र शुरू किया जा रहा है। सिविल सर्विसेस की पूरे सत्र में 202 दिन कक्षाएं चलेंगी। इसमें 606 लेक्चर होने हैं। नीट के 223 दिन में 445 लेक्चर कराए जाने हैं। इसमें जियोलॉजी, बॉटनी के 173, फिजिक्स 137, केमेस्ट्री की 135 लेक्चर होने हैं। उन्होंने बताया कि कक्षाएं एक जुलाई 2024 से शुरू होकर अप्रैल 2025 तक चलेंगी। नीट और सिविल सर्विसेस के लिए 50-50 अभ्यार्थियों के बैच रहेंगे। इच्छुक अभ्यार्थी अभ्युदय योजना के जिला समन्वयक एचएन विद्व के मोबाइल नंबर 9415789219 पर संपर्क कर आवेदन व कक्षाओं से संबंधित जानकारी ले सकते हैं।

## 27 मई से 3 जून तक बंद रहेगा हाइवे

**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ राष्ट्रीय राज मार्ग 730 पर निर्माण कार्य होने के कारण 27 मई से 3 जून तक हाइवे बंद रहेगा। गोला से लखीमपुर जाने वाली रोडवेज की बसे सिकन्द्राबाद से होकर आएंगी और जाएंगी। इस वजह से रोडवेज बसों के किलोमीटर भी बढ़ जाएंगे। नए किराए को लेकर रोडवेज सर्व करा रहा है ताकि किराया निर्धारित किया जा सके।नेशनल हाईवे 730 पर फरधान के पास ओवर ब्रिज का काम किया जा रहा है। ये ओवरब्रिज पिछले कई सालों से निर्माणाधीन हैं। काम की गति इतनी कम है कि दोनों जगह से निकलना मुसीबत भरा है। खासकर फरधान रेलवे क्रासिंग पर तो घंटों जाम लगता है। वजह है कि क्रासिंगके दूसरी और बड़े वाहनों के लिए सिर्फ एक लेन ही छोड़ा गया है। पुल के दूसरी ओर निर्माण सामग्री डाल दी गई है। ऐसा यहां दो साल से हो रहा है। यही नहीं, गोला में भी छह माह से ओवरब्रिज की एक सर्विस लेन बंद है। एक ही लेन से वाहन निकल रहे हैं। जिले के जिम्मेदार इस रूट से निकलते हैं, पर यह जानकारी लेने की जरूरत नहीं समझते। अब दावा किया जा रहा है कि पुल का काम तेज होगा।

## एक तरफा प्रेम प्रसंग के चलते आईपीएस कालेज की छात्रा मानवी की गला रेतकर हत्या

**सहारनपुर।** थाना गंगोह क्षेत्रान्तर्गत एकतरफा प्रेम प्रसंग के चलते गंगोह के आईपीएस कालेज की फिजीकल एजुकेशन की छात्रा मानवी 22 वर्ष की चाकु से गला रेतकर जधन्य हत्या कर डाली। छात्रा का खून से लथपथ शव नगर के बाईपास मार्ग स्थित एक रेस्टोरेंट के समीप एक प्लाट में पडा मिला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर हत्यारे की तलास शुरु कर दी है।

दिनदहाडे हुई छात्रा की हत्या की खबर लगते ही मौके पर भारी भीड जमा हो गई। घटना लगभग साढे नौ-दस बजे की बताई जाती है। कोतवाली प्रभारी एचएन सिंह व सीओ मुनेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। एसएसपी विपिन ताडा व एडीशनल एसपी सागर जैन ने भी मौके पर पहुंचने में देर नही लगाई। फोरेसिंक टीम भी बुला ली गई। छात्रा के पास मिले कागजात से पता चला कि वह थाना कुतुबशेर के गांव बीतिया निवासी राकेश की पुत्री मानवी तोमर है। जिसकी पुष्टि उसके मौसेरे भाई राहुल कुमार पुत्र मोहकम सिंह निवासी रादौर थाना तीतरों ने करते हुए बताया कि वह आईपीएस कालेज में अध्यापक है और रादौर रहकर मानवी आईपीएस स्कूल से फिजीकल एजुकेशन का कोर्स कर रही थी। आज भी वह उसके साथ गंगोह आई थी। उसने मानवी को तीतरों बाईपास पर छाडा और ई रिक्शा से स्कूल जाने को कहा। इसी दौरान राहुल के पिता मोहकम सिंह उसका आईकार्ड लेकर रादौर से आ गयें। वहां उन्होंने अपने दूर के रिश्तेदार सागर पुत्र देवेन्द्र निवासी बोरियाघोटी थाना मुंडावी मेरठ एक गली में जाते देखा, वहां पहुंचने पर उन्होंने पाया कि आरोपित उसके साथ मारपीट कर रहा था और चाकु से उसने उसका गला रेत कर उसकी हत्या करदी। जिसकी कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। छात्रों ने हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोतवाली पर धरना भी दिया, धरनास्थल पर पहुंचे सांसद पुत्र अंशुमन चौधरी भी पहुंचें।

# ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की शहादत पर मजलिस का आयोजन किया गया

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर। (अहमद रज़ा)** सहारनपुर की इमाम बारगाह में ईरान के शहीद राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की शहादत पर मजलिस का आयोजन किया गया ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी व 8 मोमिनीन के शहादत पर सहारनपुर के इमामबाडा अन्सारियान मे एक ज़िम्मेदार शहरियों ने एक शौक सभा (मजलिस) का आयोजन किया जिसमें सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। मजलिस को आली जनाब मौलाना जफर अब्बास जैदी ने खिताब फरमाया, मजलिस के शुरूआत मे हमजा जैदी ने कलाम पैशन किया। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की शख्सियत पर रोशनी डाली, और बताया कि सैयद इब्राहीम रईसी का जन्म 14 दिसंबर 1960 व शहादत 19 मई 2024 को हुआ है। जो ईरान के



राष्ट्रपति चुनाव 2021 के बाद ईरान के नए राष्ट्रपति चुने गये थे। रईसी ने ईरान की न्यायिक प्रणाली में कई पदों पर कार्य किया है, जैसे कि उप मुख्य न्यायाधीश महान्यायवादी (अटॉर्नी जनरल) और मुख्य न्यायाधीश, तथा दक्षिण खुरासान प्रांत के विशेषज्ञों की सभा के सदस्य भी रहे हैं रईसी अहमद अलमोल्होदा के दामाद हैं जो कि मशहद जुमे की नमाज के नेता और इमाम रजा दरगाह के बड़े इमाम हैं । रईसी ने 2017 में ÷इस्लामी क्रांति बलों का लोकप्रिय मोर्चा÷ के उम्मीदवार के तौर पर राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा था, लेकिन वो उदारवादी निवर्तमान राष्ट्रपति हसन रूहानी से हार गए थे। रईसी ने 2021 में दूसरी बार सफलतापूर्वक राष्ट्रपति पद का चुनाव लडा है, और सीमित-अवधि के राष्ट्रपति हसन रूहानी के बाद, राष्ट्रपति चुने गए हैं। तारीख 19 मई 2024 को हेलिकॉप्टर दुर्घटना में शहादत हो गयी। मजलिस के आखिर मे कर्बला के 72 शहीदो व हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत पर रोशनी डाली गयी। मजलिस मे मौ0 अब्बास जैदी एडवोकेट, मन्ज़र हुसैन काज़मी एडवोकेट, अख्तर अली, जमीर काज़मी, सलीम आब्दी, मिर्जा मेहरबान, मुसय्यब रजा, दिलशाद हैदर, अजादार हुसैन, हमजा जैदी, कल्बे अब्बास, आदि मौजूद रहे।

## चोक पड़ी नालियां और सड़क पर बहता गंदा पानी सफाई के इंतजामों की खोल रहा है पोल

**लखीमपुर खीरी।** सिंगाही नगर पंचायत कस्बे में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं कर पा रही है। कई मोहल्लें में लंबे समय से चोक पड़ी नालियां और सड़क पर बहता गंदा पानी सफाई के इंतजामों की पोल खोल रहा है। पिछली बार हुई बारिश में लोगों ने काफी दिक्कतें उठाई थीं। कस्बे की कई सड़कें नहर जैसी दिखने लगी थीं। कस्बे के पूरब टोला और बाढ़ियन टोला आदि मोहल्लें में नालियों की बुरी हालत है। यहां लोग नगर पंचायत से नालियां साफ कराने की गुहार लगाने के बाद मच्छरों से बचने को खुद इनकी सफाई में लग गए। बाढ़ियन टोला में प्राइमरी स्कूल के सामने बनी नाली की सफाई लंबे अरसे से न होने से वह चोक है और उसमें ऊपर तक कूड़ा-कचड़ा भरा है। स्कूल में बैठे बच्चे नाली की बदबू से परेशान रहते हैं।

## बकाया भुगतान न करने वाली चीनी मिल मालिकों को जेल में डालें: भगत



**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि सहारनपुर मंडल की चीनी मिलों पर 850 करोड रुपए गन्ना भुगतान अभी भी बकाया है और सहारनपुर जिले की चीनी मिलों पर भी अभी तक 210 करोड रुपए गन्ना भुगतान बकाया है। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द से जल्द किसानों का बकाया मूल्य भुगतान करें, अन्यथा चीनी मिल मालिकों को जेल में डालने का काम करें।

भगत सिंह वर्मा आज यहां पेपर मिल रोड स्थित कार्यालय आयोजित कार्यकर्ताओं की बेठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चीनी मिलों से गन्ना भुगतान न मिलने के कारण गन्ना किसान भारी आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं और एक-एक रुपए को मोहताज हैं किसानों के पास गना धान अन्य फसलों में खर्च करने के लिए भी पैसे नहीं है। चीनी मिलों से लाभकारी गन्ना मूल्य न मिलने के कारण और समय से गन्ना भुगतान न होने के कारण गन्ना किसानों का गने से मोहभंग हो गया है। मंडल और जिले में गने का रकबा घट रहा है। समय से गने का भुगतान चीनी मिलों से न होने और गने का लाभकारी मूल्य न मिलने के कारण भाजपा की प्रदेश सरकार गन्ना विभाग और चीनी मिल मालिक सीधे-सीधे जिम्मेदार हैं जिनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कहा कि सरकार और जिला प्रशासन पशुपालन विभाग आवारा व छुट्टा पशुओं को पकड़ कर गौशाला में भिजवाने का कार्य करें जिससे किसानों की फसलों को बचाया जा सके। राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ.अशोक मलिक ने कहा कि गन्ना किसानों को समय से भुगतान न करने वाली चीनी मिलों के मालिकों को सरकार जेल में डालें और गन्ना किसानों को ब्याज का भुगतान भी कराये। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल, प्रदेश सचिव ऋषिपाल गुर्जर, महानगर अध्यक्ष मौहम्मद जहीर तुर्की, सुरेंद्र सिंह एडवोकेट, मुकर्रम प्रधान अब्दुल, जोगिंदर सिंह, सतीश दरोगा, अजीत सिंह, नरेश कुमार,हरपाल सिंह, रविंद्र प्रधान आदि मौजूद रहे। संचालन प्रदेश महामंत्री आसिम मलिक ने किया।

# डीएम ने जिला एवं महिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र ने एसबीडी जिला



चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर चिकित्सालय में दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के कार्य व्यवहार, मरीजों के प्रति आचरण के बारे में भर्ती मरीजों से जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र निर्देश दिए कि भर्ती मरीजों का बेहतर इलाज किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि सभी चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर समय से उपस्थित होकर शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें ताकि रोगियों को चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ मिल सके। चिकित्सकीय परामर्श, पैथोलॉजी जांच, औषधियों का वितरण एवं देखरेख में किसी प्रकार की लापरवाही व कोताही न बरती जाए। मरीजों से मृदु व्यवहार किया जाए। पैरामेडिकल स्टाफ एवं सफाई कार्मिकों का मरीजों एवं तीमारदारों से अच्छा आचरण बर्ताव सुनिश्चित हो। डॉ.दिनेश चन्द्र द्वारा सर्वप्रथम हड्डी रोग विभाग का निरीक्षण किया गया, जिसमें उपस्थित चिकित्सक द्वारा मरीजों को बाहर की दवाईयॉ लिखी जा रही थी, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा रोष प्रकट करते हुए चिकित्सक को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को दवाईयां बाहर से न लिखी जाये। अस्पताल में उपलब्ध दवाईयां ही मरीज को लिखी जाये। बाल रोग विशेषज्ञ एवं फिजीशियन ओपीडी कक्ष का निरीक्षण किया गया, जो व्यवस्थित पाया गया। अल्ट्रासाउण्ड विभाग के निरीक्षण के दौरान अल्ट्रासोनोलॉजिस्ट उपस्थित नहीं था तथा कक्ष बन्द पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कडी नाराजगी व्यक्त की गयी। इसके पश्चात् एक्स-रे कक्ष का निरीक्षण किया गया, जहां पर एक्स-रे टैक्निशियन कक्ष में उपस्थित नहीं था किसी अन्य कक्ष में उपस्थित था, जिसको निर्देशित किया गया कि वह एक्स-रे कक्ष में ही उपस्थित रहे, जिससे मरीजों को परेशानी न हो।

रजिस्ट्रेशन काउंटर के निरीक्षण में मरीजों की पर्चे बनवाने हेतु 04 लाईन लगी हुई थी, रजिस्ट्रेशन काउंटर बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया, क्योंकि मरीजों की लाईन धूप में खड़ी हुई थी, जिन्हें काफी समस्या हो रही थी। निरीक्षण के दौरान प्रमुख अधीक्षक, एसबीडी जिला चिकित्सालय उपस्थित नहीं थे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। किसी भी मरीज को बाहर से अल्ट्रासाउण्ड न कराना पडे। जिला महिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान ऑक्सीजन प्लांट संचालित पाया गया परन्तु निरीक्षण के दौरान अस्तपाल में मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका अनुपस्थित थी, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताते हुए अस्पताल में समय से उपस्थित होने हेतु कड़ी चेतावनी दी गयी, इसके बाद महिला वार्ड में भर्ती मरीजों से बात की गयी तथा उनके बच्चों को देखा गया व खाने-पीन के बारे में जानकारी ली गयी, जो सही पायी गयी। डॉ.दिनेश चंद्र ने कहा कि चिकित्सालय परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए।

## सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के भुगतान संबंधी व्यवसायिक वादों का किया निस्तारण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद ने मण्डलीय सूक्ष्म एवं लघु उद्यम फैसिलीटेशन काउन्सिल की बैठक में 19 सन्दर्भों में सुलह के प्रयास किये। काउिन्सल द्वारा एक संदर्भ 50.58 लाख तथा 04 अन्य संदर्भों में पक्षकारों के मध्य एमओयू के आधार पर प्रति संदर्भ 05 लाख के आधार पर कुल 20 लाख का भुगतान कराया गया। आयुक्त कार्यालय सभागार में आहूत बैठक में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के भुगतान संबंधी व्यवसायिक विवादों के निस्तारण हेतु राज्य सरकार द्वारा गठित मण्डलीय सूक्ष्म एवं लघु उद्यम फैसिलीटेशन काउन्सिल की बैठक में कुल 32 सन्दर्भों में सुनवाई की गयी, जिनमें से सूक्ष्म एवं लघु उद्यमकर्ताओं के कुल 22 सन्दर्भों में बकाया मूलधन रूपया 2.89 करोड़ पर चक्रवृद्धि ब्याज सहित भुगतान के एवार्ड निर्गत किये जाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त उद्योग श्रीमती अन्जू रानी, अग्रणी जिला प्रबन्धक प्रवीण जमुआर, अनुपम गुप्ता, प्रमोद मिगलानी एवं अन्य सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

## युवान हत्याकांड के दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग

### सर्वसमाज का प्रतिनिधि मण्डल एसएसपी से मिला

**सहारनपुर।** युवान हत्याकाण्ड के दोषियों को अविलम्ब सजा दिलाये जाने की मांग को लेकर सर्वसमाज के प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी कार्यालय के बाहर धरना दिया और युवान के इलाज में घोर लापरवाही बरतने वाले चिकित्सक व उसके स्टॉफ के खिलाफ सख्त धाराओं में कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की। एसएसपी को सौंपे शिकायती पत्र में युवान के पिता सुखजिन्दर निवासी ग्राम हसनपुर ने बताया कि 7 अक्टूबर 2023 को जितेन्द्र चुग की लापरवाही की वजह से युवान पुत्र सुखजिन्दर सिंह आयु 7 वर्ष की मृत्यु दास चाइल्स केयर अस्पताल में हो गयी थी। जिसमें उन्होंने डा.जितेन्द्र चुग एवं उसके सहकर्मी धर्मवीर के खिलाफ 304 में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें अधिकारिक रूप से सीएमओ द्वारा जांच के उपरान्त डा. जितेन्द्र चुग को युवान की मृत्यु में घोर लापरवाही बरतने का दोषी पाया गया था। युवान की मृत्यु के बाद डा. चुग अपने बचाव में हाईकोर्ट चले गये थे। जहां अपील क्वैस कर दी गयी। वहां भी प्रशासन द्वारा समय पर चार्जशीट दाखिल न करने का लाभ भी डा. जितेन्द्र चुग को मिल गया था। इसके उपरान्त 14 फरवरी 2024 को धर्मवीर पुत्र अमरनाथ की अग्रिम जमानत न्यायालय सहारनपुर द्वारा निरस्त कर दी गयी थी। उसके बावजूद भी पुलिस प्रशासन द्वारा धर्मवीर को समयावधि के अन्दर अरेस्ट नहीं किया गया तथा ना ही प्रशासन द्वारा 7 माह बीत जाने के बावजूद भी कोई भी चार्जशीट हाईकोर्ट में प्रस्तुत नहीं की गयी। डा. जितेन्द्र चुग द्वारा इस मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद अस्पताल के युवान की मृत्यु से सम्बन्धित समस्त दस्तावेज गोलमोल कर दिये गये तथा कूटरचना कर फेरबदल कर दिया गया। परिजनों एवं सर्वसमाज ने एसएसपी से मांग की कि इस मामले के दोषी चिकित्सक व उसके स्टॉफ के खिलाफ सख्त धाराओं में कार्यवाही की जाये तथा समय से पुलिस चार्जशीट न्यायालय में दाखिल करे अन्यथा सर्वसमाज सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होगा। सर्वसमाज के प्रतिनिधिमंडल मे सुखविन्दर सिह, अजबसिंह, रोहित राणा, शिव कुमार राणा, संदीप राणा, मोहित राणा, प्रदीप राणा, दुष्यन्त राणा, अनिता पुण्डीर, रजनीश राणा, अशोक राणा, राकेश राणा, आदि मौजूद रहे।

## तीन गौकशों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर अवैध शस्त्र व दो छूरे किये बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना नकुड़ ने जिला कारागार में निरुद्ध गौकशी करने के 03 अभियुक्तों को पुलिस कस्टड़ी रिमांड पर लेकर उनकी निशानदेही पर अवैध शस्त्र व 02 छूरे बरामद किए है। गौरतलब रहे कि 03 मई को कुछ गौकशों द्वारा ग्राम साल्हापुर के जंगल में गौकशी करते समय पुलिस ने मुठभेड़ में एक गौकश कलीम पुत्र हमीद कुरैशी उर्फमिटू उर्फमिड्डू गन्देवडा थाना फतेहपुर को गौकशी करने के उपकरण के साथ पकड़ लिया था और फरार चल रहे शाहनवाज पुत्र इरफान कुरैशी, रहमान पुत्र सलीम कुरैशी, शाहरूख पुत्र फैय्याज कुरैशी समस्त निवासीगण ग्राम गन्देवड़ा थाना फतेहपुर के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस के मुताबिक 13 मई को मुकदमा में वांछित अन्य अभियुक्तों न्यायालय सहारनपुर में आत्मसर्मपण कर दिया था। थाना नकुड़ के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आज 22 मई को थाना नकुड़ पुलिस टीम ने मुकदमा उपरोक्त के 03 अभियुक्त शाहनवाज पुत्र इरफान, रहमान पुत्र सलीम, शाहरूख पुत्र फैय्याज निवासीगण गन्देवडा थाना फतेहपुर को पुलिस कस्टडी रिमाण्ड पर लेकर पूछताछ की। अभियुक्त रहमान की निशानदेही पर ग्राम साल्हापुर के जंगल से घटना में प्रयुक्त 01 तमंचा, 01 खोखा 315 बोर व अभियुक्त शाहरुख व शाहनवाज की निशानदेही से एक-एक छूरा बरामद किया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त शाहनवाज व शाहरुख के विरुद्ध धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गई। पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि वह आस पास के क्षेत्र में जंगल में घूमते हुए अवारा गौवंशो को पकड़कर गौकशी करते हैं। 03 मई की रात्रि में भी वह चारों लोग सरसावा होते हुए नकुड़ रोड के पास साल्हापुर के जंगल में आये थे, तभी हमने सड़क किनारे घूम रहे एक गौवंश को पकड़कर रस्सी से बांध लिया और सड़क किनारे खेत में लाकर गौकशी की तैयारी कर रहे थे।

# सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की नई कार्यकारिणी गठित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी की बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संस्था के मुख्य कार्यकारी समिति सैक्टर अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व संस्था के विभिन्न विभागों की समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर सक्रिय वरिष्ठ नागरिकों का चयन किया गया। साथ ही संस्था की महिला विंग की भी घोषणा की गई। प्रताप मार्केट स्थित संस्था कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक में संस्था के संस्थापक के.एल. अरोड़ा ने सभी नये पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वरिष्ठ नागरिकों की यह संस्था और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करेगी तथा संस्था के सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में संस्था को आगे बढ़ते हुए वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण व समाज की जागरूकता हेतु कार्य करेंगे। अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा व महासचिव अनिल तलूजा तथा कोषाध्यक्ष संदीप शर्मा ने सभी नव चयनित पदाधिकारी के




नाम की घोषणा की, जिसमें संस्था की मुख्य कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर वाई.के. गुप्ता, राकेश शर्मा, आलोक अरोड़ा, सतीश शर्मा को नियुक्त किया गया। सह-सचिव पद पर मूलचंद आनंद, सुरेश ग्रोवर, एन.एम. जोशी, बलराम अहलूवालिया, सह-कोषाध्यक्ष अजय अत्री, आंतरिक ऑडिटर विजय अरोड़ा को नियुक्त किया गया। वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु गठित समस्त विभागों की समितियां के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पदों पर नगर निगम समिति में आर.के. जैन अध्यक्ष, वीरेंद्र बहल उपाध्यक्ष, सदस्यता चयन समिति में हरीश आहूजा अध्यक्ष आर.के. हांडा उपाध्यक्ष, अनुशासन समिति में डॉ.एस.के. अग्रवाल, सी.पी. छाबड़ा, जी.एल. जसूजा, यशपाल मलिक, इंडोर गेम्स में आर.पी. शर्मा अध्यक्ष, प्रवेश धवन, अखिलेश भार्गव, संस्कृत कार्यक्रम समिति जी.एल. जसूजा, लीगल सेल समिति अशोक श्रीवास्तव, गीता चटर्जी, स्वास्थ्य समिति में आर.के. हांडा, मनजीत सिंह अरोड़ा, परिवार परामर्श समिति में प्रेम छोकरा, हरजीत सिंह, रेलवे ट्रांसपोर्ट समिति में आर.सी. शर्मा, मनजीत सिंह काला, देवेंद्र कुमार, सहारनपुर विकास प्राधिकरण समिति में सुभाष चंद्र, राजेंद्र कुमार, विद्युत विभाग में डॉ मोहनलाल गुप्ता, योग में शिवराम शर्मा, मदन सिंह, सोशल वेलफेयर सोसाइटी कैप्टन टी.एस. चन्नी, एस.के. लूथरा, जे.एस. बाजवा, सुरेश ग्रोवर, टूरिज्म समिति में अनिल डांग, गजेंद्र वधवा, अनिल कुमार अरोड़ा, परिचय परिणाम समिति में राज्यपाल सिंह, रामकृष्ण अरोड़ा को नियुक्त किया गया।

महिला विंग में श्रीमती सुनीता मलिक, उषा शर्मा, सुमन बाला गुप्ता, सुरजीत गंभीर, डॉ किरण चावला, अलका अग्रवाल, अनुपम महाजन, अमरजीत कौर, बलबीर कौर चन्नी, सुषमा लूथरा, सरोज गोयल, अमिता तलूजा, परमजीत बोपाराय, गीता अरोड़ा, किरण रानी अरोड़ा, नीलम ग्रोवर, माधुरी डंग, पूनम गुप्ता आदि के नाम की घोषणा की गई। कार्यक्रम में महेश नारंग, हरपाल सिंह, हरजीत सिंह, मोहनलाल, शिवराम, मदन गोपाल, विनय राय अग्रवाल, राजेंद्र सिंह चौधरी, धर्मपाल, अशोक खन्ना, सुरेश कुमार, सुखबीर सिंह, सुरेश चंद, आदि उपस्थित रहे।

# हम प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे : धर्मपाल सिंह

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय सुल्तानपुर में लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों के साथ बैठक में बूथ प्रबंधन की रणनीति साझा की। प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ प्रबंधन से प्रत्येक बूथ पर अभेद्य व्यूह रचना तैयार करना है। माइक्रो मेनेजमेन्ट के साथ बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों को लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जुटना है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार तक परिवार पर्ची, वोटर पर्ची तथा मोदी जी का पत्र अवश्य पहुंचाने का काम करना है। घर-घर पहुंचकर अवश्य मतदान और भाजपा के लिए मतदान के लिए जनजागरण अभियान चलाना है। अबकी बार 400 पार और उत्तर प्रदेश में 80 इस बार का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अथक परिश्रम करना है। मतदान के दिवस की पूर्ण तैयारी के साथ मतदान सम्पन्न होने तक मजबूती से बूथ पर डटे रहना है। हमारा लक्ष्य हर बूथ पर पिछले चुनाव से 370 अधिक वोटों को भाजपा से जोड़ने का है। श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की योजनाओं व ऐतिहासिक निर्णयों को हर घर तक पहुंचाने का काम करना है। वातावरण भाजपा के अनुकूल है और हम प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे है। भाजपा का परिश्रमी कार्यकर्ता प्रत्येक लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम है। बूथ विजय की रणनीति के साथ पन्ना की मजबूत संरचना से विजय का लक्ष्य प्राप्त होगा। प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस, सपा व बसपा देश के 80 करोड़ लोगो तक पहुंचने वाले राशन को भ्रष्टाचार व कमीशनखोरी करके खुद हजम करना चाहते हैं। कांग्रेस तथा सपा पिछड़ों और अनुसूचित वर्ग से आरक्षण को छीन कर मुसलमानों को देना चाहते है और झूठ व भ्रम फैलाकर वातावरण

- मतदान के दिवस की पूर्ण तैयारी के साथ मतदान सम्पन्न होने तक मजबूती से बूथ पर डटे रहना है

प्रभावित करने के लिए हथकंडे अपना रहे है। लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में सभी को न्याय, सभी के लिए घर, जल, पढ़ाई, दवाई, सुरक्षा व सम्मान के साथ विकसित भारत की गारंटी दी है। संविधान की मजबूती, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के मार्ग पर चलते हुए पिछड़ों और अनुसूचित जाति के आरक्षण के रक्षा की भी मोदी जी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि यह सभी मोदी जी की गारंटी लेकर हमें प्रत्येक बूथ तथा प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि हमें विपक्ष के षडयंत्रों को विफल करके हर बूथ पर कमल खिलाना है।

## चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के पांचवें दिन मरदानपूरा टीम जीती

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन -3 के पांचवें दिन मरदानपूरा (इटावा) और मधुपूरा (भिंड) टीम और बीच कड़ा मुकाबला हुआ। मधुपूरा टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। मधुपूरा टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 11.3 ओवर में 91 रन बनाकर आल आउट हो गयी। मधुपुरा टीम के खिलाड़ी मोहन ने 2 छक्के 1 चौके की मदद से सर्वाधिक 20 रन बनाने के साथ 2 विकेट झटके। जवाब में उतरी मरदानपुरा टीम 5.2 ओवर में 5 विकेट के नुकसान से जीत हासिल की। मरदानपुरा टीम के खिलाड़ी साकेत ने 3 छक्के 1 चौके की मदद से 25 रन बनाने के साथ 2 विकेट लिए। मरदानपुरा टीम के खिलाड़ी साकेत को मैन ऑफ द मैच ट्राफी मीना देवी और अपर्णा मिश्रा ने संयुक्त रुप से प्रदान किया। एम्पायर की भूमिका प्रदीप भदौरिया और प्रांशु ने निभाई. आंखों देखा विवरण सौरभ परिहार सुनाया।

# हर छात्र-छात्रा अपने आसपास के दस लोगों को नशा छोड़ने के लिए करें प्रेरित: नारंग

अवधनामा संवाददाता




**पीलीभीत।** लिटिल एंजेल्स स्कूल में आज सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से नशा मुक्ति भारत अभियान हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, यह कार्यशाला पीलीभीत के जिलाधिकारी के निर्देशन में विशेषज्ञ रितु नारंग द्वारा आयोजित कराई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर संजीव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन सी पाठक, उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा आदि के द्वारा रितु नारंग जी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मान के साथ हुआ। रितु नारंग जी ने अपने संबोधन में सभी छात्र-छात्राओं का आवाहन किया कि हर छात्र-छात्रा अपने आसपास के 10 लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें यदि वह इस प्रकार करते हैं तो निश्चित हमारा समाज नशा मुक्त हो जाएगा, साथ ही इन्होंने नशे की प्रवृत्ति बढ़ने के साथ-साथ समाज में बढ़ते अपराधों के बारे में भी चिंता जताई ।

**संदेश**

- नशा मुक्ति भारत अभियान के लिए कार्यशाला का आयोजन
- नशे की प्रवृत्ति बढ़ने के साथ-साथ समाज में बढ़ते अपराधों के बारे में भी जताई चिंता

कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं एवं अध्यापक-अध्यापिकाओं ने शपथ ग्रहण की, कि अपने आसपास नशा मुक्ति माहौल बनाएंगे अंत में प्रधानाचार्य एन सी पाठक ने अपने संबोधन में विशेषज्ञ रितु नारंग जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के द्वारा आयोजित की जाने वाली यह कार्यशाला बहुत ही महत्वपूर्ण है और हम सब इसमें प्रतिभाग करके अपने समाज को एक बेहतरीन माहौल देने की कोशिश कर सकते हैं।

## कार नहर में गिरने से महिला की मौत

**बरेली।** बरेली के नवाबगंज थाना क्षेत्र में पीलीभीत हाईवे पर इनायतपुर गांव के पास कार नहर में गिरने से महिला की मौत हो गई। वहीं, पति और बेटा घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। उत्तराखंड के जनपद चंपावत के बनबसा थाना क्षेत्र के गांव पनपोखड़िया निवासी किशन चंद का बेटा नितिन जयपुर के एक कॉलेज में बीटेक का छात्र है। ग्रीष्मकालीन अवकाश होने पर किशन चंद, पत्नी किरन चंद के साथ बेटे को कॉलेज से घर लेकर जा रहे थे। बरेली-पीलीभीत हाईवे पर जैसे ही वह इनायतपुर गांव के पास पहुंचे, कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी।

वहां से गुजर रहे राहगीरों ने नहर में छलांग लगाकर उनको बाहर निकाला। दम घुटने की वजह से किरन चंद की मौत हो गई। किशन चंद और नितिन को भी कई जगह चोटें आई हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इसके बाद कार को नहर से निकलवाया गया।

## सीसीएसयू के उर्दू विभाग में युवाओं का मुशायरा का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता

**मेरठ।** उर्दू विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय और इंटरनेशनल यंग उर्दू स्कॉलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम अदबनुमा के अंतर्गत के शब्द थे। ढ्ढ्र) वह युवाओं का मुशायरा में अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रसिद्ध लेखक और कवि आरिफ नकवी ने कहा कि इस समय जब पूरा विश्व अंगारों से लिपटा हुआ है ऐसे में आज के मुशायरे में इतनी सारी खूबसूरत कविताओं ने कानों में रस घोलने का काम किया है।

कार्यक्रम की शुरुआत सईद अहमद सहारनपुरी ने कुरान की तिलावत से की। उर्दू द्वितीय वर्ष की छात्रा फरहत अख्तर ने नात प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में आयुसा की अध्यक्षा प्रो. रेशमा परवीन, सुप्रसिद्ध शायर अलीना अत्रात ने भाग लिया, जबकि अन्य शायरों में इरफान आरिफ, जम्मू, डॉ. फरमान चौधरी, दिल्ली, शाकिर इस्लाही, इश्तियाक अजीम, शेख आरिफ, नसीम अख्तर, जफर ताबिश, ज़विश जहांगीर शामिल थे। डॉ. इरशाद स्यानवी एवं शोधार्थी सैयदा मरियम इलाही ने संचालन एवं आभार डॉ शादाब अलीम ने किया। इस अवसर पर अपनी राय व्यक्त करते हुए उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो असलम जमशेदपुरी ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारा उद्देश्य युवा छात्रों को एक मंच देना है। कई युवा कवि जो इस कार्यक्रम में भाग नहीं ले सके उन्हें इस कार्यक्रम के भाग दो में शामिल किया जाएगा। प्रो रेशमा परवीन ने कहा कि कविता हमारे दिल की आवाज है। जिन कवियों ने यहां अपने शब्द प्रस्तुत किये, उनके शब्दों में हृदय की भावनाएं भी समाहित थीं, इसलिये हम उन्हें हृदय से सुन रहे थे। उनकी वाणी में ध्वनि का जादू था। कार्यक्रम में डॉ. आसिफ अली, डॉ. अलका वशिष्ठ, डॉ. इरशाद सयानवी, मुहम्मद शमशाद, सईद अहमद सहारनपुरी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# उरगांव के ग्रामीण भीषण गर्मी में पानी की बूंद-बूंद को मोहताज



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** उरगांव के ग्रामीण इस भीषण गर्मी में पानी की बूंद बूंद को हुए मोहताज। एक सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी के दरबार में गुहार लगाते हुए एक ज्ञापन सौंपते हुए इस भीषण गर्मी में पानी जैसी विकराल समस्या का हल किए जाने की मांग की। तहसील क्षेत्र के ग्राम उरगांव निवासी कृष्ण कुमार द्विवेदी, कैलाश श्रीवास्तव, रीना देवी, खुशी दीक्षित, अनुष्का द्विवेदी, नैंसी, दिव्या, गोलू तिवारी ,उमा देवी, कमलेश कुमार, मंगल सिंह, छुन्न विश्वकर्मा, बृजेश कुमार, राम सजीवान, शिवकुमार आदि एक सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी अतुल कुमार के दरबार में गुहार लगाते हुए एक ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि एक सप्ताह से ग्रामीण पानी की बूंद के लिए मोहताज हैं। इससे पूर्व गांव में पानी की सप्लाई एक सरकारी ट्यूबवेल से होती थी लेकिन अब न जाने ऐसी कौन सी समस्या आ गई है कि उन्हें पानी की सप्लाई नहीं मिल पा रही है । ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग इस समस्या के निदान के लिए पहले ग्राम प्रधान तथा सचिव के पास गए तो वह भी यह समस्या का निदान नहीं कर पाए। प्रधान प्रतिनिधि रामकेश कुशवाहा ने बताया कि गांव में 2 इंची पाइप लाइन डली हुई हैं और लोग अपने-अपने घरों में टिल्लू पंप लगा कर पानी की सप्लाई करते हैं।जिसके ईश्वर पहले है वह जब तक टिल्लू लगा कर पानी भरते हैं तब तक पानी आगे नहीं जा पाता है, टिल्लू पंप पानी की समस्या उत्पन्न कर रहे हैं ट्यूबवेल सुचारू रूप से पानी दे रहा है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुअक्किल आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक, लखनऊ, द्वारा अपने ग्राहक श्री आनन्द कुमार एवं श्रीमती सुलेखा ने एक सम्पत्ति एक किता भूखण्ड रकबा 900 वर्गफिट जो भूमि खसरा संख्या- 1047 का अंश है स्थित- कनौसी, वार्ड- केसरीखेड़ा, जिला- लखनऊ को उसकी वर्तमान स्वामिनी श्रीमती पेमा देवी शुक्ला से क्रय करने हेतु आवासीय ऋण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। उक्त सम्माति की पूर्व श्रृंखला से सम्बन्धित मूल विक्रय पत्र दिनांकित 24.10.1988 जो श्री कृपा शंकर शुक्ला के पक्ष में निष्पादित है जो पुस्तक सं0-1, जिल्द सं0-3570 के पृष्ठ सं0-81 से 82 पर क्रम सं0-228/1990 के रूप में दिनांक 03.02.1990 को निबन्धित है, उनके अनुसार कहीं खो गया है। यदि किसी व्यक्ति व संख्या को इस प्रस्तावित बंधक किये जाने के विरुद्ध कोई आपत्ति हो, तो उस आपत्ति के विधिक आधार एवं साक्ष्यों के साथ मुझसे 7 दिन के अन्दर संपर्क कर सकता है। उक्त अवधि में कोई विधिक व पोषणीय आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे मुअक्किल द्वारा उक्त ऋण प्रदान किया जायेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर मेरे मुअक्किल का विधिक प्रभार होगा।

**(एम.एम. सिद्दीकी)**
**एडवोकेट**
**मो0 8896584050**
**कार्यालयः भूतल, मक्का मंजिल, बी0एन0 रोड, लालबाग, लखनऊ।**

**सूचना**

मैं जिन्दा हसन पुत्र रफीक अहमद निवासी लाल मस्जिद मकान नं.4 हबीब कालौनी थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर सभी को सूचित कर रहा हूं कि मेरे पुत्र फरमान व उसकी पत्नि श्रीमति गुल्शाना का आचरण हमारे लिए अच्छा नहीं है लगातार गाली गलौच और झगड़ा कर ते रहते हैं पुत्र फरमान अपने हिस्से में मिली संपत्ति खुर्द बुर्द कर चुका है अब मेरी संपत्ति को हड़पना चाहता है दोनों की संगत भी बहुत गलत है इसलिए विवश हो कर मैने दोनों से कुल संबंध विच्छेद कर उनको अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है उनके साथ मेरा या परिवार का कुछ वास्ता नहीं रहा है किसी भी कार्य और लेन देन हेतु दोनों खुद ज़िम्मेदार होंगें।

**सूचना**

नोटिस बाबत प्रकीर्ण आवेदन अन्तर्गत धारा 8 दि हिन्दू माईनोरिटी एण्ड गार्जियनशिप एक्ट 1956 न्यायालय मा.जनपद न्यायाधीश सहारनपुर।प्रकीर्ण वाद संख्या 75 सन 2024 श्रीमति कविता पत्नी स्व. श्री रजनीश आयु लगभग 38 वर्ष निवासी ग्राम ताहरपुर, तह. व जि. सहारनपुर (प्राकृतिक संरक्षिका व माता हकीकी नाबालिगान) प्रार्थीया .....बनाम.....1- नरेन्द्र कुमार पुत्र समुंद्र सिंह (चाचा, नाबालिगान) 2-रविन्द्र कुमार पुत्र समुद्र सिंह (चाचा, नाबालिगान) निवासीगण ग्राम ताहरपुर, परगना, तहसील व जिला सहारनपुर। 3- आम जनता. विपक्षीगण .....चूँकि उपरीनामांकित श्रीमति कविता पत्नी स्व. श्री रजनीश ने न्यायालय मे अन्तर्गत धारा 8 दि हिन्दू माईनोरटी एण्ड गार्जियनशिप एक्ट 1956 आवेदन किया है कि प्रार्थीया को उसकी अव्यस्क पुत्री कु. तानिया व पुत्र मास्टर प्रियांशु, पुत्री व पुत्र स्व0 श्री रजनीश निवासी ग्राम ताहरपुर, परगना, तहसील व जिला सहारनपुर की प्रार्थना पत्र में वर्णित प्रश्नगत मिलकियती सम्पत्ति को बेचने की अनुमति एवं स्वीकृति प्रदान की जाये। अतएव आपको एदत द्वारा चेतावनी दी जाती है की आप 24-05-2024 को उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 11 बजे दिन मे स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। आज 22.5.202 को ह. और न्या. की मुद्रा सहित जारी हुआ।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी ज़िला जजी, सहारनपुर**

# मतदान कर्मियों के ट्रेनिंग में 30 गैरहाजिर पर केस

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** लोक सभा समान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष, एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन में लगे मतदान कर्मिको का द्वितीय प्रशिक्षण का दूसरा दिन स्नातकोत्तर महाविद्यालय पी जी कालेज गोराबाजार गाजीपुर में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रथम एवं द्वितीय पाली में 1320-1320 (2640) मतदान कार्मिको को मास्टर टेनरो द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्रथम पाली प्रात 9.00 बजे से 12.30 बजे तक द्वितीय पाली में अपरान्ह 02.00 बजे से 5.30 बजे तक कुल 33 कक्षों में ई0वी0एम0 की सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक जानकारी प्रत्येक कक्ष में प्रोजेक्टर/लैपटाप के माध्यम से पी0पी0टी0 चलाकर प्रशिक्षण दिया गया। मतदान दिवस दिनांक 01.06.2024 को प्रातः 07.00 बजे से सायं 6.00 बजे के मध्य सम्पन्न होगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रथम पाली में 15 एवं द्वितीय पाली में 15 कुल 30 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। प्रभारी कार्मिक अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिसके क्रम में 21 मई को रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा वोटर फेसिलिटेशन सेन्टर पर निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारी/अधिकारी के द्वारा पोस्टल बैलेट से द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान मतदान कराया जा रहा है। मतदान पोस्टल बैलेट के माध्यम से अधिकारियों/कार्मिको द्वारा प्रशिक्षण के दौरान मतदान किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, जिला विकास अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर, ए0आर0ओ0सदर एवं जंगीपुर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सपा छोड़ बीजेपी में शामिल हुए ऐनुद्दीन अहमद

अवधनामा संवाददाता






- सपा में कार्यकर्ताओं की कोई इज़्ज़त नहीं : अहमद
- 15 सालो से पार्टी के लिए ईमानदारी से काम किया
- बीजेपी में सभी कार्यकर्ताओं को बराबर का सम्मान दिया जाता है

**लखनऊ।** हाल ही में समाजवादी पार्टी से नाराज़ चल रहे वरिष्ठ नेता एनुद्दिन अहमद ने बीजेपी का दामन थाम लिया,वो पिछले 15 सालो से सपा से जुड़े थे वो दो बार विधानसभा उपाध्यक्ष और दो बार विधानसभा अध्यक्ष भी रह चुके हैं। सपा छोड़ बीजेपी में शामिल हुए श्री एनुद्दीन अहमद ने हमे बताया कि वो समाजवादी पार्टी के साथ पिछले 15 सालो से जुड़े रहे और पूरी ईमानदारी के साथ उन्होंने पार्टी की सेवा की,लेकिन पार्टी में उनकी कोई वैल्यू नही,साथ ही उन्होंने बताया कि पार्टी में निचले स्तर के कार्यकर्ताओं की भी कोई इज़्ज़त नही। श्री अहमद ने पार्टी छोड़ने की वजह बताते हुए कहा कि नगर पालिका चुनाव के दौरान उनपर कुछ परेशानियां आ गई जिसकी सूचना उन्होंने पार्टी कार्यालय और नेताओ को दी,इस उम्मीद से की पार्टी उनकी मदद करेगी,लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ किसी ने उनकी मदद नहीं की और इसी बात से नाराज़ और दुखी होकर मैने समाजवादी पार्टी को छोड़ने का फैसला लिया। श्री अहमद ने बताया कि ये सिर्फ मेरे साथ ही नहीं हुआ उन्होंने बताया मेरे दोस्त शकील सिद्दीकी उस समय विधानसभा अध्यक्ष हुआ करते थे और उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी समाजवादी पार्टी की सेवा में गुजार दी जब उन पर मुसीबत आई तो वो पार्टी के मुखिया से मिलना चाहते थे लेकिन वो नहीं मिले जिसका उन्हें बहुत दुख हुआ और कुछ समय बाद उनका देहांत हो गया। उन्होंने बताया ऐसा ही मामला उनके एक और दोस्त आर जे भारती के साथ भी हुआ उन्होंने भी अपनी पूरी जिंदगी सपा पार्टी की सेवा में गुजारी,और जब अपनी बेटी की शादी के लिए उन्होंने पार्टी से मदद मांगी तो वहा से न तो कोई मदद मिली न ही कोई नेता शादी में आया जिसका उन्हें बहुत दुख हुआ और कुछ समय बाद हार्टअटैक उनकी भी मौत हो गई। श्री अहमद ने कहा कि हर कार्यकर्ता पार्टी के साथ इसलिए छुड़ता है कि वो पार्टी के लिए खुलकर काम कर सके और जब उसपर कोई अच्छा या बुरा वक्त पड़े तो पार्टी उसके साथ खड़ी रहे,लेकिन सपा में ऐसा नही है। श्री अहमद ने बताया कि बीजेपी में शामिल होने की मेरी यही वजह है कि बीजेपी में सभी कार्यकर्ताओं को बराबर का सम्मान दिया जाता है यहां हर धर्म के लोगो को एक नज़र से देखा जाता है और जो काम सपा सरकार में नही हुआ वो बीजेपी सरकार में हो रहा है चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो,फ्री राशन हो,आयुष्मान कार्ड हो,शिक्षा हो या फिर गरीबों को आवास बनाने के लिए ढाई लाख की मदद जैसी सेवाए हो बीजेपी सरकार में ये सभी सेवाए सभी धर्म के लोगो तक पहुंच रही है और सभी इसका लाभ उठा रहे हैं,और यही वजह है कि बीजेपी हर चुनाव में बढ़त हासिल करती है।

**सूचना**

मैं मौ. इरफान पुत्र मौ. रशीद निवासी मौहल्ला सडक पार करवा थाना बेहट जिला सहारनपुर सभी को सूचित कर रहा हूं कि मेरा पुत्र 1- अब्दुल्ला पुत्र मौ. इरफान 2- श्रीमति आफरीन पत्नि अब्दुल्ला निवासी मौहल्ला सडक पार थाना बेहट जिला सहारनपुर का आचरण मेरे साथ और परिवार के साथ अच्छा नहीं है दोनों की नियत व संगत भी गलत है इसलिए विवश हो कर मैने दोनों से कुल संबंध खत्म कर उनको अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में किसी भी कार्य और लेन देन हेतु दोनों खुद ज़िम्मेदार होंगें।

**मो. इरफान**

# सौंपे गए दायित्वों को निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करें : जिलाधिकारी

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** उदित नारायण इंटर कॉलेज पडरौना में मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 26 मई 2024 तक चलेगा, का तृतीय दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मतदान कार्मिकों के चल रहे प्रशिक्षण स्थल का स्थलीय निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी कार्मिकों को सौंपे गए दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करने सहित आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लेने की अपेक्षा की। कहा कि पूरा जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष, विश्वसनीय ढंग से तथा पारदर्शी, शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा केवल एक ही उद्देश्य है कि चुनाव के दौरान सभी मतदाताओं के लिए निष्पक्ष एवं स्वतंत्र माहौल प्रदान करना जिससे कि वह घर से निकलकर मतदान अवश्य करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक दिवस 1664 कार्मिकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। एक पार्टी में चार मतदान कार्मिक थे। पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय, एवं मतदान अधिकारी तृतीय। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई। सभी कमरों में सामान्य प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर व ईवीएम से संबंधित प्रशिक्षक द्वारा विस्तारपूर्वक मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया। मतदान कार्मिकों के लिए पोस्टल बैलट सुविधा केंद्र पर पोस्टल बैलेट से मतदान की भी व्यवस्था की गई है, जिसमें मतदान कार्मिकों द्वारा पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान भी किया गया।

- प्रशिक्षण स्थल का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

## छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर 25 को मतदान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में छठे चरण के अंतर्गत प्रदेश की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 25 मई, 2024 (शनिवार) को मतदान होगा। छठे चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 146 पुरूष तथा 16 महिला प्रत्याशी हैं। वहीं, बलरामपुर जनपद की 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 07 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-126 के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में अर्थात् कल 23 मई, 2024 को सायं 06 बजे से छठे चरण के सभी 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए भी चुनाव प्रचार-प्रसार संबंधी समस्त गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा।

# पाइप लाइन लीकेज होने से हजारों लीटर पानी बर्बाद

अवधनामा संवाददाता

- जलसंस्थान में शिकायत करने के बाद भी नहीं हो रही है सुनवाई
- पाइपलाइन से पानी बहने के कारण पाइपलाइन में प्रेशर नहीं बन रहा है

**उरई (जालौन)।** जनपद के जालौननगर में अलग अलग जगहों पर पानी की पाइप लाइन लीकेज होने से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद होकर सड़क पर बह रहा है। जलसंस्थान में शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है।

नगर के मोहल्ला मुरली मनोहर में जलसंस्थान की पेयजल आपूर्ति के लिए लाइन बिछी हुई है। इसी प्रकार चुर्खी रोड स्थित बालाजी मंदिर से औरैया मार्ग की ओर पाइप लाइन बिछाई गई है। उक्त पाइप लाइन करीब एक माह से ज्यादा समय से लीकेज है। लीकेज पाइप लाइन से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद होकर सड़क पर बह रहा है। पाइपलाइन से पानी बहने के कारण पाइपलाइन में प्रेशर नहीं बन रहा है। जिससे लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। मोहल्ले के लक्ष्मीकांत, ललित, अरविंद कुमार, शिवराम जाटव, अशफाक आदि ने बताया कि उक्त लीकेज पाइप लाइन को दुरूस्त कराने के लिए वह कई बार जल संस्थान में शिकायत कर चुके हैं। लेकिन अभी तक पाइप लाइन दुरूस्त नहीं की जा सकी है। एक ओर जहां सरकार जल संरक्षण पर जोर दे रही है। तो दूसरी ओर जल संस्थान पानी की बर्बादी को रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहा है। मोहल्ले के लोगों ने आला अधिकारियों से लीकेज पाइप लाइन को दुरूस्त कराने की मांग की है। उक्त संदर्भ में जेई आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि कर्मचारियों की कमी के चलते लीकेज ठीक होने में समय लग जाता है, लीकेज ठीक कराए जा रहे हैं।

**सूचना**

न्यायालय मा प्रथम एडिशनल सिविल जज सी.डि. सहारनपुर नम्बर मुकदमा 246 सन 2019 तनवीर हसन आदि बनाम शमशुल हक बनाम...1- शमशुलहक पुत्र श्री जीशान अहमद (मरहूम), 2- श्रीमति करीम फात्मा बेवा एतुलहक मृतक दौरान मुकदमा, 3- इनामुलहक, 4 अमानुलहक, 5- मोइनुलहक, 6-निजामुलहक, 7- फरहानउलहक 8-सोनिया पुत्र व पुत्रीगण स्व0 एनुलहक, असल व वारिस प्रतिवादनी संख्या-2, निवासीगण मोहल्ला मेहन्दी सराये गली नं0-7, सहारनपुर।- प्रतिवादीगण हरगाह वादीगण ने आपके नाम एक नालिश बाबत ड़िकी तकसीम हेतु दायर किया है कि लिहाजा आपको हुकम होता है कि आप बतारीख 27 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे उसी रोज़ जुमला गवाह और दस्तावेज़ जवाबदेही में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा। मेरे दस्तावेज और मुहर अदालत के आज 21.5.24 को जारी।

**आज्ञा से मुंसरिम**
**प्रथम एडिशनल सिविल जज सीडी सहारनपुर**

अवधनामा



# मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने किया भरत कुंड व भरत गुफा का निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद् सन्तोष कुमार शर्मा



द्वारा भरत कुंड और भरत गुफा का निरीक्षण धीरज श्रीवास्तव संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ किया गया। निरीक्षण के समय उ0प्र0 परियोजना निगम के परियोजना प्रबंधक विनय कुमार जैन, सहायक परियोजना प्रबंधक राजेष कुमार सिंह, अवर अभियंता ए0पी0सिंह व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उ0प्र0 परियोजना निगम द्वारा भरत कुड स्थल पर कराये गये कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय उ0प्र0 परियोजना निगम के परियोजना प्रबंधक द्वारा बताया गया की चौरासी कोस परिक्रमा के अन्तर्गत 8 स्थल दुग्धेश्वर कुंड, दशरथ समाधि, भरत कुंड आदि के कार्य की स्वीकृति शासन द्वारा 20.56 करोड़ रू0 की हुई थी। स्वीकृत कार्यो में से 6 कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं शेष 2 कार्य करना बाकी है। कार्यदायी संस्था यू0पी0पी0सी0एल0 द्वारा भरतकुंड पर एक शौचालय, अतिथि विश्राम गृह तथा सीढियों का निर्माण कराया गया है शेष परियोजना का कार्य प्रगति पर है। भरत कुण्ड पर एक शेड तथा कुछ अन्य कार्य करना शेष है। परियोजना प्रबंधक द्वारा बताया गया कि अवशेष कार्य दो माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। भरत कुंड और भरत गुफा पर यात्री सुविधा के दृष्टिगत पार्किंग,सौन्दर्य विकास, प्रकाश और ध्वनि प्रणाली, वाटर पिकिंग कुंड के चारो तरफ घाट के निर्माण, कुंड के बीच में राम भरत मिलन के मूर्ति स्थापित करने और तालाब के पानी को साफ करने पर विचार विमर्श किया गया परियोजना प्रबंधक को अवशेष कार्य दो माह में पूर्ण करने एवं इसके अतिरिक्त यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत क्या कार्य कराए जा सकते हैं और उन पर भी विचारोपरान्त कार्य का नाम और उनमें होने वाली अनुमानित लागत बताएं जाने और अवशेष कार्य जून माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन का द्विवर्षीय अधिवेशन संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन उ.प्र. शासन अयोध्या शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन चुनाव विवादो के बीच हुआ सम्पन्न । बुधवार को सीएमओ कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित अधिवेशन के दौरान संगठन का कार्यक्रणी के पुनर्गठन को लेकर कुछ सदस्य ने आपत्ति दर्ज कराते हुए विधि पूर्वक चुनाव कराने की मांग उठाई जिसे लेकर सभागार में जमकर हंगामा हुआ। इसके बाद प्रांतीय अध्यक्ष ने सदस्यों को शांत कराते हुए कहां कि आगामी जुलाई माह में अध्यक्ष के एस चौधरी संयुक्त परिषद के पद से इस्तीफा देंगे जिसके बाद डीपीआरओ का चुनाव कराया जायेगा जिस पर जिसकी सहमति के बाद सभी पदों पर निर्विरोध घोषित कर दिया गया।



मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष डॉ जी के सचान व प्रांतीय महामंत्री अरविंद जी व प्रांतीय सचिव प्रदुम सिंह मंडल अध्यक्ष बी एन आर्या मंडलीय सचिव नरेंद्र वर्मा व संरक्षक आर के सिंह की देख रेख में संपन्न हुआ

# मूक बधिर बच्चों के द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता अभियान रैली

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** बीकापुर तहसील अंतर्गत ग्राम बैंती कला स्थित अवाम स्पेशल टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज व अवाम स्पेशल स्कूल द्वारा संचालित एवं वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में आज मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम लोकसभा सामान्य निर्वाचन2024 विद्यालय प्रांगण में रैली निकाल कर किया गया जिसमें मूक-बधिर एवं मानिक मंदित बच्चों ने गांव में शत् प्रतिशत मतदान करने हेतु जन जन तक अपनी आवाज पहुंचाई। बच्चों ने वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, पहले मतदान फिर जलपान जैसे नारों से लोगों का ध्यान मतदान के प्रति आकर्षित किया ?। बच्चों के साथ ही विद्यालय के अध्यापक एवं अवाम स्पेशल टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज व अवाम स्पेशल स्कूल के प्रबंधक बिस्मिल्लाह खान भी रैली में मौजूद रहे तथा बच्चों , अभिभावकों व ग्रामीण वासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया ?।



# भरत- हनुमान मिलन मंदिर पर पाठ और यज्ञ का आयोजन

**बीकापुर- अयोध्या ।** नंदीग्राम भरत कुंड के भारत - हनुमान मिलन मंदिर पर रामचरितमानस पाठ का आयोजन बुधवार को विधिवत पूजन - अर्चन- वंदन के बाद शुरू हुआ है।, वैशाख शुक्ल पक्ष के पुर्ण वासी को यज्ञ होने के लिए बुधवार को मानस पाठ की शुरुआत में ही स्थानीय लोगों के साथ यात्रा में आए यात्री भी मानस पाठ से प्रसन्न होकर भक्ती के रस से सराबोर होकर मंदिर प्रांगण में थिरकने लगे हैं। उक्त मंदिर के प्रमुख पुजारी संत परमात्मा दास के देख- रेख में नित्य- प्रति धार्मिक अनुष्ठान होते रहते हैं। जिससे मंदिर में भक्तों के आते ही उनकी आत्मा में प्रभु राम और भाई भरत का चरित्र चलचित्र की तरह चलने लगता है। उक्त आयोजन पर एकत्र भीड़ को गुरुवार को होने वाली यज्ञ में आहुति डालने के लिए सभी लोगों को सुबह समय से यज्ञ स्थल पर आने के लिए आमंत्रित किया है।

## ग्रीष्म कालीन शिविर में शास्त्रीय वाद्यो की बच्चों ने सीखी बारीकियां

**सहारनपुर।** स्माल वंडर्स एवं स्पर्श के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ग्रीष्म कालीन शिविर कत्थक नृत्यांगना यामिका महेश ने आज प्रतिभागी बच्चों को तत्कार एवं तीन ताल की बारीकियों को समझाया। स्माल वंडर्स स्कूल में आयोजित ग्रीष्म कालीन शिविर की आयोजक शैफाली ने बताया कि शिविर में कत्थक के शुद्ध रूप को बच्चे अच्छे तरीके से समझ रहे है। उन्होंने कहा कि भारतीय शास्त्रीय वाद्य आज युवाओं तक नहीं पहुंच पा रहे है। इसलिए स्पर्श संस्था प्रयास कर रही है कि हमारी युवा पीढ़ी को शास्त्रीय वाद्यों सरोद,सितार, बांसुरी, संतूर, सारंगी, इसराज को समझने और सीखने का अवसर मिल सके। उन्होंने बताया कि वाद्यों को सही तरीके से पकड़ना और उसके लिए एक विशेष आसान में बैठना अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है।

# खिलखिलाकर मुस्कुराएगा बचपन निःशुल्क उपचार के लिए 28 मई से 31 मई तक निःशुल्क पंजीकरण शिविर का होगा आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ की ओर से ऐसे बच्चों जो जन्मजात कटे होंठ या ताल्लू चुपके पैदा हुए हैं ऐसी विकृति वाले बच्चों का निशुल्क इलाज करने के लिए बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सुविधा मैया कराई जा रही है इसके लिए अयोध्या जनपद में चार दिवसीय पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। अब जन्म से कटे होंठ और कटे तालू वाले बच्चे भी खिलखिलाकर मुस्कुरा सकेंगे। बच्चों की इस जन्मजात विकृति को दूर करने के लिए स्माइल ट्रेन संस्था द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से कटे होंठ एवं कटे तालू के मरीजों का निःशुल्क पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन जिले के साथ-साथ ब्लॉकों में भी किया जाएगा। यह जानकारी बुद्धवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन ने दी। उन्होंने बताया कि रुदौली, मवई एवं खण्डासा ब्लॉक के मरीजों का पंजीकरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली में 28 मई को मिल्कीपुर, हैरिंग्टनगंज एवं तारुन ब्लॉक के मरीजों का पंजीकरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर में 29 मई को,मसौधा, सोहावल, बीकापुर, मया बाजार एवं पूराबाज़ार ब्लॉक के मरीजों का पंजीकरण जिला चिकित्सालय (पुरुष ) जनपद अयोध्या में 30 मई एवं समस्त ब्लॉक व शहरी क्षेत्र के छूटे हुए मरीजों का निःशुल्क पंजीकरण जिला चिकित्सालय (पुरुष ) जनपद अयोध्या में 31 मई को प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक लगाया किया जाएगा। सीएमओ ने ऐसे बच्चों के अभिभावकों के साथ-साथ आमजन से अपील करते हुए कहा कि ऐसे बच्चे यदि आपके

घर में या आसपास हैं, तो उनका पंजीकरण अवश्य कराएं और बच्चों को उनके चेहरे पर मुस्कान देने में विभाग का सहयोग करें। पंजीकृत मरीजों का सम्पूर्ण इलाज हेल्थ सिटी हॉस्पिटल लखनऊ में डॉ वैभव खन्ना प्रोजेक्ट डायरेक्टर स्माइल ट्रेन प्लास्टिक सर्जन एवं डॉ आदर्श कुमार सीनियर प्लास्टिक सर्जन के द्वारा निःशुल्क किया जायेगा। अपर मुख्यचिकित्साधिकारी, नोडल आरबीएसके डॉ बी एन यादव ने बताया कि कुछ नवजात शिशुओं में जन्मजात विकार हो जाते हैं। उनमें से अधिकांश विकार ठीक हो सकते हैं, यदि उनका समय पर पहचान और उपचार किया जाए।जागरुकता की कमी के कारण बच्चों में आए विकार को पहचान नहीं पाते और आगे चलकर ऐसे बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से विकृत हो जाते हैं।

डीईआईसी प्रबंधक डॉ हम्माद ने आरबीएसके टीम के सदस्यों / एएनएम,आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अपील किया कि क्षेत्र भ्रमण में जो भी बच्चे जन्म से कटे होंठ व कटे तालू से ग्रसित हो उनके अभिभावकों को इस सम्बन्ध जानकारी देना सुनिश्चित करें, जिससे अधिक से अधिक लोग निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण / उपचार का लाभ उठा सकें ।अधिक जानकारी के लिए स्माइल ट्रेन संस्था के प्रतिनिधि नीरज कुमार शर्मा के मोबाइल नंबर 9454159999 या 9565437056 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता हैं।

# मानक के विपरीत हो रहा नाला निर्माण कार्य

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रुदौली नगर के अशफाक उल्ला खान वार्ड (घोसियाना) मोहल्ले में हो रहे नाला निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा पुराने ईंटो से नाला निर्माण कर के अनियमितता बरती जा रही है एवं नाले की खोदाई करने के बाद 6 दिनों से मलबा न उठने के कारण रास्ता जाम हो गया है जिससे ग्रामीणों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुहल्ले वासियों ने ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि नाला निर्माण में पुरानी ईंटो के साथ घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।खुदाई के दौरान निकले पुराने मलबे के ईंटो को उसी नाला निर्माण में समाहित किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार बताया जा रहा कि नाला निर्माण कार्य आरसीसी मानक में पास हुआ है जबकि निर्माण से हो रहा,स्थानीय निवासी मो अफजाल, सिरताज आदि ने बताया कि 6 दिनों से रास्ता जाम होने के कारण महिलाओं बच्चो, बुजुर्गो सहित सभी को भरी परेशानी हो रही ठेकेदार कोई सुनवाई नहीं कर रहे है।भाजपा नेता नवनीत रस्तोगी ने नाले निर्माण में पुरानी ईंटो व घटिया निर्माण सामग्री



का उपयोग करके नाला निर्माण में बरती जा रही अनियमितताओं की शिकायत रुदौली विधायक रामचंद्र यादव एवं नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी से की है। इस बाबत और अभियंता लाल मणि ने बताया कि यदि पुरानी ईंटों का प्रयोग हो रहा है तो गलत हो रहा है उन्हें ईंटो को हटवा कर पुनः नया हितों का प्रयोग करवाया जाएगा। मामले में अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने बताया कि मौके पर अवर अभियंता को भेजा जा रहा है मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। वही नाला निर्माण कार्य को मानक के अनुसार कराया जाएगा।

# मनरेगा के तहत खोदे गए तालाबों में प्रधान, सेक्रेटरी व बीडीओ भरवाएगें पानी

*अवधनामा संवाददाता*

**पूराबाजार-अयोध्या।** ब्लाक मनरेगा के तहत खोदे गए तालाबों में अब धूल नहीं उड़ेगी। अब मनरेगा के तहत खोदे गए तालाबों में प्रधान, सेक्रेटरी व बीडीओ पानी भरवाएगें। इसकी निगरानी एसडीएम करेंगे। सूखे तालाबों के बारे में जानकारी होने पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। सभी खंड विकास अधिकारियों को पत्र लिखकर पानी की व्यवस्था जिम्मेदार लोगों से कराने के लिए कहा है। बताया जैसे ही तालाबों में पानी भरा जाएगा। वैसे ही मवेशियों को पीने के पानी की किल्लत खत्म हो जाएगी। साथ ही गांव के पानी का स्टेटा भी मेंटेन रहेंगा। क्षेत्र में पीने के पानी को लेकर एक ओर आदमी तो जद्दोजहद कर ही रहा है। जानवरों को भी मुश्किलों का सामना करना



पड़ रहा है। कारण की अधिकांश तालाबों में पानी नहीं है। ग्रामीण अंचल में मनरेगा के तहत खोदे गए अमृत सरोवरों की पड़ताल में पाया गया कि पचास फीसदी से अधिक तालाबों में धूल उड़ रही है। पानी के अभाव में छुट्टा मवेशी भटक रहे है। पिछले दिनों तालाब में पानी की कमी के कारण एक गांव में एक कछुआ रात में गांव की ओर जाते हुए दिखायी दिया था। माना जा रहा था कि तालाब में पानी न होने के कारण प्यासा कछुआ गांव की ओर जा रहा था। मनरेगा के तहत करीब सौ अमृत सरोवर व तीन सौ के करीब सामान्य तालाब है। बीडीओ अनुराग सिंह ने बताया कि आदेश को अमल में लाने के लिए प्रयास शुरू कर दिया गया है। सभी प्रधानों को पत्र भेजकर व्यवस्था के लिए कहा गया है जहां दिक्कत होगी वहां ब्लाक स्तर से कार्य होगा

## आयान के एनसीए कैंप में चयन होने पर क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर

**सहारनपुर।** जनपद के यूपी अंडर 16 क्रिकेट खिलाड़ी मौ.आयान का चयन बैंगलोर स्थित एनसीए कैंप के लिए हुआ है। पूरे यूपी से 3 खिलाडियों का चयन हुआ है, जिसमे सहारनपुर से मौ.आयान भी है। गौरतलब रहे कि आयान ने पिछले सत्र में यूपी की टीम से खेलते हुए अण्डर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 मैचों में 23 विकेट लिए थे और दिल्ली के खिलाफएक मैच में नाजुक मौके पर 90 रन की शानदार पारी भी खेली थी। शानदार प्रदर्शन के बल पर पूरे सेंट्रल जोन में फस्ट बॉलर्स में नंबर 1 रहे और इंडिया में नंबर 3 पर रहे। इसी प्रदर्शन से प्रभावित होकर एनसीए डायरेक्टर वीवीएस लक्ष्मण ने उनका कैंप में चयन किया। जो 6 जून तक बैंगलोर स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी एनसीए में चलेगा, जिसमे भविष्य के लिए खिलाडियों को निखारा जाएगा।

# ग्राम प्रधान ने नहर पटरी कटवाकर मिट्टी प्लाट में डलवाई

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** देवा क्षेत्र में एक ग्राम प्रधान पर गम्भीर आरोप लगे हैं। प्रधान के इशारे पर जेसीबी का इस्तेमाल कर नहर पटरी काट दी गई और उससे निकली मिट्टी प्रधान के खाली प्लाट पर डलवाई गई। क्षेत्रीय सींचपाल की तहरीर पर ग्राम प्रधान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार देवा क्षेत्र में तैनात सीचपाल राजकिशोर ने बताया कि वह बतौर सींचपाल कोटवा सिंचाई विभाग कोटवा चौकी में नियुक्त है। वह 21 मई को दिन में गश्त कर रहा था। जब वह कोटवा कला ग्राम पहुंचा तो देखा कि रजवहा मोहम्मदपुर के किमी लगभग 8.00 बाईं नहर की पटरी को काटकर पूरी मिट्टी निकाल कर बगल के प्लाट मे डाला गया है। जब स्थानीय लोगो से इसकी जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि ग्राम प्रधान कोटवा कला रईस अहमद ने ही इस मिटटी नहर की पटरी काटकर अपने प्लाट में डाला है। इसके लिए ग्राम प्रधान द्वारा जेसीबी का इस्तेमाल किया गया। इस तरह नहर की पटरी को क्षति ग्रस्त करते हुए सरकारी सम्पति का नुकसान किया गया। सींचपाल की तहरीर पर ग्राम प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एक सप्ताह में जमा कर दें लॉग बुक

**बाराबंकी।** लोकसभा चुनाव में प्रयुक्त हुए वाहनों का भुगतान किया जा रहा है। एआरटीओ प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि चुनाव में प्रयोग किए वाहन स्वामी अपने वाहन से संबंधित लॉगबुक 20 मई को न जमा किया हो, वह अपनी सत्यापित लॉगबुक जिला पूर्ति कार्यालय में एक सप्ताह में जमा करा दें। जिससे उनके देयकों का भुगतान किया जा सके। यदि सत्यापित लॉगबुक उपलब्ध नहीं कराते हैं तो भुगतान न होने का स्वयं ही उत्तरदायी होंगे।

## छठे सातवें चरण के चुनाव के लिए रवाना किया गया पुलिस बल

**बाराबंकी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के षष्ठम व सप्तम चरण में होने वाले मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु क्षेत्राधिकारी द्वारा पुलिस बल को ब्रीफ कर रवाना किया गया। क्षेत्राधिकारी नगर जगत राम कनौजिया द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के षष्ठम चरण व सप्तम चरण (जनपद सन्तकबीर नगर व गोरखपुर) के मतदान को सकुशल शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराने हेतु जनपद से ड्यूटी हेतु लगे पुलिस बल को ब्रीफ कर रवाना किया गया। क्षेत्राधिकारी द्वारा पुलिस बल को चुनाव ड्यूटी को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करते हुए मतदान को शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने एवं मतदेय स्थल की सुरक्षा एवं अवांछनीय तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए आदर्श चुनाव अचार संहिता एवं चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया। क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु 61-निरीक्षक, उपनिरीक्षक, 1012-मुख्य आरक्षी, आरक्षी को, 24 बसों से 10 मेस एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं (फर्स्ट एड किट, लंच आदि) देकर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर सुमित त्रिपाठी, प्रभारी चुनाव सेल अभिमन्यु मल्ल, प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चन्द्र मिश्र एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## तीन कर्मियों ने चोरी छिपे राइस मिल का 150 कुण्टल चावल बाजार में बेचा, एफआईआर

**बाराबंकी।** राइस मिल स्वामी ने अपने ही दो कर्मियों पर मिलीभगत कर करीब डेढ़ सौ कुण्टल चावल चोरी से बेंचने के आरोप लगाए हैं। इसके लिए मुख्य द्वार की नकली चाभी बनाई गई। तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार राम मोहन शुक्ला निवासी सी-43 हरिहर नगर इन्दिरा नगर लखनऊ ने बताया कि उसकी एक मील पूनम इण्डस्ट्रीज बी-6 इण्डिस्ट्रियल एरिया ग्राम रसूलपनाह तहसील फतेहपुर में है। उक्त ईकाई में राजू शुक्ला उर्फ शिवशंकर शुक्ला निवासी ग्राम सहजनी पोस्ट नकहा जिला लखीमपुर खीरी, नसीर पुत्र अज्ञात व आसमां पत्नी नसीर निवासी फतेहपुर खास मिल में चौकीदारी का काम करते थे। कुछ समय के लिए नसीर व आसमां ने नौकरी छोड़ दी।

बाद में उसके मना करने के बावजूद राजू शुक्ला उर्फ शिवशंकर शुक्ला की मिलीभगत से दोनो कर्मी आते जाते रहे। इन लोगो ने मिलकर मील की एक डुप्लीकेट चाभी भी बनवा ली और उसके न रहने पर यहां गोदाम खोलकर चावल एवं धान चोरी से बेचने लगे। इस बात की जानकारी उसको मील के ही कर्मचारी मनोज सिंह पुत्र अज्ञात निवासी जिला कौशाम्बी द्वारा दी गयी। उसने स्टाक मिलाया तो लगभग 150 कुन्टल चावल चोरी हुआ मिला। उसने जब इस बात का विरोध किया तो राजू शुक्ला उर्फ शिवशंकर शुक्ला व नसीर आदि आग-बबूला हो गये और मारपीट करने के लिए उतारू हो गये। साथ ही धमकी भी दी है।

## पत्रकार को मातृ शोक, जताया दुःख

**बाराबंकी।** पत्रकारों के संगठन एपजा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हिन्दी दैनिक के पत्रकार राजकुमार सिंह की 80 वर्षीय माता का बीती मंगलवार को इलाज के दौरान राजधानी लखनऊ के श्यामा प्रसाद मुख़र्जी सिविल अस्पताल मे इलाज के दौरान निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार वैदिक रीतिरिवाज़ से नगर के कमरियाबाग स्थित बैकुंठ धाम शमसान मे बुधवार की सुबह किया और जेष्ट पुत्र राजकुमार सिंह ने उन्हे मुखाग्नि देकर परम्परा का निर्वहन किया। पत्रकार माता के आकस्मिक निधन पर पत्रकारों समेत राजनैतिक दलों मे शोक की लहर दौड़ गयी।

# जांच मे फंसे राजर्षी दशरथ मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** लोकायुक्त की जांच मे राम नगरी अयोध्या के राजर्षि दशरथ स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा. ज्ञानेंद्र कुमार बुरी तरह फंस गए हैं। उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच शुरू कर दी गई है। इस संदर्भ में लोकायुक्त प्रशासन ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को तीन सदस्यों की जांच समिति बनाकर पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। जांच टीम को कहा गया है कि 24 मई तक जांच रिपोर्ट लोकायुक्त प्रशासन को पेश करें। राम नगरी जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ड्रीम सिटी है।लोगों को सही व सस्ती स्वास्थ सेवाएं मिल सके इसके लिए भाजपा सरकार ने मेडिकल कालेज मे तमाम सुविधाएं मुहैया कराई हैं। फिर भी यहां के मेडिकल कालेज की स्थिति कुछ अच्छी नहीं हैं।अस्पताल भ्रष्टाचार का केन्द्र बन गया है। इसे लेकर सिद्धार्थनगर निवासी सतीश चन्द्र की शिकायत पर लोकायुक्त ने प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र कुमार के विरुद्ध जांच शुरू कराई है। शिकायत मे ये आरोप लगाए गए हैं सतीश चन्द्र ने शिकायत में आरोप लगाया है कि कई प्रकार की बीमारियों की जांच के लिए मशीनों की खरीद की हैं। इन मशीनों की खरीद करने में उन्होंने भ्रष्टाचार किया है। साथ ही अस्पताल में पहले चल रहे आइसीयू को निजी अस्पतालों के साथ मिलीभगत करके बंद करा दिया है। वार्ड ब्वाय की भर्ती में भी एक-एक लाख रुपये लेने के आरोप शिकायतकर्ता ने लगाए हैं। दवाइयों से लेकर हर मामले में प्रधानाचार्च भ्रष्टाचार कर रहे हैं। इसी के आधार पर लोकायुक्त ने प्रमुख सचिव को तीन सदस्यों की गठित समिति बनाकर आरोपों की विभागीय जांच के निर्देश दिए।

# व्यापारियों ने सांसद रितेश पांडेय को भारी मतों से जीतने की अपील

*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज- अयोध्या।** नगर के सुंदर वाटिका में नगर सैकड़ो सभ्रान्त व्यापारियों की एक परिचय बैठक प्रदीप जायसवाल जी के नेतृत्व में हुई। इस कार्यक्रम बैठक का संचालन व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय पराग ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापारी नेता रामप्रसाद कसौधन ने किया। भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए। भाजपा नेताओं ने व्यापारियों से अपील किया।

अम्बेडकरनगर सांसद प्रत्याशी रितेश पांड़ेय से व्यापार मंडल अध्यक्ष पराग ने कहा कि जिस तरह से 2017 में व्यापारियों ने विधायक इंद्र प्रताप खब्बू तिवारी से गोसाईगंज बाजार टूटने एवं फोरलेन बनाने की बात कही थी। जिस पर विधायक रहे खब्बू तिवारी ने अवशासन दिया और उसे करवाया। उसी तर्ज पर पराग ने प्रत्याशी रितेश पांडेय से गोसाईगंज नगर को तहसील बनाने की मांग मजबूती से रखी जिस पर प्रत्याशी पांडेय ने मांग को स्वीकार करते हुए चुनाव जीतने के बाद गोसाईगंज को तहसील बनाने की बात को स्वीकार किया। उन्होंने कहा भी बाजार को तहसील बनाना अति आवश्यक है यहां से 40 किलोमीटर फैजाबाद लोगों को जाना पड़ रहा है। जिस पर उपस्थित समस्त व्यापारियों ने करतल ध्वनि से सांसद प्रत्याशी का स्वागत करते हुए कहां की अबकी रिकॉर्ड मतों से लोकसभा चुनाव जीतने का काम गोसाईगंज नगर वासी करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री के योजनाओं की बात करते हुए हुए कहां की गोसाईगंज में ट्रिपल इंजन की सरकार आप लोगों को बनाना है। जिससे हमारे गोसाईगंज नगर एवं क्षेत्र का भरपूर विकास हो। व्यापारी परिचय कार्यक्रम में आए नगर के संभ्रांत सैकड़ो व्यापारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरे बुलाने पर आप सब आए हैं इसी तरह आप अपने परिवार के साथ सुबह पहले मतदान फिर जलपान करने का आवाहन किया और सबका जलपान कर कर स्वागत किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजयलक्ष्मी जायसवाल, अरविंद अर्पण, ओम प्रकाश जायसवाल सराफ, भाजपा नेता ओमप्रकाश सोनी, जगदीश जायसवाल श्री प्रकाश जायसवाल डॉ घनश्याम सोनी, डॉ कैलाश गुप्ता, बजरंग प्रसाद चौरसिया, अनूप जायसवाल, अनिल कुमार मल्हू, नंदलाल गुप्ता, प्रवीण उपाध्याय, भोलानाथ, सर्वेश मोनू,शशि कुमार अंगियार, सभासद रविंदर यादव, गब्बडु वर्मा आलोक गुप्ता, अवधेश स्वर्णकार, महेश कसौधन, राजन सोनी, श्री प्रकाश सोनी, डॉ. विश्वकर्मा, शहीद नगर के सैकड़ो सम्राट व्यापारी उपस्थित थे।

## रुदौली बार एसोसिएशन चुनाव का बिगुल बजा 6 जून को मतदान

**रुदौली- अयोध्या।** रुदौली तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव का बिगुल बज गया है। नई एल्डर कमेटी ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की है।6 जून को चुनाव के बाद मतगणना होगी। इसको लेकर अधिवक्ता गुटों में हलचल तेज हो गई है।एल्डर्स कमेटी रुदौली ने बैठक कर तहसील बार एसोसिएशन की वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी के चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया है।जिसमें दिनांक 24 मई को सुबह 10 बजे से 03 बजे तक नामांकन प्रपत्रों की बिक्री की जाएगी। दिनांक 27-28 मई को नामांकन-पत्रों की बिक्री व दाखिला होगा। 29 मई को नामांकन प्रपत्रों की जाँच व वापसी होगी। दिनांक 6 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा।उसी दिन 3 बजे के बाद मतगणना व चुनाव परिणाम घोषित किया जायेगा। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन साहब सरन वर्मा ने बताया कि बार एसोसिएशन के हाल में 6 जून को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक मतदान और 3 बजे से मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी।

# आबादी के बीच शराब की दुकान खोले जाने का विरोध

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** बुधवार को शराब की दूकान के विरोध में मसिना खास गाँव के उग्र ग्रामीणों का नया औतार सामने आया। शराब की दूकान को आबादी से दूर हटवाने के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित ग्रामीणों ने बैनर के साथ गांव के चौराहे पर जमकर प्रदर्शन किया। शराब की दूकान न हटाए जाने की स्थिति में लोगों ने मतदान वहिष्कार करने तक की बात कही। सरकारी योजनान्तर्गत ग्राम मसिनाखास के लिए सरकारी शराब दुकान आवंटित की गयी है। थाना शिवनगर डिंडई क्षेत्र के मसिनाखास गाँव में आबादी के बीच शराब की दुकान खोलने से ग्रामीण नाराज हैं। नाराज गांव के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए शराब की दूकान को आबादी से दूर हटवाने के लिए डीएम व एसडीएम को मांगपत्र सौंपें जाने की जानकारी दी है। डीएम को दिए गए मांगपत्र में गांव वालों ने कहा है

**समस्या समाधान न होने की स्थिति में मतदान वहिष्कार का निर्णय**

कि मसिनाखास गाँव में आबादी के बीच जिस स्थान पर शराब की दूकान खोली जा रही है वह स्थान मुस्लिम बाहुल्य मुहल्ला में मस्जिद के निकट है, उसी रास्ते से विद्यालय के बच्चों व शिक्षक- शिक्षिकाओं का भी आना जाना है। ग्राम प्रधान आयशा खातून सहित हजरत अली, राज गौतम, मो0 असलम, शादाब, लक्ष्मी प्रसाद, किसलावती, सावित्री, कलावती, वंश बहादुर, इन्द्रावती, चांदमती, राजेन्द्र सोमना, लक्ष्मीप्रसाद, कमलावती, ज्ञानमती, कैलाशी देवी , मैंना आदि लोगों का कहना है कि आबादी के बीच शराब की दूकान खुलने से शराबियों की भीड़ होगी, जिससे खासकर महिलाओं व बच्चियों को तमाम समस्याओं का सामना करना पडेगा। बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने शराब की दूकान को आबादी से हटवाने की मांग किए हैं।

# भाजपा सरकार के दस वर्षों में सबसे अधिक युवा ठगा गया: त्रिभुवनदत्त



अवधनामा संवाददाता

**आलापुर (अंबेडकर नगर)।** लोकतंत्र को खत्म कर तानाशाही सरकार चलाने वाले संविधान को खत्म करने का दिवा स्वप्न देख रहे हैं लेकिन जनता लोकसभा चुनाव में मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और संविधान सुरक्षित रखने के लिए पूरी तरह इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी है। उक्त बातें लोक सभा क्षेत्र 62 संत कबीर नगर के गठबन्धन के प्रत्याशी/ पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद के समर्थन में आज अम्बेडकरनगर जिले की विधान सभा क्षेत्र आलापुर के विकास खण्ड जहाँगीरगंज के ग्राम समडीह मे अनिल राजभर के आवास पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव/पूर्व सांसद/आलापुर के विधायक/लोकसभा संत कबीर नगर के प्रभारी त्रिभुवनदत्त ने नुक्कड सभा को संबोधित करते हुए कहा । इस दौरान 62 लोक सभा क्षेत्र सन्त कबीर नगर से समाजवादी पार्टी (इंडिया) गठबंधन के प्रत्याशी लक्ष्मी कांत उर्फ पप्पू निषाद को भारी मतों से विजई बनाने की अपील सपा के स्टार प्रचारक आलापुर विधायक त्रिभुवनदत्त ने की। इस दौरान उत्साहित कार्यकर्ताओं ने विधायक का फूल मालाओं से स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र यादव ने किया।

# मतदान पूर्व के 48 घंटे की अवधि की एसओपी

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत गैरकानूनी सभाओं पर प्रतिबंध और मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित घंटे के साथ समाप्त होने

**जो इस निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नही है, निर्वाचन क्षेत्र में नहीं रहेंगें मौजूद**

वाली 48 घंटों की अवधि (23 मई, 2024 शाम 6 बजे से) के दौरान सभा, रैली व सार्वजनिक बैठकें आयोजित करने पर रोक है।

पांच से अधिक व्यक्तियों को एक साथ इकट्ठा होने/आने-जाने की अनुमति नहीं है। घर-घर प्रचार के सिलसिले में 48 घंटों के दौरान घर-घर जाने पर रोक नहीं रहेगी। सीएपीएफ द्वारा एरिया डामिनेशन का कार्य मतदान दिवस से 2 दिवस पहले तक पूर्ण कर लिया जायेगा। इस अवधि में मदिरा, भांग, ताडी की दुकाने बन्द रखी जाएंगी। प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद, निर्वाचन क्षेत्र के भीतर कोई भी प्रचार नहीं हो सकता है, राजनीतिक पदाधिकारियों/ पार्टी कार्यकर्ताओं/ जुलूस पदाधिकारियों/ कैम्पेन पदाधिकारियों आदि की उपस्थिति, जो निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से लाए गए हैं और जो इस निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नही है, निर्वाचन क्षेत्र में मौजूद नहीं रहेंगें, क्योंकि कैम्पेन अवधि समाप्त होने के बाद उनकी निरंतर उपस्थिति स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के माहौल को कमजोर कर सकती है। इसके लिए मैरेज हॉल, सामुदायिक हॉल आदि की जांच की जायेगी कि क्या कही इन परिसरों में बाहरी लोगों को ठहराया तो नहीं गया है। लॉज और गेस्टहाउसों में रहने वालों की सूची पर नजर रखी जायेगी। निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से वाहनों की आवाजाही पर नजर रखा जायेगा। मतदाता होने की दृष्टि से लोगों यालोगों के समूह की पहचान भी सत्यापित की जायेगी।

# मन्दिर के 47 वर्ष पुराने मुकदमे का सुलहतन हुआ फैसला

यशोदा श्रीवास्तव

**दो अलग अलग समुदाय ने पेश की बेमिशाल भाईचारे की तहजीब**

**सिद्धार्थनगर।** फरेन्दा महराजगंग नौतनवा तहसील के ग्राम परसौनी खुर्द का मुंसिफ गोरखपुर के न्यायालय मे चल रहे मुकदमा राम सेवक बनाम अब्दुल रसीद वाद संख्या 234/1977 मे दाखिल राम जानकी मन्दिर मरचाहे बाबा की कुटी की जमीन का फैसला इजरा वाद संख्या 21/283 मे सिविल जज फरेन्दा अखिल कुमार निझावन के आदेश के अनुसार मुकदमा मे वादी रामसेवक के मृत्यु के बाद रामजीदास चेला बालमुकुंद दास द्वारा मुकदमे कीं पैरवी किया जाता रहा है मन्दिर कीं जमीन आराजी नंबर 911 तथा निर्णित ऋृणी कीं जमीन आराजी नंबर 913 है सिविल जज के अनुसार 47 वर्ष पुराने इस मुकदमे की संवेदन शीलता को देखते हुये दिनांक 22 मई को डिग्रीदार व निर्णित ऋृणी के बीच समझौते के आधार पर दोने पक्ष अपने भाग पर काबिज रहेंगे इसी ऑफर पर 47 वर्ष पुराना यह मुकदमा समाप्त हुआ। इस मुकदने मे एक से तरफ अधिवक्ता शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने दूसरे पक्ष से अधिवक्ता अजीत मणि ने पैरवी की।

# पैरा मिलेटरी फ़ोर्स ने थानाध्यक्ष के नेतृत्व में किया पैदल मार्च



**आलापुर (अंबेडकरनगर) अवधनामा संवाददाता।** विधानसभा क्षेत्र आलापुर अंतर्गत थाना राजेसुल्तानपुर व पंजाब पुलिस के साथ पैरा मिलिट्री फोर्स ने थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी की अगुवाई में राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र की बाजारों में पैदल मार्च कर लोकसभा चुनाव में निर्भीक होकर चुनाव में मतदान करने का भरोसा दिया। मालूम हो थानाध्यक्ष राजे सुल्तानपुर विजय तिवारी की अगुवाई में मय फोर्स उपनिरीक्षक विनोद कुमार तिवारी, जंगेश खान, हेड कांस्टेबल सुभाष यादव, कांस्टेबल कृष्णानंद यादव, रविन्द्र चौहान आदि के साथ पंजाब पुलिस पैरा मिलिट्री फोर्स ने राजेसुल्तानपुर, पदुमपुर, देवरिया बाजार, गढ़वल आदि बाजारों में पैदल मार्च कर लोगों को कोई भयमुक्त होकर चुनाव में मतदान करने का भरोसा दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी चौराहों एवं क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मौजूद हैं आम जनमानस को किसी तरह की समस्या होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करें प्रशासन द्वारा तत्काल कार्यवाही की जाएगी। सभी लोग आचार संहिता को ध्यान में रखकर शान्ति व्यवस्था कायम रखकर मतदान करें किसी भी तरीके की समस्या होने पर तुरंत प्रशासन की मदद लें पुलिस आप सभी के सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर है और क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर आराजकतत्वो पर नजर रखी जा रही है।

# सीएम योगी ने विपक्ष को चेताया : जनता ही बोल रही चाहे जितना जोर लगा लो, जीतेंगे तो मोदी ही

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** पांच चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। पूरे देश के लोगों को चार जून के परिणाम के बारे में कोई संदेह नहीं रह गया है। चारों तरफ जनमानस उद्घोष कर रहा है- फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी पार-400 पार। यह बात सुनते ही कांग्रेस व सपा के इंडी गठबंधन को चक्कर आने लगता है, क्योंकि दोनों मिलकर भी 400 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। यह लोग पूछते हैं कि ऐसा नारा क्यों, तब जनता कहती है- चाहे जितना जोर लगा लो, जीतेंगे तो मोदी ही, क्योंकि जो राम को लाए हैं-हम उनको लाएंगे। मोदी जी ने 500 वर्ष का इंतजार समाप्त कराकर प्रभु रामलला को अयोध्या में विराजमान कर दिया है। यह बातें महर्षि वशिष्ठ की भूमि बस्ती में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं।

प्रधानमंत्री की मौजूदगी में उन्होंने पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्राउंड, बस्ती में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने बस्ती से हरीश द्विवेदी, संतकबीर नगर से प्रवीण निषाद और डुमरियागंज से जगदंबिका पाल को पुनः सदन भेजने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब भारत के विरासत व विकास का अद्भुत संगम दिख रहा है। पहले स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर पूर्वांचल में सिर्फ बीएचयू व गोरखपुर में मेडिकल कॉलेज था, लेकिन आज गोरखपुर में एम्स, महराजगंज, बस्ती, सिद्धार्थनगर समेत हर जनपद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना का कार्य हुआ। मासूम 40 वर्ष से इंसफेलाइटिस से दम तोड़ता था। यहां के बचपन को बचाने के लिए मोदी

**बचपन को बचाने के लिए पीएम मोदी जी ने दी कई सुविधाएं**

**नए भारत की नई प्रगति के नए पैमाने गढ़े जा रहे**

जी ने स्वच्छ भारत अभियान, हर घर नल योजना और मेडिकल कॉलेज जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं दी हैं। सीएम ने कहा कि यह चुनावी संग्राम रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच चल रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर व विकसित भारत बनाना है। यह क्षेत्र कभी तरसता था कि एक चीनी मिल चल जाती। आज नई चीनी मिलें चल रही हैं। गन्ना मूल्य का भुगतान हो रहा है। कांग्रेस के समय में बंद हुआ गोरखपुर फर्टिलाइजर कारखाना 110 फीसदी से अधिक क्षमता से कार्य कर रहा है। नए भारत की नई प्रगति के नए पैमाने गढ़े जा रहे हैं।

**मोदी सरकार लाने के लिए प्राण-प्रण से जुटें-** सीएम ने अपील की कि फिर मोदी सरकार लाने के लिए सभी लोग प्राण-प्रण से जुटें। हर एक सीट को मोदी जी के श्रीचरणों में समर्पित कर यूपी की सभी 80 सीटों पर कमल खिलाएं और 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना योगदान दें। उन्होंने यहां की तीनों सीटों पर फिर से भाजपा उम्मीदवारों को जिताने का आह्वान भी किया।

जनसभा में केंद्रीय मंत्री व अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूपी के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर, निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूपी के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, प्रदेश सरकार के मंत्री दारा सिंह चौहान, राकेश सचान, दानिश अंसारी, विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, विधायक श्रीराम चौहान, जयप्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने किया जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बुधवार को जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने निर्देश देते हुए कहा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने संबधित समस्त व्यवस्थायें पूर्ण कर लें। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का मतदान 25 मई को है। निर्वाचन कार्य में लगाये गये सभी अधिकारी/कर्मचारी पूरी ईमानदारी से कार्य करे तथा निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करे।

## डीएम ने पैकिंग का किया निरीक्षण, दिया निर्देश



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बुधवार को लोहिया कलाभवन में किये जा रहे निर्वाचन सामग्री पैकिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने पीठासीन अधिकारियों को दी जाने वाली निर्वाचन सामग्री पैकिंग को देखा तथा निर्देश देते हुए कहा कि पैकिंग का कार्य सुनिश्चित करा ले। जिलाधिकारी ने लेखपालो को निर्देश देते हुए कहा कि बूथो पर पानी अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करे। सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 का मतदान 25 मई को है। समय से समस्त कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायत तिघरा के टोला महुरैया में प्रधान प्रतिनिधि ब्रह्मचारी दूबे की अगुवाई में आंगनबाड़ी कार्यकत्री रेनू यादव ने बुधवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान मतदान हेतु प्रेरित किया कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना आवश्यक है। मतदान से ही आप अपनी मनचाही सरकार चुनते हैं, इससे लोक कल्याण का कार्य होता है। मतदान महादान है। हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि हम मतदान करें।

## नहर से पानी कराया जा रहा है उपलब्ध

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जनपद बस्ती के अन्तर्गत खरीफ-फसली 1432 से पूर्व सिंचाई हेतु तालाब-पोखर भरने एवं जानवरों के पीने हेतु नहर में पानी का संचालन सरयू नहर खण्ड-4 द्वारा किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता सरयू नहर खंड- 4 राकेश कुमार गौतम ने बताया कि बस्ती एवं खलीलाबाद शाखा के वितरण प्रणालियों में खरीफ से पूर्व की सिंचाई हेतु भरपूर मात्रा में पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बस्ती शाखा में 300 क्यूसेक एवं खलीलाबाद शाखा मे 400 क्यूसेक पानी चलाकर नहरी क्षेत्र के तालाबों व पोखरों को भरने हेतु नहर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड-रामनगर, साऊघाट, रुधौली, बस्ती सदर, बनकटी इत्यादि क्षेत्र के तालाबों को नहर के पानी द्वारा भरा जा रहा है।

# मातृभूमि प्रीमियर लीग टूर्नामेंट फाइनल (2024) का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बांसी।** जनपद सिद्धार्थनगर बांसी तहसील क्षेत्र के ग्राम असनहरा में मातृभूमि प्रीमियर लीग टूर्नामेंट फाइनल (2024) का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया।

मातृभूमि प्रीमियम लीग टूर्नामेंट का कार्यक्रम के मुख्य अतिथि (आयोजक) दीपेन्द्र विक्रम सिंह व विशिष्ट अतिथि अजय सिंह ने कार्यक्रम में पहुंच कर टूर्नामेंट की शुरूआत किया साथ ही खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस क्रिकेट टूर्नामेंट में जनपद सहित कई जनपदों की टीम हिस्सा लेती है वहीं विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार स्वरूप टीबीएस आपाचे बाइक व उपविजेता टीम को 51000 नगद पुरस्कार व ट्राफी दिया जाएगा। और मौके पर उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी तीन छक्के मारेगा उसे 5100 सौ रुपये नगद इनाम दिया जायेगा। मातृभूमि प्रीमियम लीग टूर्नामेंट के मुख्य आयोजनकर्ता अमय पांडेय सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे वहीं पत्रकारों से बात करते हुए मुख्य अतिथि ने बताया की यह क्रिकेट टूर्नामेंट का सीजन टू है युवाओं के साथ रहना उनको लेकर आगे बढ़ना हमारा उद्देश्य है सभी युवाओं का उत्साह देखकर काफी अच्छा लगता है यह हमारी जन्म भूमि हमारा मकसद युवाओं को आगे बढ़ाना है और अगर क्षेत्र कोई खिलाड़ी अच्छा खेलता है और आगे खेलना चाहता है तो मातृभूमि संस्थान के तरफ से उसे सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी वहीं विशिष्ट अतिथि मातृभूमि ग्रुप के सीएमडी अजय सिंह ने बताया मातृभूमि ग्रुप द्वारा आयोजित किया जा रहा है प्रत्येक वर्ष इसी सीजन में इसका आयोजन किया जाता है। युवाओं को आगे बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य है क्रिकेट पूरे विश्व में चल रहा है युवा निखर कर आगे आए जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके।इस टूर्नामेंट में कुल 32टीम ने हिस्सा लिया है जिसमे बांसी टीम व सेमरिहवा टीम फाइनल मे चल रहा था। जहां सेमरिहवा टीम को 30 रनों से बांसी टीम ने हराया।बांसी टीम ने फाइनल टूर्नामेंट में जीत हासिल किया। मेन आफ मैच पुरस्कार नोमान शेख को मिला सहयोगी, ओशामा, सलमान मिर्जा, अनस शेख, सरफराज बाहूबली, मुलायम, प्रबीन गेल, अभय सिंह, प्रतीक, विट्टू तिवारी, अंकित ने जीत हासिल किया कार्यक्रम के आयोजक दीपेन्द्र विक्रम सिंह ने बांसी टीम की सफलता, कामयाबी या जीत नाम कोई भी हो इन सबका अर्थ एक ही है। इन्हें हासिल करना बहुत ही गर्व की बात होती है। सफलता हासिल कर ही लोग इतिहास रचाते हैं। लेकिन इस कामयाबी का फायदा तब ही है जब इसकी खुशी मानाने वाले साथ हों। जो हम और आप होते हैं। ऐसे अवसर पर हम कुछ शब्दों के जरिये भी सफलता प्राप्त करने वाला का उत्साह बढ़ा सकते हैं, उन्हें बधाई सन्देश देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान रवि नागा, मनोज शर्मा, नविन सिंह, उद्धव सिंह, सौरभ सिह, सुधीर सिंह, सुरज सिंह,निखिल सिंह, दुर्गेश सोनी, राजा मिश्रा, अभिषेक तिवारी, मोहित पासवान,हरिकेश सिंह, प्रदीप मिश्र, सुरज पाठक, आरपी सिंह मौजूद रहे।

## कांग्रेस प्रदेश महासचिव अनीस व शमसुल ने किया जनसंपर्क, इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए मांगा वोट



**सिद्धार्थनगर।** जैसे जैसे चुनाव के दिन नजदीक आ रहे है, उसी के साथ सभी दल के नेताओं ने जनता से जनसंपर्क साधना बहुत तेजी से शुरू कर दिया हैं। इसी क्रम में कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अनीस रजा खान व शमसुल हसन उमरा व अपने पदाधिकारियों व कार्यकर्त्ताओं के साथ बुधवार को दर्जनों गांवों में जाकर गठबंधन के प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी के पक्ष में वोट करने का अपील किया। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अनीस रजा खान ने बताया कि गठबंधन के प्रत्याशी मजबूत स्थिति में हैं। इनको सर्व समाज का समर्थन मिल रहा हैं। भाजपा की नीतियों को अब कोई बर्दाश्त नहीं करना चाह रहा है। गठबंधन के प्रत्याशियों को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। हम सभी लोग अपने मतदाताओं के शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रयासरत हैं, इसके लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा की सरकार ने लोकतंत्र को खतरे में डाला है। सीबीआई-ईडी इनके एजेंट के रूप में कार्य कर विपक्षी नेताओं को टारगेट कर जबरन जेल में डाल रहे है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने अच्छे दिन का सपना दिखाकर सत्ता हासिल की पर मोदी सरकार के बुरे दिनों ने देश की जनता को त्रस्त कर दिया। मोदी सरकार की जनता पर महंगाई की भयंकर मार के चलते पेट्रोलियम से लेकर खाद्यान्न, तेल और रसोई गैस की कीमतें तो बेतहाशा बढ़ी हैं। आवश्यक वस्तुएं भी लोगों की पहुंच से बाहर हो गई हैं। इस दौरान डॉ नादिर सलाम, जुबेर खान, आसिफ रिज़वी, मो. सलाम, जमील खान, सुरेश शुक्ला, अनीस अहमद, जावेद, मैनुद्दीन प्रधान आदि मौजूद रहे।

# जो कहती हैं वो करती है कांग्रेस : वीरेंद्र चौधरी

**महराजगंज अवधनामा संवाददाता।** गठबंधन के लोक सभा प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि यह चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है। हो सकता है आपकी जरा सी भूल इस देश से चुनाव और लोकतंत्र दोनों खत्म कर दे। वोट में लापरवाही हुई तो बाबा साहब का लिखा हुआ संविधान खतरे में पड़ सकता। इस चुनाव में आपको तय करना है कि देश बचाना है,लोकतंत्र और संविधान बचाना है। उन्होंने कहा कि इस सबकी रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को जिताना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर हर एक घर में खुशहाली की अलग अलग गारंटी है। कांग्रेस की सबसे बड़ी गारंटी यह है कि वह जो कहती हैं वह करती है। लोकसभा उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी अपने समर्थकों के साथ बुधवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के पतरंगवा, मुंडेरा कला, बोलिया राजा, बड़हरा मीर, मोहनापुर, नरायनपुर, रजवल, शिवपुर, लक्ष्मीपुर एकडंगवा आदि गांवों में जनसंपर्क कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान खास तौर पर तसौवर हुसैन, जितेंद्र यादव, आलोक प्रसाद, निर्मेश मंगल, दिलीप शुक्ला, बब्बू शाही, नौशाद अली, बिंद्रेश कन्नौजिया, भोला यादव,अमर जीत साहनी, मक्खू प्रसाद, जाहिद, राम प्यारे प्रसाद, दीप चंद तिवारी, राम बहाल यादव, सोनू आदि मौजूद थे।



# गृह आधारित देखभाल का मुख्य उद्देश्य शिशु मृत्यु दर एवं बीमारियों में कमी लाना एवं छोटे बच्चों में पोषण की स्थिति, विकास एवं बच्चों में प्रारंभिक विकास में सुधार लाना है : डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में गृह आधारित देखभाल (एचबीवाईसी) कार्यक्रम के तहत के आयोजित प्रशिक्षण के पांचवें दिन एवं अंतिम दिन अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने प्रतिभागी सभी आशाओं को अपने कार्य क्षेत्र में गृह भ्रमण के दौरान योग दंपत्ति, गर्भवती महिला तथा बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात की गई।

अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया कि छोटे बच्चों की गृह आधारित देखभाल का मुख्य उद्देश्य शिशु मृत्यु दर एवं बीमारियों में कमी लाना एवं छोटे बच्चों में पोषण की स्थिति, विकास एवं बच्चों में प्रारंभिक विकास में सुधार लाना है। कुमारी सुषमा द्विवेदी ने प्रशिक्षण के दौरान आशाओं को लक्ष्य के सापेक्ष गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण तथा

**सीएचसी सिरसिया में गृह आधारित देखभाल कार्यक्रम के तहत के आयोजित प्रशिक्षण के पांचवें व अंतिम दिन टेस्ट का हुआ आयोजन**

संस्थागत प्रसव के फायदे की जानकारी दी गई। राजीव त्रिपाठी तथा मैराज अहमद के द्वारा आरंभिक बाल विकास, विकात्मक विलंब के मुख्य लक्षण, टीकाकरण कार्ड के अनुसार बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं तथा धात्री महिलाओं की देखभाल के साथ-साथ आशा बहू को अष्टांग मार्ग के विषय में प्रशिक्षित किया गया। डा. ओझा के द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभागी सभी आशाओं के लिए टेस्ट पेपर का आयोजन किया गया, टेस्ट पेपर में आशा दुर्गावती को प्रथम स्थान, वंदना तिवारी को द्वितीय स्थान तथा दुलारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। डॉ. ओझा के द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाली आशाओं को पुरस्कृत करते हुए उनकी कार्य व योग्यता की सराहना की गई। इस दौरान फूल कुमारी, विनय, धूपचंद, विनीता, लक्ष्मी, मीरा, अनीता, दुर्गेश, नंदिनी आदि मौजूद रहे।

## वाहन उपलब्ध न कराने पर वाहन स्वामी पर दर्ज होगा मुकदमा

**अंबेडकरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत लोकसभा क्षेत्र 55 अंबेडकर नगर में दिनांक 25 मई 2024 को मतदान होगा, जिसके परिप्रेक्ष्य में जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु हल्के वाहन/भारी वाहन/बस के अधिग्रहण आदेश जारी किए गए थेलोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत भारी वाहन/बस /हल्के वाहन/छोटे वाहन को हवाई पट्टी अकबरपुर में आज उपलब्ध कराना था जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उक्त आदेश में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 की उपधारा(1) खण्ड ख के अंतर्गत वाहनो को अधिग्रहण आदेश पुलिस के माध्यम से / परिवहन विभाग द्वारा तामिला कराया गया था। वाहन को मय चालाक/ क्लीनर के साथ हवाई पट्टी अकबरपुर में उपस्थित होना था तामीला में यह भी अवगत कराया गया है कि गाड़ी उपलब्ध न कराने ,समय से उपलब्ध न करने तथा उक्त आदेश के उलंघन दंडनीय अपराध होगा।

## पुतिन पहुंचे चीन

यूक्रेन युद्ध के बीच पुतिन चले चीन के दौरे पर। दुनियां की निगाहें इन दोनो के मिलाप पर है। चीन में एक शहर हारबिन है जिसे चीन से ज्यादा रूसी कहा जाता है। जाहिर है अत्मियता बढ़ाने का खेल है। रूस को यूक्रेन युद्ध में चीन से बिना शर्त समर्थन मिल रहा है। रूस के लिये मौरल बूस्टर है जबकि ज्यादातर देश इस युद्ध के खिलाफहै। भारत इस युद्ध का विरोध करता है पर किसी गुट में शामिल नहीं है। भारत के इस कूटनितिक सोच को सराहना ही मिली है। रूस के विघटन के बाद चीन रूस से ज्यादा शक्तिशाली हो गया है वरना रूस ही टाप पर रहता था।

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पहले रूस और चीन के बीच 150 मिलियन डालर का व्यापार था। 2023 आते आते 240 बिलियन डालर से भी ज्यादा हो गया। दरसल व्यापार की आड़ में चीन रूस के युद्ध में मददगार बन गय है। चीनी कम्पनियां रूस की डिफेन्स इनडस्ट्री को जरूरी सामान दे रही है। अमेरिका सहित पश्चिमी देश इस सैनिक मदद को लेकर कब से चिन्तित है। उनका मानना है अगर चीन यूक्रेन युद्ध में रूस को यह मदद नही करता तो पुतिन यूक्रेन युद्ध इतना लम्बा नहीं खीच पाते।

पुतिन को चीन की दोस्ती का बड़ा गर्व है वह इस दोस्ती को सीमा के परे बताते है। रूस के चीन की दोस्ती पर अगाध विश्वास है। चीन कभी भारत को भाई भाई कहता था अब शायद रूस को भाई भाई कहता होगा। रूस का चीन पर पूरा भरोसा होने के सबूत में लोग कहते है अन्तरराष्ट्रीय संस्था से युद्ध अपराधी घोषित होने का बाद भारत के साथ निर्धारित दौरा निरस्त कर दिया पर चीन के दौरे पर पहुंच रहे है। रूस और चीन दोनो को इस दोस्ती की जरूरत इसलिये भी है कि अमेरिका सहित पश्चिमी देशों के रवैये को अपनी प्रगति के लिये बाघक मान रहे है। इन देशों द्वारा लगाये गये कई प्रतिबन्धो का दोनो देश सामना कर रहे है।

कयास लगाया जा रहा है कि रूस अपने खिलाफबने माहौल को लेकर और युद्ध में सैनिक जरूरतों के लेकर यह दौरा मुख्य रूप से रक्षा सहयोग के लिये है। पश्चिमी प्रतिबन्धों की वजह से रूस चीन की गोद में जा गिरा है। हालाकि उसे भारत से जारी व्यापार के जरिये भी मदद मिल रही है। पर भारत अपने हितों को देखते हुये खुलकर युद्ध को लेकर रूस के पक्ष में नहीं आ सकता। पुतिन के साथ नये और पुराने रक्षा मंत्री भी है। चीन यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने के लिये पैरवी के रूप में मध्यस्थता की कोशिश कर चुका है। जाहिर है प्रतिबन्धों के काट के रूप में रूस चीन पर ज्यादा निर्भर हो गया है। रूस और भारत की दोस्ती पुरानी है। बांगलादेश युद्ध में रूस ने भारत की खुलकर मदद दी थी। पर तब राजनैतिक माहौल दूसरी तरह का था। चीन से भारत के सम्बन्ध उतार चढ़ाव के साथ जारी है। भारत ग्लोबल साउथ की आवाज बन गया है इसलिये उसके हित में है किसी गुट का सदस्य न बनाना। नवभारत टाइम्स ने रूस और चीन की इस दोस्ती को दोस्ती अनलिमिटेड बहुत सही बताया है। दोस्ती का कमाल आगे के दिनों में देखने को मिलेगा। रूस इस दोस्ती के बल पर कितना आगे बढ़ता है।

## भारत में मुसलमानः आर्थिक और शैक्षिक चुनौतियों के बावजूद लोकतंत्र में विश्वास

इंशा वारसी

भारत की विविध आबादी के जटिल आवरण में, मुस्लिम समुदाय एक महत्वपूर्ण और जीवंत धागे के रूप में खड़ा है। भारत की 1.4 बिलियन आबादी का लगभग 14त्र हिस्सा, भारत में मुसलमान एक विकसित सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को नेविगेट कर रहे हैं। विभिन्न आर्थिक और शैक्षिक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, इस समुदाय के भीतर कई लोग भारत की राजनीतिक पहचान को परिभाषित करने वाले लोकतांत्रिक ढांचे के बारे में आशावादी हैं। 1949 में बनाया गया भारतीय संविधान अपने सभी नागरिकों के लिए समानता और न्याय का वादा करता है। कई भारतीय मुसलमानों के लिए, यह संवैधानिक गारंटी उनके जुड़ाव की भावना और भविष्य के लिए आशा के केंद्र में है। यह शिकायतों को संबोधित करने के लिए एक मंच और एक ढांचा प्रदान करता है जिसके भीतर वे अपने अधिकारों का दावा कर सकते हैं और व्यापक समाज में योगदान कर सकते हैं। सांप्रदायिक तनाव की अवधि के बावजूद, भारत में मुसलमान चुनावों में मतदान से लेकर नागरिक समाज में शामिल होने तक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेना जारी रखते हैं। लोकतंत्र में भारतीय मुसलमानों के विश्वास का एक कारण राजनीतिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी है। भारतीय मुसलमान ऐतिहासिक रूप से राजनीति में सक्रिय रहे हैं, जिन्होंने ऐसे नेता पैदा किए हैं जिन्होंने स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जबकि सरकार में मुस्लिम प्रतिनिधित्व की पर्याप्तता के बारे में बहस चल रही है, राजनीतिक जुड़ाव समुदाय-विशिष्ट मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बना हुआ है। हाल के वर्षों में, कई मुस्लिम नेतृत्व वाले राजनीतिक आंदोलन और दल उभरे हैं, जो अधिक प्रतिनिधित्व और वकालत की बढ़ती इच्छा को दर्शाते हैं। ये आंदोलन, हालांकि कभी-कभी बाधाओं का सामना करते हैं, सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए लोकतंत्र की क्षमता में स्थायी विश्वास को प्रदर्शित करते हैं। भारत के चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार अकेले गुजरात की 26 में से 25 सीटों पर होने वाले लोकसभा चुनाव में 35 मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में हैं। लोकतंत्र में अपनी आस्था के बावजूद, भारतीय मुसलमानों को अक्सर महत्वपूर्ण आर्थिक और शैक्षिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सच्चर समिति की रिपोर्ट (2006) ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत में मुसलमान अन्य समुदायों की तुलना में शिक्षा, रोजगार और आर्थिक स्थिति में पीछे हैं। राष्ट्रीय औसत की तुलना में मुसलमानों में गरीबी की उच्च दर और शिक्षा के निम्न स्तर के साथ यह स्थिति बनी हुई है। कई कारक इस असमानता में योगदान करते हैं, जिनमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सीमित पहुंच, रोजगार में भेदभाव और सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों में कम प्रतिनिधित्व शामिल हैं। इन मुद्दों को संबोधित करने के लिए लक्षित नीतियों और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है, जिसकी कुछ राजनीतिक नेता और नागरिक समाज संगठन वकालत कर रहे हैं। इन चुनौतियों के जवाब में, विभिन्न मुस्लिम नेतृत्व वाली पहल और नागरिक समाज संगठन समुदाय के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। मुस्लिम संगठनों द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थानों का उद्देश्य वंचित छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। इसी तरह, गैर सरकारी संगठन और जमीनी स्तर के आंदोलन मुस्लिम समुदाय के भीतर गरीबी, स्वास्थ्य और लैंगिक समानता जैसे मुद्दों को संबोधित कर रहे हैं। ये प्रयास प्रतिकूल परिस्थितियों में भारतीय मुसलमानों के लचीलेपन और अनुकूलन क्षमता का उदाहरण हैं। वे न्याय और समानता के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति समुदाय की प्रतिबद्धता को भी उजागर करते हैं, भले ही व्यवस्था लड़खड़ा रही हो। जबकि चुनौतियां बनी हुई हैं, भारतीय मुसलमानों के बीच समग्र भावना आशावाद की ओर झुकती है। लोकतंत्र, प्रतिनिधित्व और न्याय के अपने वादे के साथ, एक मार्गदर्शक प्रकाश बना हुआ है। अधिक समानता और अवसर के लिए चल रहा संघर्ष एक व्यापक कथा का हिस्सा है जो भारत के मुस्लिम समुदाय की ताकत और लचीलेपन को रेखांकित करता है। अंततः, लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर भारतीय मुसलमानों का भविष्य प्रणालीगत मुद्दों को संबोधित करने और एक अधिक समावेशी समाज को बढ़ावा देने के सामूहिक प्रयासों पर निर्भर करेगा। जब तक समुदाय लोकतांत्रिक प्रक्रिया में लगा रहता है, तब तक एक अधिक न्यायसंगत भविष्य की उम्मीद है जहां आर्थिक और शैक्षिक चुनौतियों को दूर किया जा सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

बुद्ध ने जब अपने युग की जनता को धार्मिक-सामाजिक, आध्यात्मिक एवं अन्य यज्ञादि अनुष्ठानों को लेकर अज्ञान में घिरा देखा, साधारण जनता को धर्म के नाम पर अज्ञान में पाया, नारी को अपमानित होते देखा, शुद्रों के प्रति अत्याचार होते देखे-तो उनका मन जनता की सहानुभूति में उद्वेलित हो उठा। लोकजीवन को ऊंचा उठाने के उन्होंने जो हिमालयी प्रयत्न किये, वे अद्भुत और आश्चर्यकारी है। बुद्ध के अनुयसा जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त करना है। यदि स्वयं पर विजय प्राप्त कर लिया तो फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी।

# बुद्ध धर्मक्रांति एवं व्यक्तिक्रांति के सूत्रधार



ललित गर्ग

गौतम बुद्ध एक प्रकाशस्तंभ है, उनका लोकहितकारी चिन्तन एवं कर्म कालजयी है और युग-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता है। बुद्ध पूर्णिमा को उनकी जयंती मनाई जाती है और उनका निर्वाण दिवस भी बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही हुआ था। आज के दिन गौतम बुद्ध अपनी पूर्णता में खिल गये थे, वे अपनी पूर्णता के साथ-साथ मानव समाज की पूर्णता की खोज में लगे रहे और एक प्रेरणा और संभावना बने। यानी यही वह दिन था जब बुद्ध ने जन्म लिया, शरीर का त्याग किया था, ज्ञान और मोक्ष प्राप्त किया। बुद्ध पूर्णिमा न केवल बौध धर्म के अनुयायियों के लिए बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति के लिये एक महत्वपूर्ण दिन है। बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए बुद्ध पूर्णिमा सबसे बड़ा त्योहार का दिन होता है। इस दिन अनेक प्रकार के समारोह आयोजित किए गए हैं। अलग-अलग देशों में वहां के रीति-रिवाजों और संस्कृति के अनुसार समारोह आयोजित होते हैं। बुद्ध पूर्णिमा को श्रीलंकाई 'वेसाक' उत्सव के रूप में मनाते हैं जो 'वैशाख' शब्द का अपभ्रंश है। इस दिन बौद्ध घरों में दीपक जलाए जाते हैं और फूलों से घरों को सजाया जाता है। दुनियाभर से बौद्ध धर्म के अनुयायी बोधगया आते हैं और प्रार्थनाएं करते हैं। बोधिवृक्ष की पूजा की जाती है। उसकी शाखाओं पर हार व रंगीन पताकाएँ सजाई जाती हैं। जड़ों में दूध व सुगंधित पानी डाला जाता है। वृक्ष के आसपास दीपक जलाए जाते हैं। गरीबों को भोजन व वस्त्र दिए जाते हैं।

महात्मा गौतम बुद्ध बौद्ध धर्म के संस्थापक थे। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा लोगों को अहिंसा और करुणा का भाव सिखाया। गौतम बुद्ध का जन्म नेपाल स्थित लुम्बिनी में 563वीं ईसा पूर्व में एक राजपरिवार में हुआ था। महात्मा बुद्ध को सबसे महत्वपूर्ण भारतीय आध्यात्मिक महामनीषी, सिद्ध-संन्यासी, समाज-सुधारक धर्मगुरु में से एक माना जाता है। उन्होंने न केवल अनेक प्रभावी व्यक्तियों बल्कि आम जन के हृदय को छुआ और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए। उन्हें धर्मक्रांति के साथ-साथ व्यक्ति एवं विचारक्रांति के सूत्रधार भी कह सकते हैं। उनकी क्रांतिवाणी उनके क्रांत व्यक्तित्व की द्योतक ही नहीं वरन् धार्मिक, सामाजिक विकृतियों एवं अंधरूढ़ियों पर तीव्र कटाक्ष एवं परिवर्तन की प्रेरणा भी है, जिसने असंख्य मनुष्यों की जीवन दिशा को बदला।

बुद्ध संन्यासी बनने से पहले कपिलवस्तु के राजकुमार सिद्धार्थ थे। शांति की खोज में वे 27 वर्ष की उम्र में घर-परिवार, राजपाट आदि छोड़कर चले गए थे। भ्रमण करते हुए सिद्धार्थ काशी के समीप सारनाथ पहुंचे, जहाँ उन्होंने धर्म परिवर्तन किया। यहाँ उन्होंने बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचें कठोर तप किया। कठोर तपस्या के बाद सिद्धार्थ को बुद्धत्व ज्ञान की प्राप्ति हुई और वह महान संन्यासी गौतम बुद्ध के नाम से प्रचलित हुए और अपने ज्ञान से समूचे विश्व को ज्योतिर्मय किया। बुद्ध ने जब अपने युग की जनता को धार्मिक-सामाजिक, आध्यात्मिक एवं अन्य यज्ञादि



अनुष्ठानों को लेकर अज्ञान में घिरा देखा, साधारण जनता को धर्म के नाम पर अज्ञान में पाया, नारी को अपमानित होते देखा, शुद्रों के प्रति अत्याचार होते देखे-तो उनका मन जनता की सहानुभूति में उद्वेलित हो उठा। लोकजीवन को ऊंचा उठाने के उन्होंने जो हिमालयी प्रयत्न किये, वे अद्भुत और आश्चर्यकारी है। बुद्ध के अनुयसा जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त करना है। यदि स्वयं पर विजय प्राप्त कर लिया तो फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी। इसे तुमसे कोई नहीं छीन सकता। गौतम बुद्ध कहते हैं कि व्यक्ति कभी भी बुराई से बुराई को खत्म नहीं कर सकता है। इसे खत्म करने के लिए व्यक्ति को प्रेम का सहारा लेना पड़ता है। प्रेम से दुनिया की हर बड़ी चीजों को जीता जा सकता है। बुद्ध के अनुसार, खुशियां बांटने से हमेशा बढ़ती हैं। कभी कम नहीं होती हैं। जंगली जानवर की अपेक्षा कपटी और दुष्ट मित्र से डरना चाहिए। जंगली जानवर आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन एक बुरा मित्र आपकी बुद्धि को नुकसान पहुंचा सकता है। गौतम बुद्ध के अनुसार, जीवन में तीन चीजें कभी भी छुपाकर नहीं रखा जा सकता है। वो है- सूर्य, चंद्रमा और सत्य।

वास्तव में देखा जाए तो राज-शासन और धर्म-शासन दोनों का ही मुख्य उद्देश्य जनता को सन्मार्ग पर ले जाना है। परन्तु राज-शासन के अधिनायक स्वयं मोहमाया ग्रस्त प्राणी होते हैं, अतः वे समाज सुधार के कार्य में पूर्णतया सफल नहीं हो पाते। भला, जो जिस चीज को अपने हृदयतल में से नहीं मिटा सकता, वह दूसरे हजारों हृदयों से उसे कैसे मिटा सकता है? राज-शासन की आधारशिला प्रेम, स्नेह एवं सद्भाव की भूमि पर नहीं रखी जाती है, वह रखी जाती है, प्रायः भय, आतंक और दमन की नींव पर। यही कारण है कि राज-शासन प्रजा में न्याय, नीति और शांति की रक्षा करता हुआ भी अधिक स्थायी व्यवस्था कायम नहीं कर सकता। जबकि धर्म-शासन परस्पर के प्रेम और सद्भाव पर कायम होता है, फलतः वह सत्य-पथ प्रदर्शन के द्वारा मूलतः समाज का हृदय परिवर्तन करता है और सब ओर से पापाचार को हटाकर स्थायी न्याय, नीति तथा शांति की स्थापना करता है। बुद्ध अन्ततोगत्वा इसी निर्णय पर पहुंचे कि भारत का यह दुःसाध्य रोग साधारण राजनीतिक हलचलों से दूर होने वाला नहीं है। इसके लिए तो सारा जीवन ही उत्सर्ग करना पड़ेगा, क्षुद्र परिवार का मोह छोड़ कर 'विश्व-परिवार' का आदर्श अपनाना होगा। राजकीय वेशभूषा से सुसज्जित होकर साधारण जनता में घुला-मिला नहीं जा सकता। वहां तक पहुंचने के लिए तो ऐच्छिक लघुत्व स्वीकार करना होगा, अर्थात् भिक्षुत्व स्वीकार करना होगा।

मानवता को बुद्ध की सबसे बड़ी देन है भेदभाव को समाप्त करना। यह एक विडम्बना ही है कि बुद्ध की इस धरती पर आज तक छूआछूत, भेदभाव किसी न किसी रूप में विद्यमान हैं। उस समय तो समाज छूआछूत के कारण अलग-अलग वर्गों में विभाजित था। बौद्ध धर्म ने सबको समान मान कर आपसी एकता की बात की तो बड़ी संख्या में लोग बौद्ध मत के अनुयायी बनने लगे। कुछ दशक पूर्व डाक्टर भीमराव आम्बेडकर ने भारी संख्या में अपने अनुयायियों के साथ बौद्ध मत को अंगीकार किया ताकि हिन्दू समाज में उन्हें बराबरी का स्थान प्राप्त हो सके। बौद्ध मत के समानता के सिद्धांत को व्यावहारिक रूप देना आज भी बहुत आवश्यक है। मूलतः बौद्ध मत हिन्दू धर्म के अनुरूप ही रहा और हिन्दू धर्म के भीतर ही रह कर महात्मा बुद्ध ने एक क्रान्तिकारी और सुधारवादी आन्दोलन चलाया। समााजिक क्रांति के संदर्भ में उनका जो अवदान है, उसे उजागर करना वर्तमान युग की बड़ी अपेक्षा है। ऐसा करके ही हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकेंगे। बुद्ध ने समतामूलक समाज का उपदेश दिया। जहां राग, द्वेष होता है, वहां विषमता पनपती है। इस दृष्टि से सभी समस्याओं का उत्स है-राग और द्वेष। व्यक्ति अपने स्वार्थों का पोषण करने, अहं को प्रदर्शित करने, दूसरों को नीचा दिखाने, सत्ता और सम्पत्ति हथियाने के लिए विषमता के गलियारे में भटकता रहता है। बुद्ध ने जन-जन के बीच आने से पहले, अपने जीवन के अनुभवों को बांटने से पहले, कठोर तप करने से पहले, स्वयं को अकेला बनाया, खाली बनाया। तप तपा। जीवन का सच जाना।

# बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध की शिक्षाएं

गौतम को जीवन की क्षण भंगुरता पर बड़ा क्षोभ हुआ। इन घटनाओं का गौतम पर बड़ा प्रभाव पड़ा, और उन्होंने सत्य की खोज करने का निर्णय कर लिया। इन चारों घटनाओं को चार महान संकेत कहते हैं। एक रात को वह अपनी पत्नी, पुत्र तथा सांसारिक वैभवों को त्याग कर आखिरकार राजमहल से निकल गये। उनके घर त्याग को महाभिनिष्क्रमण कहते हैं। सत्य की खोज में गौतम पहले तपस्वी ब्राह्मणों के शिष्य हुये, किंतु उनकी शिक्षा दीक्षा से सिद्धार्थ को संतोष नहीं हुआ और वे पाँच शिष्यों के साथ उरुबेला नामक वन में तपस्या के लिये गये।



सुरेश सिंह बैस

बौद्ध धर्म के संस्थापक, सिद्धार्थ गौतम कपिलवस्तु (नेपाल) के शाक्य राजा शुद्धोधन के पुत्र थे। उनकी माता का नाम महामाया था। उनका जन्म लुम्बिनी वन में उस समय हुआ था, जब उनकी माता अपने पिता के घर जा रहीं थी। उनके जन्म के सात दिन बाद ही उनकी माता का स्वर्गवास हो गया। उनकी जन्मतिथि पाँच सौ पैंसठ वर्ष ईसा पूर्व मानी जाती हैं। उनके जन्म पर जो पुरोहित उपस्थित थे। उन्होंने भविष्यवाणी की कि वह या तो चक्रवर्ती राजा होगा या फिर ज्ञानी साधु सन्यासी।

सिद्धार्थ बचपन से ही चिंतनशील थे। खेलकूद व अन्य मनोरंजन में उनका मन न लगता था। राजा को भय हुआ कि कहीं उनका पुत्र भविष्यवाणी के अनुसार साधु न हो जायें। अतः उन्होंने उसे गृहस्थ जीवन में प्रवृत्त करने के लिये उसका विवाह यशोधरा से कर दिया। गौतम का एक पुत्र हुआ जिसका नाम राहुल रखा गया। लेकिन होता वही है, जो विधाता को मंजूर रहता है। विधि ने जो उनके जीवन के लिए निर्धारित किया था। आखिर उसने चार घटनाओं के कारण युवराज और गृहस्थ धर्म में प्रवेश कर चुके राजकुमार सिद्धार्थ के जीवन को पूरी तरह से बदल कर रख दिया।

चार घटनाओं ने गौतम के जीवन को बहुत प्रभावित किया। इन्हीं घटनाओं के कारण गौतम को जीवन की क्षण भंगुरता पर बड़ा क्षोभ हुआ। इन घटनाओं का गौतम पर बड़ा प्रभाव पड़ा, और उन्होंने सत्य की खोज करने का निर्णय कर लिया। इन चारों घटनाओं को चार महान संकेत कहते हैं। एक रात को वह अपनी पत्नी, पुत्र तथा सांसारिक वैभवों को त्याग कर आखिरकार राजमहल से निकल गये। उनके घर त्याग को महाभिनिष्क्रमण कहते हैं। सत्य की खोज में गौतम पहले तपस्वी ब्राह्मणों के शिष्य हुये, किंतु उनकी शिक्षा दीक्षा से सिद्धार्थ को संतोष नहीं हुआ और वे पाँच शिष्यों के साथ उरुबेला नामक वन में तपस्या के लिये गये। इस वन में गौतम ने बड़ी कठोर तपस्था की। बागाभ्यास आदि से उन्होंने अपना शरीर सुखा डाला। इस तपस्या से उन्हें कुछ मानसिक शांति मिली किंतु उनका लक्ष्य था, ज्ञान प्राप्ति एक बार तो वह मरणासन्न हो गये। तब उन्होंने थोड़ा सा दूध पीकर प्राण रक्षा की। अब उन्होंने निश्चय किया कि देह दण्ड और कठोर तपस्या ज्ञान प्राप्ति के साधन नहीं हैं। अतः निराश होकर उन्होंने तप, उपवास, आदि का त्याग कर दिया। तपस्या छोड़ने के बाद गौतम गया के निकट एक पीपल के वृक्ष के नीचे समाधि लगाकर बैठ गये। रात्रि के अंतिम प्रहर में उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई, और तब से वे बुद्ध कहलाने लगे।

सांसारिक जीवन के संबंध में बुद्ध भगवान के विचार तर्क युक्त थे। उन्होंने सर्व साधारण को सरल तथा सुस्पष्ट भाषा में समझाया कि जीवन के कष्टों से कैसे छुटकारा मिल सकता है। बुद्ध की शिक्षायें निम्न हैं। पहला चार आर्य सत्य - बुद्ध ने कहाकि संसार में कष्ट और शोक तथा दुःख हैं, यह दूसरा आर्य सत्य हैं। उन्होंने बताया कि इसका कारण तृष्णा हैं। इन कष्टों, दुःखो तथा शोकों से छुटकारा मिल सकता है वह तीसरा आर्य सत्य हैं।



अर्थात् उनका कहना या कि इन कष्टों से हमें छुटकारा मिल सकता है। उन्होंने बताया कि इच्छाओं के दमन द्वारा इनसे छुटकारा मिल सकता हैं। वह चौथा आर्य सत्य है। इस प्रकार चार उन्होंने मध्यम मार्ग की शिक्षा दीं।

दूसरा मध्यम मार्ग - मध्यम मार्ग को को दर्शाने के लिए उन्होंने सामने आठ ऐसा उपाय रखा जिससे वे महान सिद्धांतों का मार्ग या अष्टांगिक मार्ग मार्ग भी कहा जाता है। जिससे मनुष्य जन सांसारिक कष्टों से मुक्त हो सकें। इसे चौथा मार्ग भी कहा जाता हैं। बौद्ध धर्म के अनुयायियों को आर्य सत्यों की शिक्षा देकर बुद्ध ने लोगों के आर्य सत्य के बारे में दीक्षित किया। ÷इच्छाओं के दमन के लिये इन आठ सिद्धांतों का पालन करना होता था, क्योंकि इच्छाओं का दमन इसी प्रकार हो सकता था मध्यम मार्ग के आधारभूत आठ मार्ग इस प्रकार है सम्यक् दृष्टि, सम्यक् संकल्प, सम्वक् वाक, सम्यक् कर्मान्त, सम्बक, जीविका, सम्यक् उद्योग, सम्यक् स्मृति और सम्यक् समाधि।

गौतम बुद्ध ने अपने अनुयायियों से कहाकि यदि वाद्य यंत्र वीणा के बीच के तार बहुत कस दिये जायें तो उनके टूट जाने का डर होता हैं। और यदि उन्हें बहुत ढीला कर दिया जायें तो वह बजेगी ही नहीं। इस प्रकार न तो अति भोग बिलास का जीवन व्यतीत करना अच्छा हैं और न कठिन तपस्या करके प्राण गंवाना ही! यहीं जीवन का मध्यम मार्ग हैं।

तीसरा निर्वाण- बुद्ध ने अपने धर्मावलंबियों के सामने निर्वाण का लक्ष्य रखा। निर्वाण का अर्थ हैं। जन्म मरण के चक्र से छुटकारा पा जाना! बुद्ध पुर्नजन्म में विश्वास करते थे। उनका कहना था कि जब मनुष्य की वासनायें नष्ट हो जाती है, तभी उसका अहंकार नष्ट होता हैं ।और तभी वह निर्वाण को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि हर जाति का व्यक्ति, चाहे वह ब्राम्हण हो या शूद्र तथा स्त्री हो या पुरुष, सभी मध्यम मार्ग का पालन करके निर्वाण प्राप्त कर सकत हैं।

चौथा कर्म- बुद्ध भगवान कर्म के सिद्धांत - को मानते थे। उनका विश्वास था कि जो मनुष्य जैसा कर्म करता है, उसको वैसा फल भोगना पडता है। उनका कहना था कि इस जन्म में हम पूर्व जन्म में किये गये कर्मों का फल भोगते है ।और इस जन्म में हम जो कर्म करते हैं. उनके अनुसार हमें आगे के जन्म में फल भोगना होगा! अतः उन्होंने अपने अनुयायियों से कहाकि उन्हें अच्छे काम करने चाहिये।

पांचवां अहिंसा- बौद्ध धर्म में अहिंसा को बहुत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त हैं। भगवान बुद्ध का कहना था कि हिंसा से बचो ।किसी जीव को पीड़ा या दुःख न पहुँचाओं। किसी भी जीव की हिंसा मत करो। सब जीवों से प्रेम करो। यज्ञ में दी जाने वाली बलि को उन्होंने बुरा और गलत कहा ।

छठवां ईश्वर- बुद्ध आत्मा व परमात्मा के विवाद में ज्यादा नहीं पड़े। पर वह परमात्मा के शारीरिक व्यक्तित्व में विश्वास नहीं करते थे। उनका कहना था कि संसार का नियम धर्म प्राकृतिक नियम के अनुसार चलता है, जिसे वह धर्म की संज्ञा देते थे। अतः उन्होंने अपने अनुयायियों का देवताओं की पूजा करने से मना किया।

सातवां दस शील - अपने धर्म के अनुयायियों को बुद्ध ने आदेश दिया कि वे अपना आचरण शुद्ध रखें। इसके लिये उन्होंने दस नियम बताये। इन नियमों को दसशील ज् कहते हैं- (1) दूसरों की संपत्ति का लोभ न करना। (2) हिंसा से दूर रहना। (3) झूठ ना बोलना। (4) नशीली वस्तुओं का प्रयोग न करना। (5) व्याभिचार से बचना (6) नृत्य संगीत में भाग न लेना। ( 7 ) सुगंधित पदार्थों तथा फूल माला आदि का प्रयोग न करना (8) कुसमय में भोजन न करना। (9) कोमल सैय्या का त्याग और ( 10 ) कंचन कामिनी का त्याग।

आठवां सम्यक समाधि-- उपरोक्त सात मार्ग के अभ्यास से चित्त की एकाग्रता द्वारा निर्विकल्प प्रज्ञा की अनुभूति होती है। यह समाधि ही धर्म के समुद्र में लगाई गई छलांग है। महात्मा बुद्ध इन अष्टांगिक मार्ग को कालचक्र कहते हैं। अर्थात समय का चक्र। समय और कर्म का अटूट संबंध है। कर्म का चक्र, समय के साथ सदा घूमता रहता है। आज जो आपका व्यवहार है, वह बीते कल से निकला हुआ है। कुछ लोग हैं, जिनके साथ हर वक्त बुरा होता रहता है, तो इसके पीछे कई कारणों की अनंत श्रृंखला है।

# अप्प दीपो भवः

बुद्ध के दर्शन का सबसे महत्त्वपूर्ण विचार 'अप्प दीपो भवः' अर्थात 'अपने दीपक स्वयं बनो' है। मसलन, व्यक्ति को अपने जीवन का उद्देश्य या नैतिक-अनैतिक का निर्णय स्वयं करना चाहिए। यह विचार इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह ज्ञान और नैतिकता के क्षेत्र में हर व्यक्ति को उसमें प्रविष्ट होने का अवसर प्रदान करता है। बुद्ध दर्शन के 'मध्यम मार्ग' का अभिप्राय सिर्फ इतना है कि किसी भी प्रकार के अतिवादी व्यवहार से बचना चाहिए। बुद्ध परलोकवाद की बजाए इहलोकवाद पर अधिक बल देते रहे।



सतेन्द्र सिंह

संसार में समय-समय पर ऐसे महापुरुष भी हुए हैं, जिन्होंने अपने ज्ञान के आलोक से मानव जाति को एक नई राह दिखाई है। भारतीय विरासत की ऐसी ही एक महान विभूति गौतम बुद्ध या महात्मा बुद्ध हैं। महात्मा बुद्ध का जन्म नेपाल के लुम्बिनी में 563 ईसा पूर्व में वैशाख पूर्णिमा के दिन हुआ था। युवावस्था में उन्होंने मानव जीवन के दुखों को देखा। रोगी व्यक्ति, वृद्धावस्था, मृत्यु की सच्चाई और एक प्रसन्नचित्त संन्यासी से प्रभावित होकर बुद्ध 29 वर्ष की अवस्था में सांसारिक जीवन को त्याग कर सत्य की खोज में निकल पड़े। महात्मा बुद्ध ने 528 ईसा पूर्व में वैशाख पूर्णिमा के दिन बोधगया में एक पीपल वृक्ष के नीचे आत्मबोध प्राप्त किया। वैशाख पूर्णिमा के दिन ही 483 ईसा पूर्व में कुशीनगर नामक स्थान पर महात्मा बुद्ध को निर्वाण प्राप्त हुआ। उन्होंने आजीवन संपूर्ण मानव सभ्यता को एक नयी राह दिखाई। दुनिया को अपने विचारों से नया मार्ग- मध्यम मार्ग दिखाने वाले महात्मा बुद्ध भारत के एक महान दार्शनिक, समाज सुधारक और बौद्ध धर्म के संस्थापक थे। भारतीय वैदिक परंपरा में उस समय जो कुरीतियां पैदा हो चुकी थीं, उन्हें सबसे पहले ठोस चुनौती महात्मा बुद्ध ने ही दी थी। बुद्ध ने वैदिक परंपरा के कर्मकांडों पर कड़ी चोट के संग-संग वेदों और उपनिषदों में विद्यमान दार्शनिक सूक्ष्मताओं को किसी-न-किसी मात्रा में अपने दर्शन में स्थान दिया। भारतीय सांस्कृतिक विरासत को रूढ़िवादिता से हटाकर उसमें नवाचार का संचार किया।

बुद्ध का मध्यम मार्ग सिद्धांत आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना बुद्ध के समय था। बुद्ध के दर्शन का सबसे महत्त्वपूर्ण विचार 'अप्प दीपो भवः' अर्थात 'अपने दीपक स्वयं बनो' है। मसलन, व्यक्ति को अपने जीवन का उद्देश्य या नैतिक-अनैतिक का निर्णय स्वयं करना चाहिए। यह विचार इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह ज्ञान और नैतिकता के क्षेत्र में हर व्यक्ति को उसमें प्रविष्ट होने का अवसर प्रदान करता है। बुद्ध दर्शन के 'मध्यम मार्ग' का अभिप्राय सिर्फ इतना है कि किसी भी प्रकार के अतिवादी व्यवहार से बचना चाहिए। बुद्ध परलोकवाद की बजाए इहलोकवाद पर अधिक बल देते रहे। बुद्ध के समय प्रचलित दर्शनों में चार्वाक के अलावा लगभग सभी दर्शन परलोक पर अधिक ध्यान दे रहे थे। उनके विचारों का सार यह था कि इहलोक मिथ्या है और परलोक ही वास्तविक सत्य है। इससे निरर्थक कर्मकांडों और अनुष्ठानों को बढ़ावा मिलता है। बुद्ध ने जानबूझकर अधिकांश पारलौकिक धारणाओं को खारिज किया। महात्मा बुद्ध के विचारों की पुष्टि इस कथन से होती है कि वीणा के तार को उतना नहीं खींचना चाहिए कि वह टूट ही जाए या फिर उतना भी उसे ढीला नहीं छोड़ा जाना चाहिए कि उससे स्वर ध्वनि ही न निकले।



गौतम बुद्ध ने तत्कालीन रुढ़ियों और अन्धविश्वासों का खंडन कर एक सहज मानवधर्म की स्थापना की। उन्होंने कहा, मनुष्य को संयम, सत्य और अहिंसा का पालन करते हुए पवित्र और सरल जीवन व्यतीत करना चाहिए। उन्होंने कर्म, भाव और ज्ञान के साथ 'सम्यक' की साधना को जोड़ने पर बल दिया, क्योंकि कोई भी 'अति' शांति नहीं दे सकती। इसी तरह पीड़ाओं और मृत्यु भय से मुक्ति मिल सकती है। भयमुक्ति और शांति को ही उन्होंने निर्वाण कहा है। उन्होंने निर्वाण का जो मार्ग मानव मात्र को सुझाया था, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना आज से ढाई हजार वर्ष पूर्व था, मानवता की मुक्ति का मार्ग ढूंढने के लिए उन्होंने स्वयं राजसी भोग विलास त्याग दिया और अनेक प्रकार की शारीरिक यातनाएं झेली। महात्मा बुद्ध ने सांसारिक दुःखों का कारण अविधा को माना है। तत्कालीन समाज पर इस दर्शन का व्यापक प्रभाव पड़ा। बौद्ध दर्शन के सिद्धांतों और तत्वों का जनमानस पर व्यापक प्रभाव देखने को मिलता है। बुद्ध के अनुसार जन्म, मृत्यु, संयोग, वियोग आदि सभी दुःखमय हैं। तृष्णा या लालसा सभी दुःखों का कारण है। तृष्णा के निरोध से दुःख की निवृति होती है। बुद्ध ने चार आर्य सत्य बताए हैं- दुःख है, दुःख का कारण है, दुःख का निवारण है और दुःखों से मुक्ति संभव है। दुःख का निरोध करने के लिए गौतम बुद्ध ने आठ आर्य सत्य बताए हैं, जिसे अष्टांगिक मार्ग कहा जाता है। ये अष्टांगिक मार्ग सम्यक् दृष्टि, सम्यक् संकल्प, सम्यक् वाक, सम्यक् कर्म, सम्यक आजीव, सम्यक् भाव, सम्यक् स्मृति, और सम्यक् समाधि हैं। इस अष्टांगिक मार्ग पर चलकर ही मोक्ष की प्राप्ति सम्भव है। बुद्ध ने अपने विचारों को अति गूढ़ रहस्यों से दूर रखा है। वे न तो तत्व मीमांसा के विवेचना के भ्रम में पड़ते हैं और न आत्मा-परमात्मा के भ्रम में। वे जीवन के अमरत्व और नश्वरता को नहीं मानते हैं। उनका स्पष्ट मानना था, जिस तर्क के अकाट्य प्रमाण न हों, उनसे दूर ही रहना चाहिए। अप्रत्यक्ष और शंका से युक्त तथ्य और रहस्य सदैव निर्माण के मार्ग में बाधा बनते हैं। दरअसल दुनिया में आज झगड़े ही झगड़े हैं जैसे- सांप्रदायिकता, आतंकवाद, नक्सलवाद, नस्लवाद, जातिवाद इत्यादि। इन सारे झगड़ों के मूल में बुनियादी दार्शनिक समस्या यही है कि कोई भी व्यक्ति, देश या संस्था अपने दृष्टिकोण से पीछे हटने को तैयार नहीं है। महात्मा बुद्ध के मध्यम मार्ग सिद्धांत को स्वीकार करते ही हमारा नैतिक दृष्टिकोण बेहतर हो जाता है। हम यह मानने लगते हैं कि कोई भी चीज का अति होना घातक होता है। यह विचार हमें विभिन्न दृष्टिकोणों के मेल-मिलाप और आम सहमति प्राप्त करने की ओर ले जाता है। महात्मा बुद्ध का यह विचार की दुःखों का मूल कारण इच्छाएँ हैं, आज के उपभोक्तावादी समाज के लिए प्रासंगिक प्रतीत होता है। दरअसल प्रत्येक इच्छाओं की संतुष्टि के लिए प्राकृतिक या सामाजिक संसधानों की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में अगर सभी व्यक्तियों के भीतर इच्छाओं की प्रबलता बढ़ जाए तो प्राकृतिक संसाधन नष्ट होने लगेंगे, साथ ही सामजिक संबंधों में तनाव उत्पन्न हो जाएगा। ऐसे में अपनी इच्छाओं को नियंत्रित करना समाज और नैतिकता के लिये अनिवार्य हो जाता है। मध्यकाल में कबीरदास जैसे क्रांतिकारी विचारक पर महात्मा बुद्ध के विचारों का गहरा प्रभाव दिखता है। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भी वर्ष 1956 में अपनी मृत्यु से कुछ समय पहले बौद्ध धर्म अपना लिया था और तर्कों के आधार पर स्पष्ट किया था कि क्यों उन्हें महात्मा बुद्ध शेष धर्म-प्रवर्तकों की तुलना में ज्यादा लोकतांत्रिक नज़र आते हैं। आधुनिक काल में महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन जैसे वामपंथी साहित्यकार ने भी बुद्ध से प्रभावित होकर जीवन का लंबा समय बुद्ध को पढ़ने में व्यतीत किया। महात्मा गौतम बुद्ध ने अपने उपदेशों में कहा है कि मनुष्य को बीते कल के बारे में नहीं सोचना चाहिए। न ही भविष्य की चिंता करनी चाहिए, बल्कि मनुष्य को अपने आज यानि की वर्तमान को सुनहरा बनाने के लिए अपना बेस्ट देना चाहिए, तभी वे अपने जीवन में सुखी रह सकते हैं।

# रैली में लोगों को लाने के लिए पैसे देते हैं सपा-कांग्रेस वाले : मोदी

अवधनामा संवाददाता



**श्रावस्ती।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को श्रावस्ती में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कल मैं एक वीडियो देख रहा था, जिसमें लोग भाग-भाग कर मंच पर चढ़ रहे थे, तो मैंने पूछा भई, ये हुड़दंग क्यों चल रहा है?... तो उन्होंने बताया कि सपा कांग्रेस वाले रैली में लोगों को लाने के लिए कॉन्ट्रैक्ट देते हैं, प्रति व्यक्ति पैसे देते हैं, लेकिन इन्होंने पैसा दिया नहीं, तो लोग भागकर मंच पर चढ़ गए। अब जिस पार्टी का ये हाल हो, वो आपका भला कैसे कर सकती है। पीएम मोदी श्रावस्ती में जनता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर हमलावर होते हुए कहा कि इंडी गठबंधन में कैंसर से भी बुरी बीमारियां हैं। ये फैलते फैलते पूरे हिंदुस्तान को तबाह कर देंगे। ये तीनों बीमारियां देश के लिए कैंसर से भी ज्यादा विनाशक बन सकती हैं। ये घोर सांप्रदायिक हैं। ये घोर जातिवादी हैं। ये घोर परिवारवादी हैं। पीएम मोदी श्रावस्ती में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मोदी ने 50 करोड़ से ज्यादा गरीबों के जनधन खाते खुलवाए, ये आपका बैंक खाता बंद कर देंगे और पैसे छीन लेंगे। मोदी ने हर गांव में बिजली पहुंचाई, ये बिजली कनेक्शन कटवा कर फिर अंधेरा कर देंगे। मोदी घर-घर पानी पहुंचा रहा है, सपा-कांग्रेस वाले आपके घर की पानी की टोंटी भी खोल कर ले जाएंगे और इसमें तो इनकी महारत है। पीएम मोदी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी किसी शाही खानदान से नहीं आया है। मैं इन्हीं माताओं जैसी गरीब मां का बेटा हूं। मुझे किसी के लिए कुछ कमाना नहीं है, लेकिन मैं अपने देश को इतना मजबूत बनाना चाहता हूं कि परिवारवादी पार्टियां फिर से देश को बदहाल न कर सकें। इसके लिए मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए।

हमारा श्रावस्ती इतनी ऐतिहासिक और पौराणिक जगह है, जहां पूरे देश से पर्यटक आना चाहते हैं। पहले इतने समय सपा-बसपा-कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन किसी ने श्रावस्ती के विकास के बारे में नहीं सोचा। इन्हें न श्रावस्ती के विकास की चिंता थी, न ही देश के विरासत की फिक्र थी। हमारी सरकार श्रावस्ती को देश के नक्शे पर अलग पहचान देने के लिए काम कर रही है।

**मोदी वंचितों के अधिकारों का चौकीदार है**

पीएम मोदी ने कहा कि वंचितों का जो अधिकार है, मोदी उसका चौकीदार है। मैं आपको गारंटी देता हूं, आरक्षण छीनने का कर्नाटक मॉडल देश में लागू नहीं होने दूंगा। जिन लोगों ने 60 साल तक कुछ नहीं किया, वो मोदी को रोकने के लिए एक हो गए हैं। यूपी में दो लड़कों की जोड़ी फिर से लॉन्च हुई है। वही पुरानी फ्लॉप फिल्म, वही पुराने किरदार, वही पुराने डायलॉग। पूरा चुनाव खत्म होने को है, लेकिन एक भी नई बात इन लोगों के मुंह से आपने सुनी क्या?

## मशहूर भजन गायक अजय पाठक हत्याकांड में कोर्ट का बड़ा फैसला

**शामली।** प्रसिद्ध भजन गायक अजय पाठक, उनकी पत्नी और दो बच्चों की हत्या करने वाले आरोपित हिमांशु सैनी को साढ़े चार साल बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि 30 दिसंबर 2019 में आदर्श मंडी थाना क्षेत्र की पंजाबी कालोनी रेलपार में अजय पाठक (42), पत्नी स्नेहलता (38), बेटी वसुंधरा (15) और बेटे भागवत (10) की हत्या कर दी गई थी। आरोप अजय के शिष्य हिमांशु पर लगा था। जांच में सामने आया था कि आरोपित भागवत के शव को अजय की ही गाड़ी में लेकर गया और पानीपत टोल प्लाजा के पास गाड़ी में आग लगा दी थी। पानीपत पुलिस ने गाड़ी से शव बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार किया था। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार ने बुधवार को हिमांशु को दोषी ठहराते हुए जुर्माना सहित मृत्यु दंड की सजा सुनाई है।

# कांग्रेस को नहीं पता, कहां हुआ था प्रभु राम का जन्म : सीएम डॉ. मोहन

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विपक्ष के पूर्ववर्ती सरकारों की कार्य प्रणाली का हवाला देते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

कहा कि, कांग्रेस के शासनकाल में देश की सीमाएं असुरक्षित थीं। घोटालों के चलते पूरा देश अस्त-व्यस्त था। राहुल गांधी ने कैबिनेट के फैसले को फाड़ दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश सशक्त हुआ है। पाकिस्तान ने दो बार गलती की तो घर में घुसकर उसे मारा गया। बहुमत के साथ सरकार आते ही कश्मीर से धारा 370 खत्म कर दी गई। बुधवार को डा. मोहन यादव भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के पक्ष में बरगदवा के मुन्नर प्रसाद इंटर कालेज के परिसर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे देश को मालूम है कि भगवान राम का जन्म अयोध्या में हुआ था, लेकिन कांग्रेस को यह पता नहीं है। प्रभु राम अयोध्या में नहीं मुस्कराएंगे तो कहां मुस्कराएंगे। अयोध्या धाम आज जगमगा रहा है। देश के सभी धाम इसी तरह से उल्लासित होंगे।



**कहा, प्रभु राम अयोध्या में नहीं मुस्कराएंगे तो कहां मुस्कराएंगे**

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां युवाओं की संख्या सबसे अधिक है। कांग्रेस के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मजाक उड़ाया कि चाय वाला कैसे सरकार चला पाएगा। कहा कि कोरोना वैक्सीन को मोदी वैक्सीन कहकर विपक्षियों ने तंज कसा था। पाठ्यक्रमों में एजेंडे के अनुरूप बदलाव किए गए। जो काम अंग्रेज नहीं कर पाए उसे कांग्रेस कर रही है। जनसभा को केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, नौतनवा के विधायक ऋषि त्रिपाठी ने भी संबोधित किया।

## आगरा के सबसे बड़े कपड़ा मार्केट में लगी आग, जलीं 12 दुकानें



अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में रेडीमेड कपड़ों की सबसे बड़ी मार्केट सिंधी बाजार में आग लगने से हड़कंप मच गया। एक दुकान में लगी आग तेजी से लाइन से लगी अन्य दुकानों में फैलने लगी। दुकानदारों को इतना समय तक नहीं मिला कि वे थोड़ा बहुत भी सामान बाहर निकाल सकें। लोगों ने तेजी से आग बुझाने के लिए प्रयास शुरू करने के साथ ही दमकल को सूचना दे दी। कपड़ा मार्केट में आग लगने की जानकारी मिलते ही पुलिस के साथ दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। आग पर काबू पाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

## 'जनता के अधिकार की बात करने वालों की दुश्मन है भाजपा'

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जो जनता के अधिकार की बात करे उसे भाजपा अपना विरोधी मानती है क्योंकि भाजपा जनता के हक को छीननेवाली पार्टी है। वो खरबपतियों की कठपुतली पार्टी है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि बीएयू को बचाने के लिए भाजपा के ख़िलाफ़ 'आमरण अनशन' पर बैठे डॉ. ओम शंकर जी से अनुरोध है कि वो अपना आमरण अनशन तोड़ें और जनता के रक्षक 'इंडिया गठबंधन' का साथ देकर भ्रष्ट भाजपा को हटाने के लिए नया व्रत लें। भाजपा हर सच्चे इंसान के विरूद्ध है। जो जनता के अधिकार की बात करे उसे भाजपा अपना विरोधी मानती है क्योंकि भाजपा जनता के हक को छीननेवाली पार्टी है। जो निजीकरण के खिलाफ है। भाजपा उसे भी अपना दुश्मन समझती है क्योंकि वो उन खरबपतियों की कठपुतली है जो निजीकरण करके बेतहाशा मुनाफा कमाना चाहते हैं।

# 40 करोड़ रुपये की पर्चियां, स्टेट और सेंट्रल जीएसटी भी करेगी जांच

**आगरा।** आगरा में हरमिलाप ट्रेडर्स व अन्य के यहां आयकर छापे में 40 करोड़ रुपये की पर्चियां मिली हैं, जिनमें तीन से चार हजार व्यापारियों को भुगतान देना है। इन पर्चियों को जारी करने वालों की जांच की जाएगी। आयकर विभाग का मानना है कि जिन कारोबारियों ने इन पर्चियों को जारी किया है, उन्होंने पूरी आपूर्ति को अपनी एकाउंट बुक्स में शामिल नहीं किया है।

पर्चियों को जारी करने वालों की पूरी जानकारी स्टेट और सेंट्रल जीएसटी के साथ साझा की जाएगी। जिन कारोबारियों ने यह पर्चियां जारी की हैं, उनके रिटर्न से इन पर्चियों का मिलान किया जाएगा। अगर खरीद को रिटर्न में दर्ज नहीं पाया गया तो उस कारोबारी को नोटिस दिया जाएगा। इसी तरह हवाला के जरिए जिस रकम का लेन देन किया गया है, उसके भी तार खंगाले जाएंगे। आयकर छापे में





जूता कारोबारियों पर आयकर छापा

हरमिलाप ट्रेडर्स के रामनाथ डंग के घर से 53 करोड़ रुपये की नगदी मिली, जबकि अन्य से चार करोड़ मिलाकर कुल 57 करोड़ रुपये के नोटों की गड्डियां घर की अलमारी, डबल बेड और बैग में भरी हुई मिलीं। 500 रुपये की 11,400 गड्डियों को आयकर विभाग ने स्टेट बैंक आफ इंडिया की करेंसी चेस्ट में दो वैन से जमा कराया। करेंसी चेस्ट में इन नोटों को गिनने में 17 घंटे से ज्यादा का समय लगा। सोमवार सुबह 11 बजे से लेकर मंगलवार सुबह 4 बजे तक नोटों को गिनने का काम किया गया। स्टेट बैंक के कैशियरों को रकम गिनने में लगाया गया था। नोट गिनने की मशीनों से करेंसी चेस्ट में दोबारा नोटों को गिना गया, तब सुबह 4 बजे करेंसी चेस्ट में नोट जमा कराए जा सके। किसी आयकर छापे में यह अब तक की सबसे बड़ी नगदी की बरामदगी है।

## मौत मामले में दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने देवरिया जिले में पुलिस की पिटाई से 30 वर्षीय युवक की मौत हो जाने पर चौकी प्रभारी सहित दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर फौरन गिरफ्तार करने की मांग की है।

पार्टी के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने आज एक बयान में कहा कि योगी सरकार में पुलिस निरंकुश हो गई है। मुख्यमंत्री योगी की ओर से पुलिस को दी गई खुली छूट ने हिरासती मौतों में प्रदेश को नंबर एक बना दिया है। पुलिस राज चल रहा है। लोकतंत्र के पर्व चुनाव के दौरान भी पुलिस का बर्बर रुप सामने है। कानून के रखवाले हत्यारे बन गए हैं। पीएम मोदी चुनाव प्रचार में योगी की इसी निरंकुश पुलिस-बुल्डोजर राज का गुणगान करते हैं। यही भाजपा का मॉडल है। कानून के राज और लोकतंत्र के लिए



यह शर्मनाक है। माले नेता ने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार, बरहज थानाक्षेत्र के निवासी दद्दन यादव की सतरांव चौकी के प्रभारी व पुलिसकर्मियों ने बेरहमी से पिटाई की, जिससे उन्हें खून की उल्टियां होने लगीं। अस्पताल में इलाज के दौरान अगले दिन मंगलवार को उनकी मौत हो गई। राज्य सचिव ने कहा कि आपराधिक कृत्य का आरोप खुद पुलिस पर है, लिहाजा मृतक और परिवार को न्याय दिलाने के लिए घटना की न्यायिक जांच होनी चाहिए। मानवाधिकार आयोग भी संज्ञान ले और पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाये।

# ताइक्वाण्डो में सीएमएस छात्रों ने जीते पाँच पदक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अयोध्या रोड कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों ने यूपी स्टेट ताईक्वाण्डो चैम्पियनशिप-2024 में 2 गोल्ड मेडल, 2 सिल्वर मेडल एवं 1 ब्रांज मेडल समेत कुल 5 पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का अभूतपूर्व परचम लहराया है। चैम्पियनशिप का आयोजन उत्तर प्रदेश ताईक्वाण्डो एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया, जिसमें सी.एम.एस. अयोध्या रोड कैम्पस के छात्र समर्थ प्रताप सिंह एवं अध्यन जायसवाल ने गोल्ड मेडल, प्रांजल श्रीवास्तव एवं तेजस सिंह ने सिल्वर मेडल जबकि जायना भाटिया ने ब्रांज मेडल अपने नाम किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों की छात्र टीमों ने



प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते पाँच पदक अर्जित कर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के इन सभी होनहार छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

## सीएमएस छात्र को 1,08,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के छात्र अयमान खान को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा 1,08,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। अयमान को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के



अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 80 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

# प्रदेश में बिजली के डिमांड ज्यादा और उत्पादन कम

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** वर्तमान में उत्तर प्रदेश में रोस्टिंग व ब्रेकडाउन को जोड लिया जाए तो बिजली की डिमांड लगभग 29000 मेगावाट से 30000 मेगावाट के बीच जा रही है वही प्रदेश में बिजली की उपलब्धता 28500 के आसपास है इसी बीच 18 से 22 मई के बीच ओबरा की 200 ऊंचाहार की 210 मेगावाट और आज ललितपुर की 660 मेगावाट की मशीन जिसमे 2 में ब्वॉयलर ट्यूब लीकेज की वजह से बंद हो गई जिसमे पुनः ऊर्जा का उत्पादन एक-दो दिन में शुरू होने की उम्मीद है जिसकी वजह से लगभग 1070 मेगावाट की गिरावट आ गई ऐसे में माननीय ऊर्जा मंत्री जी द्वारा सबको 24 घंटे बिजली दिए जाने के फॉर्मूले पर ग्रहण लग गय घोषित तौर पर गांव में लगभग 2 घंटे बिजली कटने लगी अघोषित रूप से ब्रेकडाउन और रोस्टिंग के चलते जो बिजली कट रही उसका कोई हिसाब किताब नहीं लेकिन सबसे बडा सवाल यह है कि चाहे मशीन बंद हो या बिजली की कमी हो सबसे पहले ग्रामीण क्षेत्र पर ही संकट क्यों आता है यूपीएसएलडीसी सबसे पहले घोषित और आघोषित दोनों तरह से ग्रामीण की ही बिजली में कटौती करता है यदि प्रदेश में संकट है तो समानता के आधार पर ग्रामीण नगर पंचायत तहसील जनपद मंडल महानगर औद्योगिक सबकी बिजली कटनी चाहिए ग्रामीण क्षेत्र की ही बिजली क्यों काटी जाती है इस पर उत्तर प्रदेश सरकार को सोचना चाहिए।

**प्रदेश में तीन उत्पादन इकाइयां बंद होने से लगभग 1070 मेगावाट की आई कमी**

अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा वर्तमान में उत्तर प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र में सबसे ज्यादा ब्रेकडाउन होते हैं तार टूटते हैं ट्रांसफार्मर जलते हैं जिसके चलते उन्हें सरकार द्वारा घोषित बिजली नहीं मिल पाती और जब बिजली की कमी होती है किसी भी स्तर से तो तुरंत उन्हें की बिजली में कटौती की जाती है जो मानवीय आधार पर और कानूनंन दोनों तरह से गलत है इस परिपाटी पर विराम लगना चाहिए अगर प्रदेश में बिजली संकट है तो सभी उपभोक्ताओं को समानता के आधार उसका बहन करना चाहिए इस पूरे मामले पर उत्तर प्रदेश सरकार और पावर कॉरपोरेशन दोनों को सोचना चाहिए बिजली आवश्यक सेवाओं का अंग है यदि उसकी कमी पर कटौती राजस्व के आधार पर की जाएगी तो यह गलत है जहां से राजस्व ज्यादा आता है वहां बिजली कटौती सबसे बाद में की जाती है जहां से राजस्व काम आता है वहां पर बिजली की कटौती सबसे पहले की जाती है या फार्मूला पूरी तरह गलत है बिजली आवश्यक सेवाओं का अंग है इसलिए समानता के आधार पर ही कार्यवाही होनी चाहिए।

## टीएमयू डेंटल में आठ साल से फंसे छर्रों की सफल सर्जरी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी डिपार्टमेंट की ओर से रामपुर के 55 वर्षीय मानसिंह के कान, गाल और गर्दन में फंसे छर्रों का आयुष्मान योजना के तहत सफल ऑपरेशन हुआ। करीब 08 साल पहले मानसिंह को एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के समय छर्रे लगे थे। उन्होंने उस समय कोई विशेष ध्यान नहीं दिया। घाव तो भर गए, लेकिन चेहरे पर अक्सर सूजन रहती थी एवम् कान, आंख और गाल के आसपास तेज दर्द होता। सूजन और पीड़ा के कारण खाना खाने में भी समस्या होती। मानसिंह ने बहुतेरे जगह इलाज कराया, लेकिन इलाज में बड़ी कोताही हुई क्योंकि किसी ने उसका एक्स-रे ही नहीं कराया। अंत में परिजन उन्हें लेकर टीएमयू डेंटल कॉलेज में लेकर आए। यहां आकर जब डॉक्टर्स ने उनकी जांच और एक्स-रे किया तो पता चला कि उनके कान, गाल और गर्दन में तीन छर्रे फंसे हुए हैं। ऐसे में डॉक्टर्स ने तुरंत ऑपरेशन कराने की सलाह दी क्योंकि यदि ऑपरेशन नहीं किया जाता तो पेशेंट को लकवा हो सकता था या छर्रे वाली साइड सुन्न हो जाती।

काश्तकार की फैमली की हामी पर ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी डिपार्टमेंट के एचओडी प्रो. नन्दकिशोर डी. के संग उनके डॉक्टर्स की टीम ने ऑपरेशन करने का फैसला लिया। करीब तीन घंटे चले इस ऑपरेशन में पेशेंट के कान, गाल और गर्दन में फंसे तीन छर्रों को सफलतापूर्वक निकाला। ऑपरेशन के समय डॉक्टर्स के सामने पेशेंट की फेशियल नसों को बचाने की चुनौती तो थी ही, साथ ही आंख की रोशनी और कान की श्रवण क्षमता का भी सवाल था। सर्जरी के बाद पेशेंट को तीन दिन तक डॉक्टर्स ने ऑब्जर्वेशन में रखा गया। इसके बाद डिस्चार्ज कर दिया गया।

# एक-एक मत से अच्छी सरकार बनेगी : कुलसचिव

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हम सभी के एक-एक मत की अहम भूमिका होती है। आप मतदान तिथि पर सबसे पहले मतदान करने के बाद ही कोई अन्य काम करें। आपके एक-एक मत से अच्छी सरकार बनेगी और भारत को मजबूती मिलेगी। उक्त बातें आर.एल. विश्वकर्मा कुलसचिव नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय प्रयागराज द्वारा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज द्वारा आज विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कि लोकसभा चुनाव 2024 में शतप्रतिशत मतदान के लिए आज सभी को संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि एक वोट से क्या होगा, इस भ्रम से बाहर निकल कर देश की प्रगति एवं विकास के लिए सभी को मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है, इसलिए आप सब की जिम्मेदारी है की



आपके बूथ पर शतप्रतिशत मतदान हो।

कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए केन्द्रीय संचार ब्यूरो के कार्यक्रम प्रभारी राम मूरत ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पिछले लोकसभा निर्वाचन में कम वोटिंग प्रतिशत वाले क्षेत्रों में लगातार अभियान चलाकर कर मतदाताओं से शतप्रतिशत मतदान के लिए अपील जारी है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मतदाताओं को निर्भीक होकर निष्पक्ष रूप से बिना किसी लोभ-लालच के मतदान तिथि पर मतदान करने की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर केन्द्रीय संचार ब्यूरो के प्रचार सहायक बालमुकुन्द सिंह द्वारा कुल सचिव आरएल विश्वकर्मा व निदेशक डा. आरपी मिश्रा को विभाग की ओर से स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर यातायात निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय ने कहा कि वोट डालने का अधिकार पूरे भारतवासियों को संविधान द्वारा प्राप्त है, तो उस अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान जादूकर रवीन्द्र कुमार एण्ड पार्टी प्रयागराज ने वोट के महत्व को जादू के कार्यक्रम से दिखाया जिसे खूब पसंद किया गया। कार्यक्रम के दौरान राम मूरत द्वारा स्वीप पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संचालित की गयी जिसमें निकीता बजाज, शक्ति सिंह, राजनीश कुमार, तत्सल यादव, सचिन यादव, रूचि, पूजा मौर्या आदि को अतिथियों द्वारा ब्यूरो की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डा. राघवेन्द्र मालवीय ने किया। हस्ताक्षर अभियान के तहत सभी लोगों ने अपने अपने हस्ताक्षर भी किये। कार्यक्रम के दौरान प्रो. भावेश दुबे, डॉ किरण सिंह, डॉक्टर साधना त्रिपाठी, डॉक्टर श्रवण कुमार मिश्रा, डॉ देवेंद्र यादव, डॉ विदुषेकर पांडेय, डॉ मनीष सिंह, डॉ आलोक कुमार मिश्रा, डॉ राघवेंद्र मालवीय, डॉ अनुपमा सिंह, डॉ वंदना सिंह, प्रतिमा मिश्रा, डॉ रामेंद्र तिवारी, डॉ प्रदीप मिश्रा , डॉक्टर छाया, डॉक्टर सब्यसाची, अंजलि सिंह, डा. पवन दूबे, प्रो. रोहित रमेश, डा. एस.सी. तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक-शिक्षा विभाग की छात्राएं उपस्थित रही।

**सीबीसी द्वारा नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया स्वीप कार्यक्रम**

## केक डेकोरेशन प्रतियोगिता 25 को

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गर्मी की दुट्टियों के इन दिनों आयोजनों की घूम मची है। इसी क्रम में केक डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार 25 मई को किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में सेलिब्रिटी शेफ प्रो.डा.इज्जत हुसैन मुख्य अतिथि होंगे, जबकि आईबीसीए नई दिल्ली के एक्जीक्यूटिव शेफ बालेन्द्र सिंह, शेफ प्रो.अमित गुप्ता और शेफ अंकुर मलिक जजमेण्ट करेंगे। आयोजक एसके फोवरास बेक्स की शेफ ऋतु जायसवाल ने बताया कि शनिवार 25 मई को मध्यान्ह 12 बजे से शाम चार बजे तक विक्रमखण्ड-2 गोमतीनगर कह इन्स्पायर लिविंग मैनेजमेण्ट एकेडमी में होगी। केक सजाने की यह प्रतियोगिता तीन कैटेगरी में होगी। प्रतिभागियों को प्रतियोगिता स्थल पर ही केक तैयार करने होंगे।

## झूलेलाल घाट पर 23 को मनेगी बुद्ध पूर्णिमा

**लखनऊ।** सनातन महासभा द्वारा प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित इस बार 125वी सनातन समागम व आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन हरिद्वार की तर्ज पर झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर 23 मई, गुरुवार को शाम 6:30 बजे होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 प्रवीण व महासचिव देवेंद्र शुक्ल ने संयुक्त रूप से बताया कि बैशाख पूर्णिमा व भगवान बुद्ध जयंती पर 125वे सनातन समागम में सांस्कृतिक संध्या के साथ हाइस्कूल/इंटर के मेधावी छात्र/छात्राओं का सम्मान होगा और नशा व अपराध मुक्त उ0प्र0 विषयक स्लोगन, पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता होगी साथ ही दीपदान संकल्प लिया जाएगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान बुद्ध की झांकी और अन्य कथक नृत्य प्रस्तुत किये जायेंगे और 05 विभूतियों को सनातन शिरोमणि सम्मान भी दिए जाएंगे। इस बार पूर्व न्यायमूर्ति एस0एस0 उपाध्याय,,,न्यायाधीश श्रीमती मीनाक्षी, आई आर सी टी सी रेलवे के एम0डी0 श्री प्रशांत सिन्हा विशिष्ट अतिथि होंगे।

**हाइस्कूल, इंटर मेधावी छात्र-छात्राओं का होगा सम्मान**

# विश्व कछुआ दिवस 23 मईः नदी के प्राकृतिक सफाईकर्मी होते है कछुये

वहाज अली निहाल

■ हर वर्ष सैकड़ों कछुए लेते है राष्ट्रीय चंबल सेंचुरी में जन्म

**इटावा।** नगर पालिका परिषद के पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के ब्रांड एम्बेसडर वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ.आशीष त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि, पूरी दुनियां में हर साल 23 मई को विश्व कछुआ दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है जिसके मानने के पीछे कारण यह भी है कि, कुछ पैसों के लालच में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पौरुष शक्ति बढ़ाने वाली दवाइयों को बनाने में कछुओं की बेहद मांग होने की वजह से ही इनके अवैध शिकार के कारण इन बेजुबान नन्हें प्राकृतिक जल गिद्धों के अस्तित्व पर बड़ा खतरा भी मंडरा रहा है। दुनियाँ भर में साफ पानी के कछुओं की संख्या का घटना पृथ्वी के भविष्य के लिए एक चिंतनीय विषय भी है देखा जाए तो धरती के नेचुरल इकोसिस्टम (प्राकृतिक चक्र) के लिए भविष्य में यह समस्या बड़ी खतरे की घंटी बन कर भी हमारे सामने अवश्य ही आएगी। उनके अनुसार गंभीर रूप से विलुप्त हो रहे रेड क्राउंड रूफड टर्टल (बटागुर कचुगा)और श्री इस्ट्राईपड रूफड टर्टल (तीन-धारियों वाला रूफड कछुआ) के सैकड़ों हैचलिंग चम्बल नदी में हर साल छोड़े जाते है लेकिन उसमे से कितने बच्चे वयस्क हो पाते है और लगातार नदी में जीवित बने रहते है यह भविष्य के गर्भ में है। क्यों की जून जुलाई के आखिर में राजस्थान के विशाल कोटा बैराज डैम से आने वाली मटमैली खतरनाक भयावह बाढ़ इन नन्हें जल गिद्धों को



डॉ. आशीष त्रिपाठी (वन्यजीव विशेषज्ञ)

दूर दूर तक अपने साथ पानी में बहाकर ले जाती है तब न जाने कितने ही नन्हें कछुए उस काल के गाल में खो जाते है या कहीं ईश्वर की कृपा से सुरक्षित बच जाते है इस यक्ष प्रश्न का प्रतिउत्तर भी भविष्य के गर्त में ही छुपा हुआ है आपको बता दें कि विश्व टर्टल (कछुआ) दिवस पूरे विश्व भर में 23 मई को मनाया जाता है। जिसके माध्यम से नदी किनारे रहने वाले तटीय इलाके के लोगों में प्राकृतिक इकोसिस्टम के संचालन की समझ को विकसित करने और ज्यादातर स्कूली बच्चों तक जलीय स्थलीय जीवों के प्राकृतिक महत्व और उनके संरक्षण का संदेश पहुंचाने की एक कवायत संस्था (ओशन) ऑर्गनाइजेशन फॉर कंजरवेशन ऑफ इन्वायरनमेंट एंड नेचर द्वारा समय-समय पर लगातार की जाती है। इसके साथ ही एक दशक पूर्व नदी के साफ पानी के कछुओं पर कानपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध कालेज जनता कालेज बकेवर में अपना शोध कार्य पूर्ण कर चुके वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र श्री त्रिपाठी के अनुसार भारत सहित पूरी दुनिया में साफ़ पानी के कछुओं की आबादी तेजी से घट भी रही है जो कि एक बेहद ही चिंतनीय विषय भी है इसके पीछे इन जलीय जीवों का अवैध शिकार, बालू खनन और प्राकृतिक आपदा एक प्रमुख कारण होता है। विदित हो कि, विलुप्त प्रजाति के कछुओं के संरक्षण के लिए चंबल संरक्षण परियोजना वर्ष 2006 में शुरू की गई थी जो कि उत्तर प्रदेश वन विभाग के द्वारा शुरू हुई और आज वह कछुआ संरक्षण की प्रमुख परियोजनाओं में से एक परियोजना भी है जिसके अंतर्गत ताजे पानी के दो कछुओं की प्रजातियों में(जो कि खतरे में हैं)उनपर भी केंद्रित है जिन्हें रेड क्राउंड रूफड टर्टल और श्री इस्ट्राईपड रूफड टर्टल भी कहते हैं। हर साल इन दो विलुप्त होने के मुहाने पर खड़ी कछुओं की विशेष प्रजातियों के लगभग कई सैकड़ा घोंसलों (नेस्ट) की चम्बल के आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व प्रोपर मॉनिटरिंग भी की जाती है। फिर इन घोंसलों (नेस्ट) को नदी के ही किनारे मानवनिर्मित हैचरी बना कर संरक्षित किया जाता है इन हैचलिंग (कछुओ के बच्चों) को तुरंत उनके जन्म स्थलों के पास से दूर ले जाकर साफ पानी में छोड़ दिया जाता है। यही नन्हें कछुये नदी के जल में रहकर व्यस्क होने पर एक प्राकृतिक जल गिद्ध की तरह से अपना कार्य करते रहते है जो नदी में सड़े गले माँस को आसानी से खाकर नदी के पानी को हमेशा ही साफ और स्वच्छ भी बनाये रखते है इसलिए हम सभी को भी हमारी प्रकृति में मौजूद इन बेहद महत्वपूर्ण नन्हें जलीय जीवों प्राकृतिक सफाईकर्मियों की रक्षा सुरक्षा हर कीमत पर करनी ही चाहिये। जिससे नदी के अन्य जलीय वन्यजीवों के साथ ही हम सब मनुष्य जाति का भी भविष्य सुरक्षित रह सके।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष रोजाना जनता दरबार में ग्रामीण अंचलों से आए लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर निराकरण कर रहे है। इसी कड़ी में मथुरा मंडी चौराहा के समीप आनंदधाम स्थित जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने अपने आवास पर जनता दरबार में गांवों की समस्याओं को सुनकर एक दर्जन से अधिक लोग पहुंचे, जिला पंचायत अध्यक्ष ने उनकी समस्याओं और परेशानी को सुनकर उनका वहीं पर निराकरण कराया। अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने कहा कि ग्राम पंचायतों में पहुंचकर वहां के विकास कार्य की समीक्षा की जा रही है। उसके साथ वहां पर जो कार्य रह गए है, उन्हें समय सीमा में पूरे कराने पर जोर दिया जा रहा है। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव व पटवारी को इस जनता दरबार में अनिवार्य रूप से शामिल किया जा रहा है, जिससे कि ग्राम विकास कार्यों को गति दी जा सके। यदि कहीं कोई कठिनाई आती है तो संबंधित प्रशासनिक अधिकारी से चर्चा कर उन तक समस्या के बारे में बताकर निराकरण कराने की पहल की जाएगी। इस दौरान वहां जिनके अधूरे कार्यों का निराकरण हुआ उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष को पटुका पहना और हनुमानजी की गदा भेंट की है। जिस प्रकार से हनुमान के सामने बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान होता है वैसे ही जिला पंचायत अध्यक्ष समस्याएं लेकर आने वाले लोगों को मौके पर निजात दिलाते है।

# इटावा डीबीए चुनावः 25 अधिवक्ताओं ने अपना-अपना नामांकन पत्र समर्थकों के साथ पेश किया





वहाज अली निहाल

**इटावा।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा का वार्षिक चुनाव की एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन योगेन्द्र किशोर तिवारी सदस्य शांती स्वरूप पाठक, प्रेम शंकर शर्मा, रविन्द्र सिंह दुबे रमाशंकर चौधरी के समक्ष 21 मई तक बिके 57 नामांकन पत्रों में बुधवार को विभिन्न-विभिन्नद पदों पर 25 अधिवक्ताओं ने अपना-अपना नामांकन पत्र अपने-अपने समर्थकों के साथ पेश किया। एल्डर्स कमेटी के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित एवं रूपेन्द्र सिंह चौहान ने प्रेस को दी जानकारी में बताया कि अध्यक्ष पद पर राजेश कुमार त्रिपाठी ने एल्डर्स कमेटी के सामने नामांकन अपने समर्थकों के साथ पेश किया और उसके तुरंत बाद पूर्व डी.बी.ए. अध्यक्ष अनिल कुमार गौर ने अपने समर्थकों के साथ धूमधाम से पर्चा भरा। इसके बाद महामंत्री पद पर तीन प्रत्याशी लक्ष्मीशंकर यादव, राघवेन्द्र शर्मा, बृजेन्द्र बहादुर राजपूत ने पर्चा भरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र सिंह चौहान, मध्यम उपाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दिलीप कुमार सिंह संयुक्त मंत्री पर सुभाष चन्द्र अनिल कुमार शाक्य, गौतम मिश्रा के अलावा वरिष्ठ सदस्य पर 4 लोगों ने कनिष्ठ सदस्य पर पर 10 पर्चे भरे गये हैं। आज पर्चा भरने का आखिरी दिन है आज ज्यादा गहमा-गहमी रहेगी जो 32 लोगों को और नामांकन करना है सबसे बड़ी बात यह रही कोषाध्यक्ष पद पर अभी तक कोई पर्चा दाखिल नहीं किया गया है। सम्भवता आज कोषाध्यक्ष पद पर कई प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित ने बताया अधिवक्ताओं के द्वारा नामांकन दाखिल किये जाने के कारण पहले से ही दो दिन की हड़ताल न्याय पालिका में पहुंचा दी गई है।

## राजस्थान के गृह राज्यमंत्री ने राहुल व अखिलेश पर साधा निशाना

**मथुरा।** गोवर्धन महाराज के दर्शन करने राजस्थान के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम पहुंचे। धर्मनगरी में गिरिराज महाराज के दर्शन करने के बाद उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन नहीं, यह ठगबंधन है। राजस्थान के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बुधवार को गिरिराज धाम गोवर्धन पहुंचे। जहां उन्होंने मंदिर में दर्शन, पूजा कर गिरिराज महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि जनता ने पूरे विश्वास के साथ मन बनाया हुआ है। अबकी बार 400 पार का लक्ष्य भाजपा और उसके सहयोगी पूरा करेंगे। यह आवाज भाजपा की नहीं जनता की है। क्योंकि जनता मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री देखना चाह रही है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि इंडी गठबंधन नहीं ठगबंधन है। पहले भी कार्टून देखा होगा कि एक लड़का साइकिल चला रहा था, एक लड़का उसके पीछे बैठा हुआ था।

# अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवसः सरस्वती इंटर कॉलेज में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नमामि गंगे के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर बुधवार को सामाजिक वानिकी प्रभाग एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति के सयुक्त तत्वाधान में सरस्वती इंटर कॉलेज मोतीझील में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शोभाराम तिवारी ने कहा कि आज हमने प्रकृति में मौजूद उन चीज़ों का दोहन कर लिया है जो पहले प्रचुर मात्रा में उपलब्ध थी। इसलिए इन प्राकृतिक चीज़ों को संरक्षित करने की ज़रूरत है। दूसरी चीज़ों के अलावा जैव विविधता के संरक्षण की भी गंभीर ज़रूरत है। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे संजीव चौहान ने बताया कि जैव विविधता की दृष्टि से 17 वृहद विविधतापूर्ण( मेगा डाइवर्सिटी )देश में से एक है विश्व में 2.4 प्रतिशत भू-क्षेत्र वाला भारत वैश्विक प्रजातियों में से लगभग 7.5 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है धरती के चार करोड़ वर्षों के विकास क्रम में वैज्ञानिकों द्वारा अब तक लगभग 16 लाख प्रजातियों की पहचान की जा सकी है और अधिकांश प्रजातियों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। उप क्षेत्रीय वन अधिकारी शिव प्रसाद ने कहा कि जैव-विविधता पारितंत्र को स्थिरता प्रदान कर पारिस्थितिक संतुलन को बरकरार रखती है। पौधे तथा जन्तु एक दूसरे से खाद्य श्रृंखला तथा खाद्य जाल द्वारा जुड़े होते हैं। एक प्रजाति की विलुप्ति दूसरे के जीवन को प्रभावित करती है। इस प्रकार पारितंत्र कमजोर हो जाता है। पर्यावरण मित्र शैलेश कुमार ने बताया कि 22 मई को जैव विविधता के मुद्दों से संबंधित समझ बढ़ाने और जागरूकता फैलाने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा जैव-विविधता पर अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में घोषित किया गया है। उप क्षेत्रीय वन अधिकारी शिव कुमार एवं अरविंद त्रिपाठी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में अक्षरा सिंह, अर्चना, शांति चौहान ताबिश अहमद, अनिल चौहान, अरुण शर्मा, संतोष यादव, रुद्र प्रताप सिंह एवं अनुज तिवारी का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# जनता इण्टर कालेज बकेवर में साइबर पाठशाला का हुआ आयोजन

■ साइबर क्राइम से विद्यार्थियों/एनसीसी कैडेट्स को किया गया सचेत

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जनता इण्टर कालेज बकेवर इटावा में साइबर पाठशाला का बुधवार को आयोजन किया गया। जिसमें शीर्षक साइबर क्राइम का वर्तमान परिदृश्य तथा प्रबंधन के तहत वर्तमान परिदृश्य के दौरान होने वाली ठगी/अपराधों के सम्बन्ध में जागरूक करते हुये छात्र-छात्राओं/एनसीसी कैडेट्स से संवाद कर उनको साइबर ठगी से बचाव के संबंध मे जानकारी दी गई जिससे वह ऑनलाइन ठगी का शिकार होने से बच सके। जागरूकता अभियान के दौरान प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा द्वारा छात्रो को जागरूक करते हुए बताया कि वह किसी भी अंजान नंबर से आने वाली वीडियो कॉल को रिसीव न करें। वीडियो कॉल उठाते समय सावधानी बरते। अनजान व्यक्ति द्वारा किए जाने वाले वीडियो कॉल के सामने कभी भी अपना चेहरा कैमरे के सामने न लाए। ओटीपी और पासवर्ड किसी को न बताएं। केवाईसी के लिए कोई व्यक्ति आपको फोन करता है तो उसको ओटीपी, पैन नंबर और पासवर्ड न बताएं। अनजान लिंक पर क्लिक न करें। इस तरह की सावधानी बरतने के साथ ही ऑनलाइन होने वाली ठगी से बच सकते हैं। इस दौरान साइबर थाना पुलिस टीम इटावा द्वारा विद्यार्थियों को महिला हेल्पलाइन नंबर-1090, 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-181, यूपी 112, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं0 1930 आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही बताया कि किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होने पर संबंधित थाना/साइबर सेल इटावा, साइबर हेल्पलाइन 1930, cybercrime.gov.in अथवा P COP एप्प पर शिकायत दर्ज करायें। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना तारिक खान एवं पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारी तथा एनसीसी के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## एनसीसी का सयुंक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**मथुरा।** कैंप कमांडेंट कर्नल रजत पाण्डेय के निर्देशन में ओ. डी. कॉम्प्लेक्स, आर्मी एरिया मथुरा में चल रहे 11 यूपी बटालियन एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में आज 22 मई को एनसीसी अलीगढ़ ग्रुप कमांडेंट ब्रिगेडियर टी. एस. सांगवान का आना हुआ। ग्रुप कमांडेंट ने कैडेटों को संबोधित करते हुये कहा कि सभी को अपने लक्ष्य के प्रति स्पष्ट होना चाहिए। साथ ही श्री सांगवांन यह भी कहा कि आज के युवा मल्टी मीडिया जैसे उपक्रमों के आदी हो रहे हैं जो उनके मानसिक बोधक्षमता को अत्यधिक कुप्रभावित कर रहा है। इसके सही उपयोग को समझना अति आवश्यक है। वहीं कैंप कमांडेंट कर्नल रजत पाण्डेय ने भी कैडेटों को बताया कि एनसीसी किस प्रकार हमारे जीवन के विभिन्न आयामों में लाभदायक सिद्ध हो सकती है। अंत में ग्रुप कमांडेंट ब्रिगेडियर टी एस सांगवान एवं सभी अधिकारियों ने कैडेटों के साथ टी ब्रेक किया और उनसे वार्तालाप कर उनके विचारों को जाना और उनका मनोबल बढ़ाया।

# साकेत को मैन ऑफ द मैच ट्राफी मीना और अपर्णा ने संयुक्त रुप से प्रदान किया



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा, पंचनद।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन -3 के पांचवें दिन मरदानपूरा और मधुपूरा टीम और बीच कड़ा मुकाबला हुआ। मधुपूरा टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया.मधुपूरा टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 11.3 ओवर में 91 रन बनाकर आल आउट हो गई। मधुपुरा टीम के खिलाड़ी मोहन ने 2 छक्के 1 चौके की मदद से सर्वाधिक 20 रन बनाने के साथ 2 विकेट झटके। जवाब में उतरी मरदानपुरा टीम 5.2 ओवर में 5 विकेट के नुकसान से जीत हासिल की। मरदानपुरा टीम के खिलाड़ी साकेत ने 3 छक्के 1 चौके की मदद से 25 रन बनाने के साथ 2 विकेट लिए। मरदानपुरा टीम के खिलाड़ी साकेत को मैन ऑफ द मैच ट्राफी मीना देवी और अपर्णा मिश्रा ने संयुक्त रुप से प्रदान किया। एम्पायर की भूमिका प्रदीप भदौरिया और प्रांशु ने निभाई। आंखों देखा विवरण सौरभ परिहार सुनाया। स्कोरबुक पर दर्ज करने का काम गौरव और स्कोरबोर्ड पर लिखने का कार्य दीपक ने किया। चंबल क्रिकेट लीग के पांचवें दिन सुबह से जालौन, इटावा, भिंड सीमा पर स्थित चौरैला ग्राउंड पर क्रिकेट प्रेमियों की भारी भीड़ सुबह से जुट गयी थी।

## इंजन में फंसे व्यक्ति को जीआरपी ने निकाला

**मथुरा।** मथुरा जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक और दो के बीच से गुजरने वाली मैन लाइन पर मालगाड़ी के इंजन में एक यात्री फंस गया। वहां से गुजरते जीआरपी के एसओ ने तुरंत मालगाड़ी को रुकवाया। इंजन में फंसे व्यक्ति को निकलवा कर जिला अस्पताल ले गए। राजकीय रेलवे थाना मथुरा जंक्शन थाने के इंचार्ज संदीप कुमार तोमर ने बताया कि उन्हें इस बात की सूचना मिली की प्लेटफार्म संख्या दो पर आई गाड़ी में कुछ खराबी आ गई है। वह उप निरीक्षक गौरव वर्मा, उप निरीक्षक शिवपाल सिंह व पुलिस कर्मियों के साथ प्लेटफार्म संख्या दो की ओर जा रहे थे। मालगाड़ी के इंजन में फंसे व्यक्ति को देख कर उन्होंने तुरंत मालगाड़ी को रुकवाया। इसके साथ ही इंजन में फंसे व्यक्ति को निकलवाया। दोनों उप निरीक्षकों के साथ घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल ले गए। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि घायल व्यक्ति गोरखपुर का रहने वाला है। वह पानी लेने के लिए गया था। मैन लाइन पर अचानक आई मालगाड़ी के इंजन में फंस गया।

# भीषण गर्मी मै सूखी पड़ी नहरें

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भीषण गर्मी मै किसान नहरों में पानी न मिल पाने से परेशान हैं। किसानों का आरोप है कि गर्मी के मौसम में नहरें, रजबहा और बंबे सूखे पड़े हैं। इससे फसल की सिंचाई करने में काफी मुश्किल हो रही है। किसानों के खेत में चरी, उड़द, मूंग, पालेज और सब्जियों की फसल खड़ी है। फसलों को सिंचाई के लिए पानी की जरूरत है, लेकिन कई नहर, कई बंबे और कई रजबहा सूखे पड़े हैं। किसानों का आरोप है कि अधिकारी कागज में पानी चला रहे हैं। असल में अधिकांश नहरें सूखी पड़ी है। हालात से महावन क्षेत्र के किसान सबसे ज्यादा परेशान हैं। महावन का ज्यादातर हिस्सा डार्क जोन में आता है। क्षेत्र में भूगर्भ जल की समस्या है। इस वजह से महावन के किसान फसल की सिंचाई के लिए नलकूप की भी मदद नहीं ले पा रहे हैं। भाकियू चढ़ूनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान ने बताया कि महावन के किसान फसल की सिंचाई के लिए परेशान हैं। कहीं से कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। फरह क्षेत्र के झंडीपुर निवासी किसान अशोक ने बताया आगरा कैनाल से जुड़ा रजबहा पानी की बजाय जलकुंभी से अटा पड़ा है। रजबहा की सफाई नहीं हुई है। माइनर में पानी नहीं आने से बरारी, बलरई, झंडीपुर, साहपुर, नगला जौहरी, मकदूम के किसानों को अपने संसाधनों से खर्चा कर फसल की सिंचाई करनी पड़ रही है।तमाम किसानों ने बताया कि भीषण गर्मी में जब फसल की सिंचाई के लिए पानी की सबसे ज्यादा जरूरत है।अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। हालात से किसानों में नाराजगी है। मंडल अध्यक्ष भाकियू चढ़ूनी रामवीर सिंह तोमर का कहना है कि अगर किसानों की परेशानी को प्राथमिकता के साथ हल नहीं किया गया तो संगठन अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन करने को बाध्य होगा।

## नृसिंह देव का हुआ महा मस्तकाभिषेक

**मथुरा।** शहर के मध्य असकुण्डा घाट स्थित प्राचीन नृसिंह मंदिर पर प्रभु नृसिंह देव का प्राकट्योत्सव श्रद्धा भक्ति साथ से मनाया गया। आज अभिजित बेला में दोपहर को नृसिंह देव का महा मस्तकाभिषेक वैदिक मंत्रोच्चारण , शंख ,घण्टा घड़ियाल की मंगल ध्वनि के मध्य तंत्र विशेषज्ञ मुन्नालाल मिश्र टनाटन, सेवायत पंडित मनोज मिश्र, विनोद मिश्र, पंडित अमित भारद्वाज, दीपक शास्त्री ने पंचामृत से किया।

# मठ, मंदिरों की वेशकीमती जमीनों पर भूमाफियाओं की नज़र

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिले के थाना जैत इलाके मै कई दिनों से चर्चा मै एक मामला क्षेत्रीय प्रशासन की ढील की वजह से बना हुआ है। मामला थाना जैत इलाके के आझई राजमार्ग स्थित सीताराम मंदिर की वेश कीमती जमीन पर कब्जे का है।

मंदिर पक्ष के महंत राम भारोसी महाराज भगवान सीताराम की जमीन को भूमाफिया के चंगुल से बचाने की जद्दोजहद मैं लगे हुए है। मंदिर मालिक भगवान सीताराम के पास 316 बीघा जमीन थी जिसका मालिकाना हक भगवान सीताराम के नाम पर वर्षो से चला आ रहा था। मंदिर के महंत को भगवान की संपति की देखरेख की जिम्मेदारी मंदिर महंत के नाम होती थी। संत परंपरा के अनुसार गद्दी महंत की जीवनलीला समाप्त होने पर उनका उत्तराधिकारी संत समाज के द्वारा होता रहा है। मामला यही से पेचीदा बन गया। मंदिर महंत की मृत्यु सन 1960 मै हुई, महंत की मृत्यु पश्चात कूट रचित तरीके से भगवान सीताराम की संपति मै अपना नाम सरकारी दस्तावेजों मैं दर्ज करा लिया और मंदिर की जमीन को परिवार के नाम पर बैनामा कर दिया गया। सरकारी विभा मै बैठे अधिकारियों ने भी बढ़ी आसानी से भगवान की संपति जिसका कि सेवायत एक महंत था और अब एक व्यक्ति परिवार का नाम किस आधार पर बैनामा कर रहा है, एक पिता अमूमन अपनी संपति की वसीयत करता है ना कि बैनामा फिर भी संपति का पुत्रो के नाम बैनामा किया गया जिसकी गहराई से जांच होने की जरूरत है।

मंदिर महंत भगवान की संपति को बचाने मैं लगे है उन पर ही भू माफियाओं की टेढी नजर है मंदिर महंत राम भरोसी को भू माफिया हर जुगत कर मंदिर और भूमफिया के बीच चट्टान की तरह चौकीदार बने महंत को रास्ते से हटाने की जुगत में है, जिससे बाकी जमीन पर भी कब्जा कर आसानी से अपने इरादों को अंजाम दे सकें।

बीते दिनों मंदिर की जमीन पर भू माफियाओं द्वारा हरे पेड़ों को काट कर आग लगा दी गई। जिसका सोसल मीडिया पर भी बबाल बना था। मंदिर महंत द्वारा बताया कि पहले भी पेड़ काटने की शिकायत वन विभाग अधिकारियों से की जिसमें इलाका अधिकारी ने मामले को दवा दिया गया। जब मामला मीडिया की सुर्खियों मै आया और अपनी गर्दन फसती देख और लोगों की आखों मैं धूल झोंकने की नियत से वन विभाग के अधिकारी ने थाने मैं मुन्ना पुत्र रघुनाथ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया।

## फार्मासिस्टों के रजिस्ट्रेशन की समस्या का हो समाधान

**मथुरा।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य महानिदेशक व उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष से मुलाकात करके प्रदेश के फार्मासिस्ट के नये रजिस्ट्रेशन और पुरानों के रिनुवल नहीं हो रहे हैं। रजिस्ट्रेशन की समस्या का समाधान किया जाए।इस अवसर पर स्वास्थ्य महानिदेशक ने तत्काल कार्यवाही करते हुये लगभग 100 फार्मासिस्ट साथियों का रजिस्ट्रेशन, रिन्यूअल कार्य किया। उन्होंने फार्मासिस्टों को आश्वासन दिया भविष्य में किसी फार्मासिस्ट को कोई दिक्कत नहीं होगी। प्रतिनिधि मंडल में शिव कुमार प्रदेश अध्यक्ष, अजीत सिंह, प्रशांत सिंह, विष्णु यादव नदीम खान, मोहित शामिल थे।

# सामूहिक विवाह महायज्ञ सम्मेलन में 11 जोड़े हुए एक दूजे के

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जनपद के विकासखंड गोहांड के ग्राम सरसई स्थित प्रसिद्ध श्री श्यामला देवी मंदिर में मां श्यामला जन कल्याण समिति के सौजन्य से सर्वजातीय विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया।इस आयोजन मे 11 जोड़ो ने एक दूजे का हाथ थाम अपने वैवाहिक दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की।



वैवाहिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलापंचायत अध्यक्ष हमीरपुर जयंती संतराम राजपूत व राठ विधायक मनीषा अनुरागी व विशिष्ट अतिथि करन दद्दू जिलापंचायत सदस्य मुस्करा,वीरनारायण राजपूत ब्लांख प्रमुख मुस्करा ,व अन्य जनप्रतिनिधियों व समाज सेवियों ने सभी जोड़ो को शुभाशीर्वाद प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। सर्वजातीय सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम में जनपद जालोंन के ग्राम चदरसी बसरई निवासी मोहित ने जनपद हमीरपुर के ग्राम पहरा की सपना के साथ,राठ मवई निवासी ब्रजेन्द्र ने मुस्करा के ग्राम महेरा निवासी नेहा देवी के साथ ,जनपद महोबा के अजनर के ग्राम स्यावन निवासी सुदर्शन ने जनपद हमीरपुर के बड़ा डेरा बिहूनी निवासिनी प्रियंका के साथ,सरसई राठ निवासी अंकरेश ने महोबा चरखारी के ग्राम सहजना की शिवानी के साथ,ग्राम कनकुंआ महोबा के जयहिंद ने इमिलिया छतरपुर मध्यप्रदेश की रोशनी के साथ,ग्राम बल्लांय महोबा के मुकेश कुमार ने गुगरवारा टोला रावत राठ की जूली के साथ,ग्राम महेरा हमीरपुर के अशोक कुमार ने ग्राम खदेही लोधन हमीरपुर की अंकिता के साथ,ग्राम लोदी पुरा सरीला हमीरपुर के अंकित ने ग्राम पहरा राठ हमीरपुर की आकांक्षा के साथ, ग्राम उमारिया राठ हमीरपुर के पुष्पेंद्र ने ग्राम अमगांव राठ हमीरपुर की खुशी देवी के साथ, ग्राम नोहाई राठ हमीरपुर के पुष्पेंद्र ने ग्राम महेरा मुस्करा हमीरपुर की निधि कुमारी के साथ, तथा ग्राम औता राठ हमीरपुर के शैलेन्द्र कुमार ने ग्राम पहाडी भिटारी मुस्करा हमीरपुर प्रियंका देवी के साथ हाथ थाम वैवाहिक दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की।इस दौरान उपस्थित लोगों के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती संतराम राजपूत ने अपने उदबोधन में कहा कि श्यामला देवी जनकल्याण समिति द्वारा किया जा रहा यह सर्वजातीय सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम अत्यंत पुण्य प्रताप का कार्य है।ऐसे आयोजनों को समाज के लोगो को करते रहना चाहिए इनसे समाज मे सौहार्द को बढ़ावा मिलता है।कहा कि कल्याण समिति द्वारा 11 कन्याओं को वैवाहिक रूपी आशीर्वाद देकर जो पुण्य का कार्य किया है यह किसी महायज्ञ से कम नही है।इस दौरान उन्होंने वर वधू व उपस्थित लोगों से कहा कि कन्या धन इंसान का सबसे बड़ा धन है जो माता पिता को सर्व जीवन पर्यन्त सुख की अनुभूति कराता रहता है। सभी को अपनी बेटियों को पढ़ाना चाहिए ताकि वह अपने पैरों पर खड़े होकर गृहस्थ जीवन मे सहयोग प्रदान कर देश और परिजनों का नाम रोशन कर सके।

# रिकी पोंटिंग ने विराट कोहली को लेकर दिया बयान, कहा भारत में लोग उन्हें नहीं चुनने के कारण ढूंढते हैं




ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग हैरान हैं कि भारत में लोग विराट कोहली को राष्ट्रीय टीम में नहीं चुनने के कारण क्यो ढूंढते हैं और उनका कहना है कि यह करिश्माई बल्लेबाज टी20 विश्व कप के लिये उनकी पहली पसंद है। आईपीएल में 14 मैचों में 708 रन बना चुके कोहली जबर्दस्त फॉर्म में हैं लेकिन उनके स्ट्राइक रेट को लेकर लगातार चर्चा हो रही है।

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने कहा कि, यह बहुत हैरानी भरा है। मुझे लगता है कि भारत में लोग हमेशा उसे राष्ट्रीय टीम में नहीं चुनने के कारण ढूंढते रहते हैं या यह जताने की कोशिश में रहते हैं कि वह टी20 क्रिकेट में बाकियों की तरह बेहतरीन नहीं है। पोंटिंग का मानना है कि अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में कोहली को कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करना चाहिये क्योंकि बाद में सूर्यकुमार यादव समेत अन्य तेजी से रन बना सकते हैं।

उन्होंने कहा सलामी जोड़ी को लेकर चयनकर्ताओं को फैसला लेना है क्योंकि यशस्वी जायसवाल भी टीम में है। जायसवाल के बल्लेबाजी क्रम पर फैसला लेना होगा लेकिन मुझे यकीन है कि पारी का आगाज कोहली और रोहित करेंगे। उन्होंने कहा वह शीर्षक्रम में भूमिका बखूबी निभा सकता है। सूर्यकुमार और बाकी बल्लेबाज बाद में तेजी से रन बना सकते हैं। पोंटिंग ने कहा कि आजकल क्रिकेट में औसत से अधिक तरजीह स्ट्राइक रेट को मिल रही है लेकिन भारतीय टीम के लिये कोहली की उपयोगिता को कमतर नहीं आंका जा सकता।

दिल्ली कैपिटल्स के कोच ने आगे कहा कि, तीन या चार साल पहले टीमें सोचती थी कि शीर्षक्रम पर कोई 80 या 100 रन बना ले , भले ही इसके लिये 60 गेंद खेल जाये। लेकिन अब टीमें चाहती है कि बल्लेबाज 15 गेंद में 40 रन बना जाये। मेरा मानना है कि दबाव के क्षणों में बड़े मैचों में विराट कोहली जैसा क्रिकेटर ही चाहिये।

### कंपाउंड महिला टीम फाइनल में, कांस्य से चूके पुरूष

दुनिया की नंबर एक भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम विश्व कप में लगातार दूसरे स्वर्ण पदक की ओर कदम बढाते हुए फाइनल में पहुंच गई। वहीं दुनिया की नंबर एक पुरूष कंपाउंड टीम अपेक्षाओं पर खरी नही उतर सकी और विश्व कप दूसरे चरण में कांस्य पदक से चूक गई। महिला टीम की तिकड़ी ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने शंघाई में पिछले महीने पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने दुनिया की चौथे नंबर की टीम अमेरिका को सेमीफाइनल में 233.229 से हराया। अब उनका सामना विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज तुर्की से होगा। तुर्की ने दक्षिण कोरिया को 234.233 से हराया। भारतीय पुरूष तिकड़ी प्रियांश, प्रथमेश फुगे और अभिषेक वर्मा शूटआउट में आस्ट्रेलिया से 133.133 (10 - 10*) से हार गए। दोनों टीमों का स्कोर बराबरी पर था लेकिन आस्ट्रेलिया ने सेंटर के करीब दो तीर अधिक लगाकर बाजी मारी।

# बिना मैच खेले बाहर हो सकती है आरसीबी, जानें क्या है आईपीएल का नियम



इस सीजन पिछले 6 मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंचने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला आज राजस्थान रॉयल्स से होने वाला है। दोनों टीमों के बीच एलिमिनेटर मुकाबला होगा, जो कि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। ये मैच शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा।

इस मैच को जीतने वाली टीम का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। हालांकि, इस मैच से पहले आरसीबी फैंस के लिए एक बुरी खबर है। दरअसल, आईपीएल के एक नियम की वजह से आरसीबी की टीम बिना किसी मैच खेले भी प्लेऑफ से बाहर हो सकती है।

दरअसल,आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने क्वालीफायर और एलिमिनेटर मैच के लिए किसी भी तरह का कोई रिजर्व डे नहीं रखा है। इस कारण से आज का मुकाबला बारिश की वजह से धुल जाता है तो राजस्थान रॉयल्स को विजेता घोषित कर दिया जाएगा। अगर बारिश हुई तो कम से कम पांच ओवर का मुकाबला या सुपर ओवर के जरिए नतीजा निकाला जा सकता है। गौरतलब है कि अगर बारिश की वजह से सुपर ओवर भी न हो सका तो फिर प्वॉइंट्स टेबल के आधार पर राजस्थान को विजेता घोषिता किया जा सकता है।

बता दें कि, पॉइंट्स टेबल पर राजस्थान रॉयल्स तीसरे नंबर पर है। वहीं आरसीबी चौथे नंबर पर है, वहीं अहमदाबाद के मौसम के मौसम की तो बता दें कि 22 मई को मौसम 45 डिग्री की संभावनाएं हैं। मैच के दौरान बारिश के आने का कोई चांस नहीं। अगर एक प्रतिशत ये मैच बारिश की वह से प्रभावित रहा तो इस मैच को पूरा करने के लिए 120 मिनट का समय दिया जाएगा।

# पाकिस्तानी क्रिकेटर आजम खान की शर्मनाक हरकत, नोटों से पसीना पोंछने पर फैंस ने लगाई क्लास



पाकिस्तान के बल्लेबाज आजम खान को एक खराब हरकत के कारण सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है। दरअसल, आजम खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें वो नोटों से पसीना पोंछते नजर आ रहे हैं। 20 मई को सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में, खान को अपने माथे से पसीना पोंछने के लिए नोटों का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया। वहीं वीडियो में कप्तान बाबर आजम की आवाज भी सुनाई दे रही है। वीडियो को देकर फैंस अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं।

दरअसल, वीडियो पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्नैपचैट पर शेयर किया है। जिसके बाद वह भी आलचकों के निशाने पर आ गए हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि आजम खान टीम बस में बैठे हुए हैं और नोटों से पसीना पोंछ रहे हैं। इस दौरान बैकग्राउंड में बाबर आजम की आवाज सुनाई दे रही है। वीडियो में पाकिस्तान के कप्तान आजम खान से पूछते हैं कि, अब्बा क्या हुआ? गर्मी है? इसका जवाब देते हुए आजम खान कहते हैं कि बहुत गर्मी है वसूद भाई।

बता दें कि, पाकिस्तान इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर है जहां दोनों टीमों के बीच चार मैचों की टी20 सीरीज आज से शुरू हो रही है। टी20 वर्ल्ड कप से पहले दोनों टीमों के लिए एक अहम अभ्यास के रूप में काम करेगी। आज इस सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 11 बजे से हेडिंग्ले, लीड्स में खेला जाएगा।

### सचिन सर्जेराव ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स में जीता गोल्ड मेडल, शॉट पुट में किया बेहतरीन प्रदर्शन

भारत के सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पुरूषों के शॉटपुट एफ46 वर्ग में एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता और भारत ने टूर्नामेंट में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी कर दिखाया है। भारत के अब पांच स्वर्ण समेत 11 पदक है। इससे पहले भारत ने 2023 में पेरिस में तीन स्वर्ण समेत दस पदक जीते थे। सचिन ने 10 . 30 मीटर का थ्रो फेंककर 16.21 मीटर का अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया जो उन्होंने पिछले साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में बनाया था। सचिन ने स्वर्ण जीतने के बाद कहा मैं इसकी ही उम्मीद कर रहा था और मैं बहुत खुश हूं। मैं पेरिस पैरालम्पिक के लिये क्वालीफाई कर चुका हूं और वहां भी स्वर्ण जीतने की कोशिश करूंगा। अभी टूर्नामेंट के तीन दिन बाकी है और कोच सत्यनारायण को पदक संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है।

# ट्रेविस हेड ने बताया अपना फ्यूचर प्लान, बोले जब तक टेस्ट खेलूंगा तब तक साल में सिर्फ दो टी20 टूर्नामेंट खेलूंगा




ट्रेविस हेड ने इस साल आईपीएल में भले ही शानदार प्रदर्शन किया हो लेकिन टेस्ट क्रिकेट उनकी शीर्ष प्राथमिकता बना हुआ है और ऑस्ट्रेलिया का यह आक्रामक बल्लेबाज जब तक इस प्रारूप में खेलेगा तब तक साल में सिर्फ दो टी20 लीग में हिस्सा लेगा। हेड के लिए पिछले 10 महीने शानदार रहे और उन्होंने विश्व टेस्ट चैंपियन तथा एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में भारत के खिलाफ शतक जड़कर अपनी टीम की जीत की नींव रखी।

मौजूदा सत्र में उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 533 रन बनाए हैं और भारत के अभिषेक शर्मा के साथ बेहद प्रभावी सलामी जोड़ी बनाई। फ्रेंचाइजी लीग में हेड की काफी मांग है और यह पूछने पर कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को देखते हुए वह लुभावनी टी20 पेशकश से कैसे निपट रहे हैं, हेड ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा यह पिछले कुछ समय (2017 से) में आईपीएल में मेरा पहला साल है। इस समय मैं अपना पूरा ध्यान टेस्ट क्रिकेट पर लगाऊंगा, मैं ऐसा करना जारी रखूंगा। उन्होंने कहा टेस्ट के बाद मैं प्रारूपों का चयन करूंगा और देखूंगा कि मैं कैसे चयन के लिए उपलब्ध रहता हूं। दुनिया भर में टी20 प्रतियोगिताओं की संख्या बढ़ रही है और आंद्रे रसेल तथा सुनील नारायण जैसे खिलाड़ी साल में पांच से अधिक टूर्नामेंट खेल रहे हैं। मौजूदा सत्र में सनराइजर्स के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले हेड अगले साल भी आईपीएल में खेलने को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, इस समय मै अगले साल यहां आईपीएल में वापस आना पसंद करूंगा। विश्व टी20 के ठीक बाद इस साल मैं (अमेरिका में) मेजर लीग क्रिकेट में खेलूंगा लेकिन अगले साल चीजें अलग हो सकती हैं। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, हर साल आप प्राथमिकता तय करते हैं कि आप क्या कर सकते हैं और क्या नहीं। अगले साल टेस्ट क्रिकेट शुरू होगा, हम वेस्टइंडीज का दौरा करेंगे और शायद मैं कई अन्य फ्रेंचाइजी में शामिल नहीं हो पाऊंगा। हेड ने कहा, कुछ वर्षों में जब मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लूंगा तो शायद मुझे फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने के कुछ और अवसर मिलेंगे। लेकिन इस समय मैं इसे कुछ फ्रेंचाइजी तक सीमित रखने की कोशिश करूंगा और टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करूंगा। पिछले कुछ महीनों में हेड ने जो प्रदर्शन किया है, उनका मानना है कि इसके बीज 2023 की शुरुआत में ही बो दिए गए थे जब वह टेस्ट टीम के साथ आए थे। तब कड़ी श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया 1-2 से हार गया था। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह पिछले साल के टेस्ट दौरे का परिणाम है, यहां समय बिताना और चीजों पर काम करना और थोड़ा उम्र से बड़ा होना, अपने खेल और उसके खाके को समझना और आप इसे कैसे करना चाहते हैं और संतुष्ट रहना और मेरे परिवार का आसपास होना, ये सभी चीजें। हेड ने कहा, आईपीएल में मैं लगातार बेहतर होता गया लेकिन मुझे अब भी कुछ काम करना है। ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय टीम के कप्तान पैट कमिंस सनराइजर्स के भी कप्तान हैं और हेड का मानना है कि उनके बीच एक ऐसी समझ विकसित हुई है जहां दोनों जानते हैं कि एक-दूसरे से क्या उम्मीद करनी है।

# बेहतरीन होने के बावजूद अजय देवगन की फिल्म मैदान सिनेमाघर में रही असफल, अब ओटीटी पर होगी रिलीज




अजय देवगन स्टारर मैदान फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की सच्ची कहानी पर आधारित है, जिन्होंने भारतीय फुटबॉल का इतिहास बदल दिया। इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में अजय ने अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस से एक बार फिर सभी दर्शकों का दिल जीत लिया है। सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित इस बायोपिक का निर्देशन अमित शर्मा ने किया था। Sacnilk.com के मुताबिक मैदान ने दुनिया भर में करीब 70 करोड़ रुपये की कमाई की है। यह फिल्म 250 करोड़ के भारी-भरकम बजट में बनी थी। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई लेकिन दर्शकों और आलोचकों को फिल्म में अजय की दमदार एक्टिंग पसंद आई। और जिन लोगों ने अभी तक ये फिल्म नहीं देखी है वो अब इस फिल्म को ओटीटी पर देख सकते हैं।

ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई अजय देवगन की फिल्म मैदान में डायरेक्शन से लेकर एक्टर्स की एक्टिंग तक दमदार थी, बावजूद इसके ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपनी छाप नहीं छोड़ पाई। अजय और प्रियामणि अभिनीत यह फिल्म अब अंग्रेजी उपशीर्षक के साथ हिंदी ऑडियो में प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। लेकिन दुर्भाग्य से आप इस फिल्म को अभी फ्री में नहीं देख पाएंगे। इस फिल्म को देखने के लिए आपको 349 रुपये चुकाने होंगे क्योंकि यह रेंटल बेसिक पर उपलब्ध है। हालांकि चिंता की बात नहीं है, मैदान दो सप्ताह के बाद प्राइम वीडियो पर मुफ्त में रिलीज किया जाएगा।

मैदान में प्रियामणि भी हैं, जिन्होंने फिल्म में रहीम की पत्नी की भूमिका निभाई है। फिल्म में अजय और प्रियामणि के अलावा गजराज राव और रुद्रनील घोष ने भी अहम भूमिका निभाई है. इस बायोपिक का निर्माण बोनी कपूर ने ज़ी स्टूडियोज़ के साथ मिलकर किया था। फिल्म में संगीत का पूरा श्रेय ऑस्कर विजेता एआर रहमान को जाता है। इसके अलावा, ऋचा शर्मा ने सुपरहिट गाने मिर्जा के साथ प्लेबैक में वापसी की। मैदान में हर वो सिनेमा था जो देखने लायक था, लेकिन क्लैश और बहुत ज्यादा रिलीज के कारण फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।

# सोनम कपूर ने फैशन इन्फ्लुएंसर नैंसी त्यागी की तारीफ की, ड्रेस को खूबसूरत और अलग बताया



बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक, सोनम कपूर हमेशा अपने नाटकीय अलंकृत सिल्हूट से लेकर साधारण एलबीडी तक के लिए सुर्खियों में रही हैं और अब भी कमाल करती हैं। यह सिर्फ पोशाक नहीं है बल्कि वह जिस आत्मविश्वास के साथ इसे पहनती है उससे फर्क पड़ता है। उनकी फिल्मों में उनकी वेशभूषा उन्हें दूसरों से अलग खड़ा करती है। अभिनेत्री ने हाल ही में इस साल कान्स में अपने डेब्यू के लिए प्रभावशाली नैंसी त्यागी की सराहना करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया।

सोनम कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर नैंसी त्यागी का वीडियो शेयर किया। क्लिप के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, कान्स में बेस्ट आउटफिट...मुझे कुछ बनाओ @sonamkapoor? फैशन इन्फ्लुएंसर ने भी जवाब दिया और लिखा, बहुत बहुत धन्यवाद ञ्ह्यश्ठ्ठ्ठ्द्व्ह्यड्ढ्श्शह्न। किसी दिन आपके लिए कुछ विशेष बनाना अद्भुत होगा! इस बीच, काम के मोर्चे पर, सोनम कपूर को हाल ही में ब्लाइंड नामक एक क्राइम थ्रिलर फिल्म में देखा गया था। फिल्म एक पूर्व पुलिस अधिकारी जिया सिंह की कहानी बताती है, जिसे एक अजनबी पर संदेह हो जाता है और वह तुरंत अधिकारियों को सचेत कर देती है। हालाँकि, जब उसकी प्रवृत्ति को नजरअंदाज कर दिया जाता है, तो वह सत्य की खोज में निकल पड़ती है। शोम मखीजा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में पूरब कोहली, विनय पाठक और लिलेट दुबे भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। बता दें, नैन्सी त्यागी ने हाल ही में सबसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम, कान्स फिल्म फेस्टिवल में खुद को प्रस्तुत करके सभी का दिल जीत लिया है और भारत को गौरवान्वित किया है। इवेंट में उनकी दूसरी पोशाक ने सबका ध्यान खींचा और शहर में चर्चा का विषय बन गई। तस्वीरों के साथ, उन्होंने लिखा, कान्स फिल्म फेस्टिवल से मेरा दूसरा पहनावा, जिसे मैंने एक विशेष कार्यक्रम में पहना था, पूरी तरह से मेरे द्वारा बनाई गई एक और रचना है। यह पहनावा जटिल हाथ की कढ़ाई वाली एक साड़ी है। हर टुकड़ा मेरे द्वारा सावधानीपूर्वक तैयार और इकट्ठा किया गया था। इस बीच, काम के मोर्चे पर, सोनम कपूर को हाल ही में ब्लाइंड नामक एक क्राइम थ्रिलर फिल्म में देखा गया था। फिल्म एक पूर्व पुलिस अधिकारी जिया सिंह की कहानी बताती है, जिसे एक अजनबी पर संदेह हो जाता है और वह तुरंत अधिकारियों को सचेत कर देती है। हालाँकि, जब उसकी प्रवृत्ति को नजरअंदाज कर दिया जाता है, तो वह सत्य की खोज में निकल पड़ती है। शोम मखीजा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में पूरब कोहली, विनय पाठक और लिलेट दुबे भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# इश्क विश्क रिबाउंड एक्टर रोहित सराफ ने कहा इश्क विश्क रिबाउंड इश्क विश्क का सीक्वल या रीमेक नहीं



फिल्म का पहला गाना इश्क विश्क रिबाउंड रिलीज हो गया है। गाना दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। हालांकि सोशल मीडिया पर इस फिल्म को लेकर कई गलतफहमियां भी व्याप्त हैं। कुछ लोग इसे इश्क विश्क का सीक्वल बता रहे हैं तो कुछ का मानना है कि यह शाहिद कपूर-अमृता राव की फिल्म का रीमेक है।

बॉलीवुड एक्टर रोहित सराफ ने कहा कि उनकी फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड न तो इश्क विश्क का सीक्वल है और न ही रीमेक है। आपको बता दें कि अमृता राव और शाहिद कपूर की फिल्म इश्क विश्क साल 2003 में रिलीज हुई थी। अब इश्क विश्क रिबाउंड नाम से दूसरी फिल्म आ रही है। फिल्म का पहला गाना इश्क विश्क रिबाउंड रिलीज हो गया है। गाना दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। हालांकि सोशल मीडिया पर इस फिल्म को लेकर कई गलतफहमियां भी व्याप्त हैं। कुछ लोग इसे इश्क विश्क का सीक्वल बता रहे हैं तो कुछ का मानना है कि यह शाहिद कपूर-अमृता राव की फिल्म का रीमेक है। इस बीच फिल्म के एक्टर रोहित सराफ ने इन सवालों का जवाब देते हुए सीक्वल और रीमेक से जुड़ी सभी चर्चाओं पर विराम लगा दिया है।

रोहित सराफ अपने सह-कलाकारों के साथ इश्क विश्क प्यार व्यार गाने के म्यूजिक लॉन्च में शामिल हुए। मीडिया को संबोधित करते हुए बेमेल अभिनेता ने कहा कि उनकी फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड न तो इश्क विश्क का सीक्वल है और न ही रीमेक है। रोहित सराफ ने कहा कि दोनों एक ही फ्रेंचाइजी की फिल्में हैं, लेकिन इसके बावजूद इश्क विश्क रिबाउंड की कहानी बिल्कुल नई है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके जैसे नए अभिनेता के लिए ऐसी फिल्म में काम करना एक दुर्लभ अवसर है।

आपको बता दें कि इश्क विश्क साल 2003 में रिलीज हुई थी। यह शाहिद कपूर और अमृता राव अभिनीत एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। दर्शकों ने फिल्म को खूब सराहा और यह आज भी अपने एलबम के लिए जाना जाता है।

इश्क विश्क रिबाउंड में रोहित सराफ, पश्मीना रोशन, नायला ग्रेवाल और जिब्रान खान मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म से ऋतिक रोशन की चचेरी बहन पश्मीना बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। उनके अलावा रोहित, जो इश्क विश्क रिबाउंड में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, आखिरी बार ऋतिक के साथ विक्रम वेधा में नजर आए थे। %इश्क विश्क रिबाउंड के अलावा वह प्राजक्ता कोहली के साथ मिसमैच्ड सीजन 3 में भी नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन कुशल अविनाश धर्माधिकारी ने किया है। इश्क विश्क रिबाउंड 21 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# कान फिल्म फेस्टिवल में दिखेगा भोजपुरिया भौकाल, प्रदीप पांडेय चिंटू रेड कार्पेट पर मचाएंगे धमाल




दीवाना, दुलारा, मोहब्बत जैसी भोजपुरी फिल्मों में नजर आ चुके प्रदीप पांडे चिंटू ने इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों के साथ इस गर्व के पल को साझा किया। समारोह से अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए अभिनेता ने यह जानकारी अपने फैंस को दी है।

प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल कान इन दिनों काफी चर्चा में है। हर साल मई के दौरान, दुनिया भर से बड़े नाम इस 10 दिवसीय समारोह में भाग लेने के लिए प्रतिष्ठित फ्रेंच रिवेरा के लिए उड़ान भरते हैं। इस साल यह भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होने वाला है। यह पहली बार है कि भोजपुरी इंडस्ट्री के किसी अभिनेता ने कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

दीवाना, दुलारा, मोहब्बत जैसी भोजपुरी फिल्मों में नजर आ चुके प्रदीप पांडे चिंटू ने इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों के साथ इस गर्व के पल को साझा किया। समारोह से अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए अभिनेता ने यह जानकारी अपने फैंस को दी है। अभिनेता के फैंस उन्हें ढेर सारी बधाई भी दे रहे हैं और इस खास पल के लिए शुभकामनाएं भी दे रहे हैं।

उन्होंने अपनी पोस्ट साझा करते हुए उसे कैप्शन दिया, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल कान में पहली बार हमारी भोजपुरी फिल्म अग्निसाक्षी का पहुंचना, हमारी भोजपुरी भाषा का पहुंचना, हम सभी के लिए बहुत बड़े गर्व की बात है। आप सबके अनंत प्यार और आशीर्वाद ने यहाँ तक पहुंचाया है। जहां हॉलीवुड और बॉलीवुड के बड़े बड़े स्टार्स को बुलाया जाता रहा है, वहीं पर पहली बार भोजपुरी के एक कलाकार को बुलाया गया, ये हम सभी भोजपुरियों की जीत है। इस ऐतिहासिक दिन के लिए हम सभी भोजपुरियों को ढेर सारी शुभकामनाएं। आज एक नया इतिहास रचा गया है। आप सभी को प्यार।

# पुणे हिट एंड रन मामले में तीनों आरोपितों को 24 मई तक पुलिस कस्टडी

**मुंबई (हि.स.)।** पुणे हिट एंड रन मामले में तीन आरोपितों को बुधवार को शिवाजीनगर सेशन कोर्ट ने 24 मई तक पुलिस कस्टडी में भेजने का आदेश जारी किया है। इस मामले में पुलिस हिट एंड रन मामले के नाबालिग आरोपित वेदांत अग्रवाल के पिता विशाल अग्रवाल, पब के मालिक और मैनेजर नीतेश शेवानी और जयेश गावकरे से पुलिस गहन पूछताछ कर रही है।

पुणे पुलिस ने बुधवार को इन तीनों आरोपितों को कोर्ट में पेश किया और इन सबकी सात दिन की कस्टडी मांगी। पुलिस की ओर कोर्ट को बताया गया कि विशाल ने अपने नाबालिग बेटे को महंगी गाड़ी चलाने के लिए दी, जबकि उन्हें पता था कि उनके बेटे ने ड्राइविंग नहीं सीखी है और ना ही उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस था। विशाल को यह भी पता था कि उनका बेटा पब में जाकर शराब का सेवन कर रहा है। विशाल अग्रवाल के वकील ने कोर्ट को बताया कि आरोपित फरार नहीं हैं। पुणे के उन पबों को राज्य उत्पाद शुल्क विभाग ने सील किया है, पुलिस ने नहीं। वहां जब्त की गई सभी सामग्रियां सुरक्षित हैं। आरोपित को पुलिस हिरासत में लेने की जरूरत नहीं है, लेकिन कोर्ट ने आरोपितों को 24 मई तक पुलिस कस्टडी में भेजने का आदेश जारी किया है।

दरअसल, विशाल अग्रवाल के बेटे वेदांत ने बिना नंबर प्लेट की गाड़ी चलाते हुए 19 मई को मोटरसाइकिल सवार दो को कुचल दिया था, जिससे दोनों की मौत हो गई थी। इस मामले में स्थानीय नागरिकों ने वेदांत को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। कोर्ट ने नाबालिग आरोपित को जमानत दे दी थी। इसके बाद गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मामले की गहन छानबीन का आदेश पुलिस को दिया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपित के पिता और पब के मालिक और मैनेजर को गिरफ्तार किया है।

# 400 पार के आंकड़े के नजदीक पहुंच चुकी है भाजपा : हिमंत बिस्व सरमा

**बोकारो (झारखंड) (हि.स.)।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में धनबाद लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत तय है। अब तक के पांच चरणों के चुनाव में भाजपा 400 के आंकड़े के नजदीक पहुंच चुकी है। आने वाले दिनों में यह आंकड़ा बढ़ता ही जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी दलों को कोई बहुमत नहीं मिलने वाला है। तीसरी बार भी नरेन्द्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनने वाले हैं।

हिमंत विस्व सरमा बुधवार को बोकारो के चंदनक्यारी में ढुल्लू महतो के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार सरकार बनने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पीओके को भी भारत में मिला लेंगे। इस बार भारत विश्व गुरु भी बनेगा और तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था भी। इस बार कृष्ण



मंदिर और ज्ञानव्यापी मंदिर भी बना दिया जायेगा। साथ ही कहा कि जब भाजपा को 300 सीटें मिलीं तो 500 वर्षों से विवादित राम जन्मस्थल पर भव्य मंदिर बना दिया। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर शांति व्यवस्था बहाल की।

हिमंत ने कहा कि झारखंड में बांग्लादेश घुसपैठिए आ रहे हैं। ये लोग मूलवासियों को बहला-फुसलाकर उनसे शादी कर रहे हैं। अब झामुमो नेता भी अस्सलाम वालेकुम बोल रहे हैं लेकिन हम बता देते हैं कि राजनीति करना है तो जय श्रीराम कहना होगा। झारखंड के एक सांसद के घर से, एक मंत्री के घर से करोड़ों रुपये बरामद हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी इन रुपये को जब्त कर गरीब जनता को स्वच्छ जल और पक्का मकान बना रहे हैं। मोदी को जिताने के लिए भाजपा को वोट दें और ताकि आलमगीर आलम जैसों को जेल में डाला जा सके।

हिमंता ने कहा कि असम में एक अधिकारी ने मदरसे के शिक्षक के लिए वेतन की मांग की। मैंने पूछा कि यहां से कैसे बच्चे निकलते हैं तो उन्होंने बताया कि यहां से पढ़कर बच्चे मुल्ला बनते हैं। फिर मैंने 700 मदरसों को बंद किया। मुस्लिम भाई पढ़-लिखकर इंजीनियर और डॉक्टर बनें। सरमा ने कहा कि आज तुष्टिकरण की राजनीति हो रही है। यदि यहां की सरकार नमाज के लिए जगह दे रही तो हिंदुओं को भी हनुमान चालीसा पढ़ने की जगह दो। असम में 37 प्रतिशत मुस्लिम हैं। जब मैं उनके बीच जाता हूं तो वहां की महिलाएं बताती हैं कि उनके पति तीन-चार शादियां कर लेते हैं लेकिन इस बार मोदी सरकार में आएंगे तो इन शादियों पर भी पाबंदी लग जायेगी।

हिमंत ने कहा कि इस बार झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनानी है। तभी डबल इंजन की सरकार राज्य का बेहतर विकास करेगी। यहां की माताओं को एक रुपये का भी लाभ नहीं मिल रहा है। बस हेमंत सोरेन के परिवार को मिल रहा है। बालू घोटाला भी यहां व्याप्त है। आज यहां धर्मांतरण हो रहा है लेकिन सरकार कुछ नहीं कर रही है।

# शशि थरुर का बयान आधी अबादी का अपमान : हरदीप सिंह पुरी



**नई दिल्ली (हि.स.)।** भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कांग्रेस नेता शशि थरुर पर को आड़े हाथ लेते हुए कहा है कि उन लोगों को शर्म आनी चाहिए जो कहते हैं कि महिला सुरक्षा महत्वपूर्ण मुद्दा नहीं है। उनका बयान कांग्रेस नेता शशि थरूर के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि स्वाति मालिवाल पर हमले का मुद्दा केवल मंहगाई और बेरोजगारी से ध्यान भटकाने के लिए है।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यहां कहा कि शशि थरूर का यह बयान कि स्वाति मालिवाल पर हमला मुद्दा नहीं है, शर्मिंदा करनेवाला है। शशि थरुर के इस बयान से नारी शक्ति का अपमान हुआ है। पुरी ने कहा कि वे शशि थरूर से पूछना चाहते हैं कि क्या नारी शक्ति अब महत्वपूर्ण नहीं है।

हरदीप सिंह पूरी ने कहा कि आज भी आधी आबादी मुद्दा है। मुद्दा यह भी है कि आप आधी आबादी (50 प्रतिशत) के साथ कैसा व्यवहार करते हैं । उन्होंने कहा कि अगर आप (शशि थरूर) कहते हैं कि कोई किसी भी पार्टी का राजनेता है, तो वह महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार कर सकता है, इसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है तो यह अत्यंत ही सोचनीय भी है।

# पटियाला में प्रधानमंत्री के दौरे से पहले लगाया गया खालिस्तानी झंडा, पन्नू ने ली जिम्मेदारी

**पटियाला (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पटियाला दौरे से एक दिन पहले रैली स्थल



से थोड़ी दूरी पर एक इमारत पर खालिस्तानी झंडा लगा मिला है, जिस पर खालिस्तानी नारा भी लिखा हुआ था। पुलिस ने अभी कोई मामला दर्ज नहीं किया है। अलबत्ता रैली स्थल की सुरक्षा को और बढ़ा दिया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को पटियाला में चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए आ रहे हैं। यह झंडा मिनी सचिवालय रोड पर एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में लगाया गया था। यह बिल्डिंग पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के खालिस्तानी कट्टरपंथी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने खालिस्तानी झंडा लगाने की जिम्मेदारी ली है। मीडिया सलाहकार रहे भरत इंदर सिंह चहल की है। पुराने बस स्टैंड के पुल पर खालिस्तान का नारा लिखा गया था। राहगीरों ने इसे देखकर पुलिस को सूचित किया।

इसके बाद आतंकी पन्नू का एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें आतंकी पन्नू ने कहा है कि पंजाब आने पर मोदी को स्थानीय खालिस्तानी समर्थक टारगेट करेंगे। मोदी हजारों सिख किसानों और निज्जर की हत्या के जिम्मेदार हैं। पन्नू ने वीडियो में कहा कि खालिस्तानी समर्थकों को पंजाब में मोदी के दौरे और रूट प्लान की पूरी जानकारी पंजाब की भगवंत मान सरकार से मिली है।

पटियाला रेंज के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। झंडे को कब्जे में लेने के साथ ही रैली स्थल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# झारखंड की सरकार युवा विरोधी सरकार : तेजस्वी सूर्या

**■ तेजस्वी सूर्या भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ के समर्थन में आयोजित बाइक रैली में हुए शामिल**

**रांची (हि.स.)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या बुधवार को रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में आयोजित बाइक रैली में शामिल हुए। रांची महानगर युवा मोर्चा की इस रैली में उन्होंने लोगों से संजय सेठ के पक्ष में वोट मांगा। इससे पहले तेजस्वी सूर्या ने रांची पहुंचने पर सर्वप्रथम बिरसा चौक पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। फिर बाइक रैली में पार्टी के युवाओं में जोश भरा।

रैली को संबोधित करते हुए सूर्या ने कहा कि देश अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करेगा। युवा शक्ति विकसित भारत की मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए



संकल्पित है। उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार युवा विरोधी सरकार है। सरकार ने यहां के युवाओं के साथ विश्वास घात किया है। सरकार ने वादा किया था कि हर साल पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे। जब तक नौकरी नहीं देंगे तब तक 7000 प्रत्येक महीना बेरोजगारी भत्ता देंगे।

सूर्या ने कहा कि यहां भर्ती परीक्षा में पेपर लीक हो जा रहे हैं। 25 लाख में परीक्षा के पूर्व पेपर बेचे जा रहे हैं। चाहे स्टार्टअप हो या अन्य किसी भी प्रकार के यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर झारखंड की सरकार नहीं दे सकी। यहां की कानून व्यवस्था चौपट है। बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। मंत्री से लेकर अधिकारियों के करीबियों के यहां से नोटों के बंडल निकल रहे हैं। पूरी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। झारखंड भ्रष्टाचार के कारण शर्मसार हुआ है।

सूर्या ने कहा कि 25 मई को रांची लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। रांची की जनता राष्ट्र के निर्माण और वर्तमान झारखंड की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करे। साथ ही कहा कि सांसद संजय सेठ रांची के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि आज पूरा देश मोदी-मोदी कर रहा है। पूरा देश चाहता है कि तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस देश का नेतृत्व करें और जिस तरह पूरे देश में मोदी की लहर है इस बार निश्चित रूप से हम 400 का लक्ष्य पर करेंगे। इस देश का विकास यदि कोई कर सकता है तो वह सिर्फ नरेन्द्र मोदी हैं। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। वह मुद्दा विहीन है और सिर्फ धर्म के आधार पर राजनीति कर रहा है।

## कर्नाटक के हुलिकट्टी गांव में आयोजित मेले में प्रसाद खाने से 51 बीमार, 5 गंभीर

**कर्नाटक (हि.स.)।** कर्नाटक के बेलगावी जिला स्थित सावदत्ती तालुका के हुलिकट्टी गांव में आयोजित भिरेश्वर और करेम्मा देवी मेले में %प्रसाद% खाने के बाद 51 लोग बीमार पड़ गए जिनमें से 5 लोगों की हालत गंभीर है।

प्रशासन ने आनन-फानन में बीमार लोगों को तुरंत सवादत्ती सार्वजनिक अस्पताल और बेलगावी जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिन पांच लोगों की हालत गंभीर है उन्हें धारवाड़ जिला अस्पताल भेजा दिया। इस घटना के बाद राज्य सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

# कामिरिता ने दस दिन में दूसरी बार माउंट एवरेस्ट की सफल चढ़ाई कर बनाया कीर्तिमान

**काठमांडू (हि.स.)।** दस दिनों के भीतर दूसरी बार विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर

**रिकार्ड**

**« 30वीं बार सफल आरोहण कर सर्वाधिक बार का रिकार्ड भी अपने नाम किया दर्ज**

सफलतापूर्व चढ़ाई कर नेपाली पर्वतारोही कामिरिता शेर्पा ने एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। माउंट एवरेस्ट पर आज 30वीं बार सफल आरोहण कर कामिरिता ने सबसे अधिक बार का रिकार्ड भी अपने नाम कर लिया है।

नेपाल पर्वारोही संघ की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि कामिरिता शेर्पा ने बुधवार की सुबह 7 बजकर 49 मिनट पर माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंच कर नया रिकार्ड बनाया है। एवरेस्ट पर चढ़ने



वाले कामिरिता पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जो अब तक तीसवीं बार सफल आरोहण कर चुके हैं। इससे पहले 12 मई को भी कामिरिता ने 29वीं बार सफल चढ़ाई कर रिकार्ड अपने नाम किया था।

इस बार जब से पर्वारोहण के लिए सरकार की तरफ से अनुमति दी गई, तब से 10 दिनों के भीतर ही कामिरिता ने दो बार सफल आरोहण करने का रिकार्ड बना लिया है। पिछले वर्ष 23 मई को कामिरिता ने 28वीं बार माउंट एवरेस्ट का सफल आरोहण किया था। पर्यटन विभाग के अस्थाई एवरेस्ट बेस कैम्प के प्रमुख खिमलाल गौतम ने बताया कि इस सीजन में अब तक 460 लोगों ने माउंट एवरेस्ट का सफल आरोहण कर लिया है।

## तीन महीने में 14 चीनी नागरिकों सहित 37 विदेशियों को नेपाल से निकाला गया

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल में अवैध रूप से रह रहे 37 विदेशी नागरिकों को देश से निष्कासित कर दिया गया है। इनमें सबसे अधिक 14 संख्या चीन के नागरिकों की है। नेपाल के अध्यागमन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक इस साल फरवरी से अप्रैल तक 37 विदेशी नागरिकों को देश निकाला गया है। इनमें चीन, अमेरिका, बांग्लादेश, इरान, यूके जैसे देश के नागरिक हैं। नेपाल में रहकर अवैध गतिविधि में संलग्न होने और ओवर स्टे के कारण तीन महीने में 14 चीनी नागरिकों को देश से निष्कासित किया गया है। इनमें ऑनलाइन गेमिंग और गैम्बलिंग कराने वालों की तादाद अधिक है। अध्यागमन विभाग के मुताबिक नेपाल से निष्कासित होने वाले नागरिकों में अमेरिका के 5, इरान के 4 और यूके के 3 नागरिक हैं। इसी तरह बांग्लादेश के दो तथा नीदरलैंड, पाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, टर्की, बहरीन, चेक रिपब्लिक और फ्रांस के एक-एक नागरिक का नाम शामिल है।

# तृणमूल सरकार के शासनकाल में राज्य सरकार द्वारा जारी राज्य के सभी ओबीसी प्रमाणपत्र को हाईकोर्ट ने किया रद्द

**कलकत्ता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तृणमूल सरकार के शासनकाल में राज्य सरकार द्वारा जारी राज्य के सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द करने का निर्देश दिया है। ओबीसी प्रमाणपत्र राज्य सरकार द्वारा ओबीसी को आरक्षण लाभ प्रदान करने के लिए जारी किया जाने वाला प्रमाणपत्र है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार को कहा कि फैसला सुनाए जाने के बाद रद्द किए गए प्रमाणपत्र का इस्तेमाल किसी भी रोजगार प्रक्रिया में नहीं किया जा सकता है। हाई कोर्ट के इस आदेश के परिणामस्वरूप करीब पांच लाख ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए गए हैं।हालांकि, साथ ही हाई कोर्ट ने कहा, इस प्रमाणपत्र के जिन उपयोगकर्ताओं को पहले ही मौका मिल चुका है, उन पर इस फैसले का असर नहीं होगा।

हालाँकि, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को विशेष रूप से तृणमूल सरकार का उल्लेख नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि 2010 के



बाद जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए जाएंगे. गौरतलब है कि, तृणमूल कांग्रेस 2011 से राज्य में सत्ता में आई है। अदालत का आदेश केवल तृणमूल शासित सरकार द्वारा जारी ओबीसी प्रमाण पत्र पर प्रभावी होगा।

ये फैसला क्यों? कलकत्ता हाई कोर्ट का कहना है कि 2010 के बाद जितने भी ओबीसी सर्टिफिकेट बनाए गए हैं, वे कानून के मुताबिक ठीक से नहीं बनाए गए हैं. इसलिए उस प्रमाणपत्र को रद्द किया जाना चाहिए. हालांकि, इसके साथ ही हाई कोर्ट ने कहा कि इस निर्देश का उन लोगों पर कोई असर नहीं होगा जो पहले ही इस सर्टिफिकेट के जरिए नौकरी पा चुके हैं या नौकरी पाने की प्रक्रिया में हैं. अन्य लोग अब उस प्रमाणपत्र का उपयोग रोजगार प्रक्रिया में नहीं कर सकेंगे।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायाधीश राजशेखर मंथा ने बुधवार को फैसला सुनाया। उनकी पीठ ने कहा, इसके बाद राज्य विधायिका यानी विधानसभा को यह तय करना है कि ओबीसी कौन होगा.÷ पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग को ओबीसी की सूची निर्धारित करनी है। उस सूची को राज्य विधानमंडल या विधानसभा को भेजा जाना चाहिए। जिनके नाम विधानसभा द्वारा अनुमोदित किए जाएंगे उन्हें भविष्य में ओबीसी माना जाएगा।

जिस मामले के आधार पर हाई कोर्ट ने बुधवार को यह आदेश दिया, वह मामला 2012 में दायर किया गया था. वादियों की ओर से वकील सुदीप्त दासगुप्ता और विक्रम बनर्जी अदालत में पेश हुए। उन्होंने कहा कि वाम मोर्चा सरकार ने 2010 में एक अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर पश्चिम बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग' बनाया। उस कैटेगरी को ओबीसी-ए नाम दिया गया है. लेकिन अगले वर्ष, वाम मोर्चा बंगाल मसनद से हट गया। 2011 में तृणमूल सत्ता में आई।

## पीटीआई नेता परवेज इलाही को कोट लखपत जेल से रात को किया गया रिहा

**लाहौर (हि.स.)।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता चौधरी परवेज इलाही को मंगलवार रात कोट लखपत जेल से रिहा कर दिया गया। लाहौर हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत देते हुए मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान पंजाब विधानसभा में की गई कथित अवैध नियुक्ति से संबंधित एक मामले में उनकी रिहाई का आदेश दिया था।

इलाही के वकील अमीर सईद ने बताया कि जेल से रिहा होने के बाद पीटीआई नेता जहूर इलाही पैलेस पहुंचे। वहां वह परिवार के सदस्यों से मिले। इलाही को इस महीने की शुरुआत में कोट लखपत जेल ले जाया गया था। इलाही ने कहा है मैं उन न्यायाधीशों का आभारी हूं जिन्होंने सच्चाई का समर्थन किया और मुझे रिहा कर दिया गया।

# इजराइली अधिकारियों ने समाचार एजेंसी एपी के उपकरण जब्त किए, नए मीडिया कानून का दिया हवाला

**यरूशलम (हि. स.)।** इजराइली अधिकारियों ने मंगलवार को अल जज़ीरा को तस्वीरें देने के आरोप में दक्षिणी इजराइल में द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) का एक कैमरा और प्रसारण उपकरण नए मीडिया कानून के उल्लंघन करने तहत जब्त कर लिया। एपी ने इजराइल के इस कदम की निंदा की है। कतर के सेटलाइट चैनल उन हजारों ग्राहकों में से एक है जो एपी और अन्य समाचार संस्थानों से 'लाइव वीडियो' प्राप्त करते हैं। समाचार संस्थान में कॉर्पोरेट संचार मामलों के उपाध्यक्ष लॉरेन ईस्टन ने कहा, एसोसिएटेड प्रेस गाजा से संबंधित दृश्य दिखाने वाले हमारे लंबे समय से चले आ रहे 'लाइव फीड' को बंद करने और एपी के उपकरण जब्त करने की इजराइल सरकार की कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करता है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई साक्ष्य पर आधारित नहीं थी, बल्कि यह देश के नए विदेशी प्रसारण कानून का इजराइली सरकार द्वारा दुरुपयोग किए जाने के कारण की गई। ईस्टन ने कहा, हम इजराइली अधिकारियों से हमारे उपकरण वापस करने और हमें सीधा प्रसारण करने देने का अनुरोध करते हैं ताकि हम दुनिया भर के हजारों मीडिया संस्थानों को महत्वपूर्ण फुटेज प्रदान करना जारी रख सकें।इजराइल के संचार मंत्रालय के अधिकारी मंगलवार दोपहर दक्षिणी शहर सदेरोत में उस जगह पर पहुंचे जहां एपी की टीम मौजूद थी। उन्होंने समाचार प्रतिष्ठान के उपकरण जब्त कर लिए। उन्होंने एपी को संचार मंत्री श्लोमो करही द्वारा हस्ताक्षरित दस्तावेज सौंपा, जिसमें आरोप लगाया गया कि यह देश के विदेशी प्रसारण कानून का उल्लंघन है। उपकरण जब्त किए जाने से कुछ समय पहले एपी उत्तरी गाजा का सामान्य दृश्य प्रसारित कर रहा था। एपी इज़राइल के सैन्य सेंसरशिप



नियमों का अनुपालन करता है, जो सैनिकों की गतिविधियों जैसे विवरणों के प्रसारण पर रोक लगाता है।

## रूसी सैनिकों के पास उपकरणों की कमी की आलोचना करने वाला जनरल रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार

**एस्टोनिया (हि.स.)।** यूक्रेन में मोर्चा संभालने वाले रूसी सैनिकों के पास उपकरणों की कमी और उनकी समस्याओं के बारे में शिकायत करने के बाद पिछले साल सेवा मुक्त किए गए रूसी जनरल को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।

रूसी मीडिया के अनुसार मेजर जनरल इवान पोपोव की गिरफ्तारी पिछले महीने उप रक्षा मंत्री तिमुर इवानोव की गिरफ्तारी के बाद हुई है। रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किए गए पोपोव ने यूक्रेन में लड़ रहे रूसी सैनिकों के पास उपकरणों की कमी की शिकायत की थी, जिसके बाद उन्हें सेवा से मुक्त कर दिया गया था।

# बांग्लादेश के गृहमंत्री ने भारत में अवामी लीग सांसद अनवारुल की हत्या को बताया सुनियोजित

**ढाका (हि.स.)।** बांग्लादेश के गृहमंत्री असदुज्जमां खान ने अवामी लीग के सांसद अनवारुल अजीम अनार की पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक फ्लैट में हुई हत्या को सुनियोजित करार दिया है। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत की पुलिस हत्याकांड की जांच में सहयोग कर रही है। अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में गृहमंत्री ने बुधवार को कहा कि अजीम जेनाइदाह-4 सीमावर्ती क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे। यह क्षेत्र उच्च अपराध दर के लिए जाना जाता है। अजीम इलाज के लिए भारत गए थे। अजीम 12 मई को भारत गए थे। 18 मई को उत्तरी कोलकाता के बारानगर पुलिस स्टेशन में उनकी गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस हत्याकांड पर विदेशमंत्री हसन महमूद ने एक सेमिनार में भाग लेने के बाद ढाका विश्वविद्यालय के सीनेट भवन में पत्रकारों से कहा कि कोलकाता पुलिस उस फ्लैट में दाखिल हुई, जहां कथित तौर पर सांसद की हत्या की गई थी, लेकिन शव नहीं मिला। उन्होंने कहा कि कोलकाता पुलिस और बांग्लादेश पुलिस की जासूसी शाखा ने मुख्य संदिग्ध सहित चार को गिरफ्तार किया है। बांग्लादेश ने कई स्तर पर हत्याकांड की जांच शुरू की है। अधिकारी कोलकाता पुलिस के संपर्क में हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अजीम की मौत पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत



आत्मा की शाश्वत मुक्ति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की।

## नेपाल में गृहमंत्री के खिलाफ सदन के अलावा सड़क पर भी आन्दोलन करेगी नेपाली कांग्रेस

**काठमांडू (हि.स.)।** प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ और अधिक आक्रामक ढंग से विरोध करने जा रही है। बुधवार को पार्टी मुख्यालय में केन्द्रीय समिति और संसदीय दल की संयुक्त बैठक में गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ सदन के अलावा सड़क पर भी विरोध-प्रदर्शन करने का फैसला लिया है।

बैठक की जानकारी देते हुए सांसद एवं पूर्व मंत्री एनपी साउद ने कहा कि सरकार ने विपक्षी दल की मांग को अनसुना कर दिया है और सहकारी मामले की जांच कराने से पीछे हट रही है।

# मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित हुआ है: मुख्यमंत्री

- इंडी गठबंधन सत्ता में आई तो हिंदू का हक छीनकर दें देगी मुसलमानों को योगी आदित्यनाथ
- बीजेपी जीतेगी 400 सीटें: योगी आदित्यनाथ

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश का विकास चाहते हैं सबका साथ सबका विकास का नारा बुलंद करते हुए उन्होंने देश की तरक्की में अपना संपूर्ण योगदान दिया है। सपा कांग्रेस का गठबंधन देश के लिए अहितकारी और विनाशकारी है।यह चुनाव रामभक्त और राम द्रोहियों के बीच है। पाकिस्तान प्रेमी पाकिस्तान चले जाएं। इंडी गंठबंधन सत्ता में आई तो हिन्दुओं का हक छीन कर मुसलमानों को दे दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री बुधवार को मुंगराबादशाहपुर के सार्वजनिक इंटर कॉलेज में भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों का उत्साह देखकर ही बता सकता हूं कि 4 जून को क्या परिणाम आएगा। पूरे देश में एक ही नारा गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार अबकी बार 400 पार। 400 पार के नारे से सपा कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल डरे सहमे हुए हैं। देश की जनता एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है।प्रधानमंत्री मोदी ने देश की तस्वीर और तकदीर बदल दी है दुनिया में देश का मान सम्मान बढ़ा है ।140 करोड़ भारतीयों को आतंक से मुक्ति मिली है ।सरकार की सभी योजनाएं गरीबों तक पहुंच रही है।अब गरीबो को इलाज के लिए दर दर भटकना नहीं पड़ता है।उन्होंने कहा कि जो लोग पाकिस्तान के प्रेमी हैं वह पाकिस्तान चले जाएं ।ऐसे लोगों को पाकिस्तान ही भेज देना चाहिए। भारत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रहा है और पाकिस्तान की 23 करोड़ जनता भुखमरी के कगार पर है।मोदी के



नेतृत्व में देश अब इतना मजबूत हो चुका है कि किसी में अब हिम्मत नहीं है कि भारत की तरफ आंख उठाकर भी देख सके। देश में औरंगजेब की आत्मा फिर से जिंदा नहीं होने दिए जाएगा । भाजपा के शासन सत्ता में रहते ऐसा कभी नहीं हो सकता है।आज देश की जनता विकास चाहती है । उन्होंने कहा कि अयोध्या में अगर मोदी ने रामलला को विराजमान किया है तो आज आतंकवादियों के राम नाम सत्य की यात्रा भी निकल रही है।जो राम को लाएं हैं जनता उनको पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में स्थापित करने जा रही है।आज उत्तर प्रदेश में माफियाओं का सफाई किया जा चुका है। अब प्रदेश में गुंडों का राज नहीं बल्कि कानून का राज चलता है।इस अवसर पर सांसद सीमा द्विवेदी, पर्यटन मंत्री राजवीर सिंह,खेल मंत्री गिरीश यादव, पूर्व विधायक सुषमा पटेल, ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र सिंह फंटू,पूर्व प्रत्याशी अजय शंकर दूबे, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, विधायक रमेश मिश्रा, चेयरमैन कपिल मुनि, सुशील मिश्रा,आलोक कुमार गुप्ता पिंटू,सीके,उमाशंकर गुप्ता, संतोष मिश्रा व राज पटेल मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री सुशील मिश्रा ने किया।

## पूर्वजों द्वारा मेहनत से बनाई गई संपत्ति में बंदर बांट नहीं होने देंगे योगी आदित्यनाथ

**जौनपुर। (मड़ियाहूं)** रामपुर मेला मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनावी जनसभा को संबोधित करने से पहले भारत माता की जय का उद्घोष किया। पहले संबोधन में योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने ही राम भक्तों पर चलवाई थी गोलियां, और यह बात सभी को अच्छी तरह से याद है, और कहा कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 500 सालों का इंतजार समाप्त करते हुए प्रभु श्री राम को लाए हैं, अबकी बार 400 पार करके राम विरोधियों को जवाब देना है। इसी के साथ योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर से मोदी सरकार के नारे का कई बार उद्घोष किया, और लोगों से मछलीशहर लोकसभा 74से बीपी सरोज और भदोही डॉक्टर विनोद विन्द को भारी बहुमत से जीताने के लिए अपील किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील किए थे, और दूसरी बार लोकसभा मछलीशहर से बीपी सरोज को जीताने का काम करीए के लिए अपील करने पहुंचे थे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश और केंद्र में कई जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं, और इस बार सरकार बनने के बाद 70 वर्ष उम्र के ऊपर के व्यक्तियों को प्रतिवर्ष 5 लाख के इलाज की व्यवस्था आयुष्मान कार्ड के माध्यम से की जाएगी और उज्वला गैस कनेक्शन केन्द्र सरकार ने मुफ्त मे दिया और हमने होली और दीपावली मे भरा हुआ सिलेंडर दिया कहा कि यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बन गई तो पूर्वजों द्वारा बनाई गई संपत्ति को यह सर्वे कर के बंदर बाट करने का काम करेंगे, इसलिए आपको अपने पूर्वजों द्वारा मेहनत से बनाई गई संपत्ति में बंदर बांट नहीं करने देना है।

# भाजपा को पीडीए ही करेगा सत्ता से दूर: श्यामलाल पाल



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल नें प्रयागराज संसदीय क्षेत्र से इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार उज्जवल रमण सिंह के समर्थन मे आज कोराव के एक गेस्ट हॉउस मे आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीडीए ही भाजपा को देश की सत्ता से दूर करेगा। उन्होंने कहा कि 2014मे ढेर सारे वादे करके सत्ता मे आई भाजपा नें किसानों को एमएसपी, नौजवानों को रोजगार, महिलाओं को सुरक्षा, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों को उनके अधिकार देने मे पूरी तरह से विफल रही है। 2019मे फिर वादे दुहराये लेकिन पुरे नहीं किये। इतना ही नहीं अब तो उसके नेता अपने भाषणों मे 400 पार का नारा देकर संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। सपा प्रदेश अध्यक्ष नें लोकतंत्र की रक्षा, आम आदमी की बुनियादी सुविधाओं के बहाल करने, रोजगार की गारंटी पाने, पुरानी पेंशन एवं देश मे भाईचारा के साथ सभी वर्गों, धर्मो के लोंगो को अमन चैन के साथ रहने के अधिकार पाने के लिए भाजपा को सत्ता से दूर करने का आह्वान करते हुए इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह को जिताने की अपील किया। जनसभा की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पूलाल निषाद नें किया। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का यमुनापार क्षेत्र मे जगह जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक संदीप पटेल, रामदेव निडर, सोमदत्त पटेल, जयशंकर भारतीय, गीता भारतीय, मंगला पाल, निराला पाल, सुमन शर्मा, प्रदीप निषाद, कृपा शंकर बिन्द, विजय राज यादव, महताब खां, अहमद राजा, इंजीनियर जगदीश यादव, रामनिरांजन विश्वकर्मा, गीता भारतीय, सुमन कोल, राजेश यादव, आदि नें भी सभा को सम्बोधित किया।

# प्रवेश से लेकर परीक्षा परिणाम तक की जानकारी होगी समर्थ पोर्टल पर: कुलपति

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में कुलपति प्रो वंदना सिंह की अध्यक्षता में समर्थ पोर्टल की कार्य प्रगति को लेकर अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों की बैठक हुई। विश्वविद्यालय शासन द्वारा दिए गए डेटा अपलोडिंग के लक्ष्य को शीघ्र पूरा कर रहा है। कुलपति प्रो। वंदना सिंह ने बैठक में विभागाध्यक्षों को समय से डेटा अपलोडिंग पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि समर्थ पोर्टल से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ी क्रांति आने वाली है। आगामी सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी के प्रवेश से लेकर परीक्षा परिणाम तक की जानकारी इस पर उपलब्ध होगी। इससे जुड़ी जो भी सूचनाएं है उसे समय- समय पर अपलोड करना होगा।उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में कल से ग्रीष्म अवकाश हो रहे है, इसमें और ऊर्जावान बने और अपने ज्ञान को बढ़ाये । कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि राजभवन एवं उत्तर प्रदेश शासन से समर्थ पोर्टल पर सूचनाओं को अपलोड करने के लिए जो दिशा- निर्देश मिल रहे है उसके अनुरूप निरंतर कार्य करना होगा। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि जो भी डेटा अपलोड होने के लिए आ रहे है उसको सत्यापित करते रहे। समन्वयक डॉ आशुतोष सिंह ने बैठक में बताया कि 3 दिनों के अंदर परिसर के अधिकांश पाठ्यक्रमों से जुड़े डेटा अपलोड हो गए है।उन्होंने कहा कि गैर शैक्षिक कर्मचारी गूगल फॉर्म के माध्यम से अपनी जानकारी जल्द शीघ्र दर्ज कराएं। तकनीकी समन्वयक डॉ अमित वत्स एवं सह संयोजक सत्यम उपाध्याय ने भी जानकारी उपलब्ध कराई। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक अजीत कुमार सिंह, प्रो मानस पाण्डेय, प्रो अविनाश पाथर्डीकर, प्रो अजय प्रताप सिंह, प्रो बीडी शर्मा, प्रो राजेश शर्मा, प्रो मनोज मिश्र, प्रो संदीप सिंह, प्रो ए के श्रीवास्तव, उप कुलसचिव अमृतलाल, बबिता सिंह समेत शिक्षक, अधीक्षक एवं प्रभारी उपस्थित रहे।

## आम तोड़ने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डण्डे, दो हिरासत में

**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के तियरी गांव में आम तोड़ने को लेकर दो पक्षों में लाठी–डंडे चल गये जिसमें मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से दो युवकों को हिरासत में ले लिया। बता दें कि स्थानीय थाना क्षेत्र के तियरी गांव निवासी ओम प्रकाश व संदीप कुमार के घर के सदस्यों के बीच आम के बगीचे से आम तोड़ने को लेकर गाली गलौज होते-होते लाठी–डण्डे चलने लगे। इसी बीच एक पक्ष ने मारपीट की सूचना पुलिस को दे दिया जिस पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से विकास व संदीप को हिरासत में ले लिया। साथ ही अन्य सदस्यों को डांट–फटकार कर शांत कराया। इस मामले में पूछे जाने पर थाना प्रभारी बृजेश गुप्ता ने बताया कि तियरी गांव में आम तोड़ने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी जिसमें दो युवकों को हिरासत में लेकर उनका शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया गया है।

## करंजाकला बाजार में सैकड़ों वाहनों की हुई चेकिंग

**जौनपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा गठित एसएसटी टीम लगातार वाहनों की चेकिंग कर रही है। इस चेकिंग का मुख्य उद्देश्य चुनाव के दौरान मतदाताओं को बांटने के लिये पैसे को पकड़ना है। इसी क्रम में बुधवार को एसएसटी टीम मजिस्ट्रेट सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में जौनपुर–खुटहन मार्ग पर स्थित करंजाकला बाजार में सैकड़ों वाहनों की चेकिंग की गयी। इस दौरान उपनिरीक्षक कप्तान सिंह, हेड कांस्टेबल प्रवेश दुबे, हेड कांस्टेबल मनीष सिंह, कैमरामैन सुगंध दुबे सहित अन्य सम्बन्धित लोग उपस्थित रहे।

# अटाला माता मन्दिर मामले में क्षेत्राधिकार व पोषणीयता पर बहस, अब निगाह 28 मई पर टिकी

- पुरातत्व विभाग के अभिलेखों में अटाला मस्जिद एवं राजस्व अभिलेखों में जामा मस्जिद नाम है दर्ज

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** सिविल जज सीनियर डिवीजन में दाखिल वाद के क्षेत्राधिकार व पोषणीयता पर बुधवार को न्यायालय में सुनवाई हुई। केस के क्षेत्राधिकार व पोषणीयता पर बहस अधिवक्ता अनिल सिंह व अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह संयुक्त रूप से की। वाद के क्षेत्राधिकार व पोषणीयता के बिंदु पर आदेश के लिए कोर्ट ने 28 मई तिथि नियत किया है। बताया कि वाद सम्पत्ति अटाला माता मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीन एक संरक्षित स्मारक है जिस कारण केस पर पूजा स्थल (विशेष उपबंध) अधिनियम 1991 लागू नहीं होता है। विपक्षी संख्या 1 सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने वक्फ एक्ट 1995 की धारा 4 के अधीन आज तक वाद संपत्ति का सर्वे नहीं किया है जिस कारण वाद संपत्ति पर वक्फ एक्ट 1995 लागू नहीं होता है। राजस्व अभिलेखों में वर्तमान में वाद संपत्ति अटाला माता मंदिर की मालिक केंद्र सरकार है।

वाद संपत्ति भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अभिलेखों में अटाला मस्जिद नाम से दर्ज है जबकि राजस्व अभिलेखों में जामा मस्जिद नाम से दर्ज है। विपक्षी संख्या 1 सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और विपक्षी संख्या 2 प्रबंधन कमेटी अटाला मस्जिद ने अटाला देवी मंदिर की पहचान मिटाने के लिए राजस्व अभिलेखों में जामा मस्जिद दर्ज करवा लिया जबकि जामा मस्जिद अचल संपत्ति है जिसे स्थानीय लोग बड़ी मस्जिद भी कहते है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की अनेक रिपोर्ट्स में यह लिखा है कि वाद संपत्ति अटाला माता मंदिर के स्थान पर अटाला मस्जिद बनाई गई और अटाला देवी मंदिर के भवन के पत्थरों से अटाला मस्जिद का निर्माण किया गया।

अटाला मस्जिद में अटाला शब्द एक हिन्दू शब्द है जिसका इस्लाम से कोई लेना–देना नहीं है।

## रंगदारी के मामले में पूर्व सांसद के बेटे छह साल की सजा

**प्रयागराज।** जिला न्यायालय ने कैंट क्षेत्र में वर्ष 2022 में एक छात्रा से फोन करके 50 हजार की रंगदारी मांगने के मामले में आरोपित पूर्व सांसद सुरेश पासी के बेटे शिवांग पासी और उसके दोस्त शितांशु दुबे निवासी म्योराबाद के विरुद्ध अभियोजन का आरोप साबित होने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उन्हें दोष सिद्ध करार दिया है। सजा तय करने के लिए पत्रावली मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रेषित की गई। आरोपितों ने वादी मुकदमा की पोती को फोन करके 50 हजार रुपये लेकर आने के लिए कहा। साथ ही धमकाया कि हम लोगों ने तुम्हारा वीडियो बना लिया है, इसे प्रसारित कर दिया जाएगा। अगर यह बातें घर पर बताओगी तो तुम्हारे मां-बाप को गोली मार दूंगा। अभियोजन अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि उपरोक्त मामले में अधिकतम सजा 10 वर्ष एवं अर्थ दंड का प्रावधान है, लिहाजा सजा तय करने के लिए पत्रावली मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रेषित की गई थी। 21 मई को मुख्य न्यायिक। मजिस्ट्रेट ने आरोपितों को छह वर्ष का कारावास और पांच -पांच हजार रुपये के अर्थ दंड की सजा से दंडित किया है।

## लालगंज के भाजपा प्रत्याशी बेटी ने मां के लिए मांगा वोट



**बरदह,आजमगढ़।** विकास खंड लालगंज के गोपालपुर ग्राम में राजबहादुर उर्फराजा राजभर के नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर पूर्व सासंद के माध्यम से चौपाल लगा कर नीलम सोनकर की लाडली लड़की मुख्य आतिथ्य के रुप में आदित्य सोनकर ने भाजपा सरकार की उपलब्धि बताने के साथ यह भी कही कि हम जैसी लड़की आज के बीस साल पहले हम लोग सड़क पर चलने की हिम्मत नहीं बना पाती थी आज मोदी सरकार में हम लोग सड़क पर अकेले चल रही है कोई गुन्डे नजर नहीं आ रहे मोदी सरकार सभी माफ्यिाओं को खत्म करने का कर दिए है है इस अवसर पर मुख्य अतिथि आदित्य सोनकर आदित्य नरायन राय रजनीकांत तिवारी संजय राय संजय जयसवाल रजनीश जयसवाल रामचंद्रराम चंदन राय रविन्द्र यादव प्रधान राजेंद्र सिंह पिन्टू सिंह रामचंद्र राजभर शिन्कू राजभर विनोद राजभर ओमप्रकाश राम सेवक प्रवीण विकास राजभर सहित सैनिकों लोग उपस्थित रहें।

## परिश्रम से सफलता मिलता है: डॉ पी पी यादव



**सठीयाव,आजमगढ़।** संमता बालिका इंटर कॉलेज सुराई में मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया स पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ आर के ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के संस्थापक डॉक्टर प्रेम प्रकाश यादव ने दीप प्रज्वलित करके किया स इंटरमीडिएट एवं हाई स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्थापक डॉक्टर प्रेम प्रकाश यादव ने कहा कि आज बदलते शिक्षा के परिवेश में परिश्रम अति महत्व है जो विद्यार्थी परिश्रम और लगन से पठन-पाठन का कार्य करेगा वह आगे बढ़ेगा और सफ्लता उसकी कदम चूमेगी स इस अवसर पर विद्यालय के नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को ग्रुप के निदशक श्रीमती शशि कला यादव ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना किया स पुरस्कार पाकर मेधावी छात्र-छात्राओं में उल्लास व्याप्त था।

# आरक्षण के नाम पर पीएम मोदी दे रहे धोखा: ओवैसी

- भाजपा और सपा पर बरसे ए आई एम आई एम नेता



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** ऑल इंडिया इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने प्रयागराज में पीएम मोदी पर निशाना साधा। ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री दलित और पिछड़ी जाति के लोगों को आरक्षण के नाम पर धोखा देने का कार्य कर रहे हैं। यूपी में नौजवानों के साथ अन्याय किया जा रहा है। यूपीपीएससी और सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक सरकार की नाकामी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को जवाब देना चाहिए कि पेपर लीक क्यों हो रहे हैं। पीएम मोदी अपनी सभा में महंगाई और बेरोजगारी के नाम पर क्यों नहीं बोल रहे हैं। ओवैसी प्रतापगढ़ में पीडीएम प्रत्याशी के समर्थन में प्रतापगढ़ और प्रयागराज के मऊआइमा में पहुंचे थे।

ओवैसी ने कहा कि भाजपा के लोग बौखलाकर पीडीएम को वोट कटवा बताकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा के साथ ही समाजवादी पार्टी पर भी निशाना साधा। कहा कि हर सीट पर पीडीएम टक्कर में है। अब तक के चुनाव प्रचार में काफी सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं।

ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री राम मंदिर में ताला लगाने का आरोप लगाकर विपक्ष को टारगेट कर रहे हैं, लेकिन पीएम को यह भी बताना चाहिए कि जिन फैक्ट्री और कारखानों में ताला लगा है उसके बारे में क्यों नहीं बोलते हैं। लॉकडाउन और नोटबंदी पर क्यों नहीं बोल रहे हैं। पीएम के पास दस साल में किए गए कार्यों को बताने के लिए कुछ नहीं है।

एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि अब भाजपा 400 पार नहीं कर रही है। असली मुद्दा यह है कि पेट्रोल की कीमतें 100 रुपये से अधिक हो गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि वे पीओके के बारे में बात करते हैं, लेकिन उन्होंने पीओके पाने के लिए पिछले 10 वर्षों में क्या किया है? हम भी कह रहे हैं कि पीओके भारत का हिस्सा है और हमें इसे वापस लेना चाहिए लेकिन पीओके का मुद्दा केवल चुनाव के दौरान आगे आता है।

# बड़ी मां ने दो मंजिला मकान से मासूम को फेंक कर मार डाला

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** कहते है कि गुस्से में आदमी हैवान बन जाता है। ऐसा ही मामला मंगलवार की रात देखने को मिला। चांदपुर सलोरी स्थित जेपी चौराहे के पास घरेलू विवाद को लेकर एक वर्षीय मासूम को दो मंजिला छत से नीचे फेंक कर मार डाला। घटना को अंजाम उसकी बड़ी मां ने दिया। उसने खुद को भी कमरे में बंद कर लिया। कर्नलगंज पुलिस ने करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। आरोपी और उसके पति से पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सलोरी के सुरेंद्र निषाद का बड़े भाई से लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा है। करीब सप्ताह भर पहले भी मारपीट की गई थी, जिस पर सुरेंद्र ने कर्नलगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सुरेंद्र की पत्नी अल्पना का कहना है कि मंगलवार देर शाम वह कमरे में अपने तीन बच्चों के साथ थी। उसी समय उसके जेठ व जेठानी आए। पति को अपशब्द कहते हुए मारपीट करने लगे। वह बचाने दौड़ी तो उसके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि इसी बीच उसकी जेठानी ने उसके सबसे छोटे एक वर्षीय पुत्र गोलू को चारपाई से उठाकर दो मंजिला मकान से नीचे फेंक दिया। गोलू को आननफानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कर्नलगंज पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम से भी घटनास्थल की जांच कराई गई है।

# असलहों के दो सौदागर गिरफ्तार

- एक दर्जन से अधिक निर्मित व अर्ध निर्मित तमंचे बरामद

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मध्य नजर जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है संगम नगरी प्रयागराज के गंगानगर इलाके में नवाबगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है प्रयागराज कमिश्नरेट की पुलिस ने असला बनाने वाले फैक्ट्री का खुलासा कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 14 अवैध निर्मित और अर्धनिर्मित शास्त्र के साथ शास्त्र बनाने के उपकरण बरामद की है गंगा नगर ष्ठष्टक्क अभिषेक भारती के निर्देशन में एसीपी और खाना नवाबगंज पुलिस की टीम ने छापेमारी कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है दोनों अभियुक्त अनुज पांडे और अजीत मिश्रा प्रतापगढ़ जनपद के रहने वाले हैं दोनों अभियुक्त प्रयागराज के नवाबगंज थाना क्षेत्र में याधनायक इंटरमीडिएट कॉलेज कुरेश्वर खंडहर के पास अवैध रूप से तमंचा बनाने का काम करते थे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दविश दी इसके बाद दो अभियुक्त तमंचा बनाते हुए पकड़े गए पुलिस पूछताछ में बताया कि अवैध निर्माण तमंचों को सस्ते दामों पर प्रयागराज सहित आसपास के जिलों में बेचते थे डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया कि पकड़े गए दोनों अभियुक्तों के ऊपर 10 दिनों से अधिक मुकदमे प्रयागराज सहित दूसरे जनपदों में दर्ज हैं फिलहाल इन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है इसके साथ ही सर्च अभियान चलाकर इस तरीके से बनाए जा रहे अवैध शास्त्र फैक्ट्री का खुलासा किया जाएगा।

## विवाहिता ने ट्रेन के आगे खुद कर दे दी जान

**प्रयागराज।** फाफामऊ थाना क्षेत्र में पति से कहासुनी के बाद ट्रेन के आगे कूदकर विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के रामसूरत की पुत्री स्वाती की शादी फाफामऊ निवासी संजय कुमार के साथ हुई थी। संजय पत्रिका चौराहे पर फलों का दुकान लगाता है। मृतका की दो पुत्री है एक ढाई साल की जबकि दूसरी बेटी 6 माह की है। जानकारी के अनुसार संजय और स्वाती के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई उसके बाद संजय ने स्वाती को अपने ससुर रामसूरत के घर नवाबगंज छोड़ आया। पति की इस हरकत से नाराज होकर स्वाती घर से बिना बताए नवाबगंज से फाफामऊ जंक्शन पर आ गई। जहां उसने ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जान दे दी।

# पारा लुढ़का, तपन बरकरार

- अगले चार दिन नहीं मिलेगी लू से राहत, रात का भी बढ़ेगा पारा

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** भीषण गर्मी की चपेट में चल रहे प्रयागराज में बुधवार को पारा दो डिग्री जरूर लुढ़का पर इससे गर्मी के तेवर पर कोई असर नहीं पड़ा। शनिवार को प्रयागराज में मतदान होना है और गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। ऊपर से आग बरसा रहे सूर्यदेव और नीचे धधक रही जमीन के बीच चेहरे को झुलसा देने वाली हवाओं ने लोगों का हाल बेहाल कर रखा है। मौसम विज्ञानियों की मानें तो पूरी मई गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। 25 मई तक लू का दौर चलेगा और इसके बाद राहत मिलती भी है तो



तापमान के नियंत्रण में आने में ही कई दिन लगेंगे। इस बीच में स्थानीय कारणों से बादलों की मौजूदगी दिखाई दे सकती है पर इसका प्रचंड गर्मी पर कोई खास प्रभाव नहीं देखने को मिलेगा। इस दौरान तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बने रहने का अनुमान है। वहीं रात का पारा 28 से 30 डिग्री के बीच रह सकता है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बुधवार को यह 43.5 डिग्री सेल्सियस था। वहीं न्यूनतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस रहा। इसमें भी दो डिग्री की कमी आई।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि तापमान में दो डिग्री कमी आई है पर गर्म हवाओं की वजह से लोगों को बेहिसाब गर्मी महसूस हो रही है। हालांकि राहत की बात यह है कि आर्द्रता में बढ़ोत्तरी हुई है। जो संकेत दे रहा है पश्चिमी हवाओं का असर कुछ कमजोर पड़ रहा है। ऐसी स्थितियां दो से तीन दिन और रही तो बादलों की घेराबंदी लू के चक्रव्यूह को तोड़ सकती है। ऐसा होने पर कुछ राहत और मिलेगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्री-मानूसन की गतिविधियां दिखाई दे रही है। प्रचंड गर्मी का एक स्पेल ज्यादा लंबा होने पर स्थानीय स्तर पर बादल छा सकते हैं और बारिश भी हो सकती है। यह अचानक घटित होने वाली घटनाएं हैं और मई में ऐसा मौसम रहता है।

# आरएसएस और भाजपा की बी टीम है बसपा: हरीश चंद्रा

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय जनवादी पार्टी (क्रांतिकारी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आई.ए.एस. हरीश चंद्रा ने कहा है कि आजादी के बाद से अब तक देश और संविधान पर इतना बड़ा संकट कभी नहीं आया जितना कि अब है। संविधान में की गई व्यवस्थाओं से सभी को समान अधिकार व अवसर प्राप्त हुआ, जिससे देश सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर था, विगत 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को कुचलने का काम किया है। व्यवस्थाओं को छिन्न-भिन्न कर संविधान को खोखला करने का काम किया ताकि देश में पुनः मनुवादी व्यवस्था कायम हो सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र, बहुदलीय संसदीय प्रणाली, संविधान और आरक्षण को



बचाने के लिए जरूरी है कि लोकसभा चुनाव-2024 में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को अधिक से अधिक संख्या में जीताकर लोकसभा भेजा जाए। उन्होंने कहा कि देश में शिक्षित, अर्थ शिक्षित युवक युवतियां नौकरी की तलाश में मारे-मारे फ्रि रहे हैं। नौकरी के बदले उन्हें लाठी गोली खानी पड़ रही जबकि अकेले केंद्र में 30 लाख पद रिक्त हैं, यही स्थिति कामोबेश भाजपा शासित राज्यों की भी है। देश में विगत 10 वर्षों में सर्वाधिक बेरोजगारी की दर 67.7 प्रतिशत है। देश की प्रतिष्ठित सेवा आईएएस, आईपीएस आदि में अदानी, अंबानी और आरएसएस के लोंगो की चोर दरवाजे से नियुक्ति कर (लैटरल एंट्री) परिश्रमी और योग्य अभ्यर्थियों के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। वहीं संविदा पर नियुक्ति में एससी एसटी और ओबीसी में आरक्षण समाप्त कर आरक्षण के प्रविधान को ही समाप्त किया जा रहा है तथा अग्नि वीर जैसी व्यवस्थाओं से सरकार ने युवाओं को मुंह चिढ़ाने जैसा कार्य किया है। मोदी जी की नीत भाजपा की सरकार द्वारा आजादी के बाद हमारे पुरखों द्वारा सृजित देश की सम्पति रेल हवाई अड्डे, बन्दरगाह, कल कारखाने कौड़ियों के भाव अपने मित्रों अदानी, अंबानी आदि को नीलाम किये जा रहे हैं।

# निफ्टी में लगातार पांचवें दिन तेजी सेंसेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुआ

**नई दिल्ली (हि.स.)।** पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार बुधवार को



मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। निफ्टी आज लगातार पांचवें कारोबारी दिन हरे निशान में बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन पहले घंटे के कारोबार में ही बिकवाली के दबाव की वजह से शेयर बाजार गिर कर लाल निशान में आ गया। हालांकि, थोड़ी ही देर बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर बाजार ने दोबारा हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.36 प्रतिशत और निफ्टी 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए।


आज के कारोबार के दौरान एफएमसीजी, रियल्टी, आईटी, कैपिटल गुड्स और मीडिया सेक्टर के शेयरों में खरीदारी का रुख बना रहा। दूसरी ओर बैंक और मेटल इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। आज ब्रॉडर मार्केट में भी मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 415.97 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 414.62 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.35 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,948 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,901 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,932 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 115 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,253 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,107 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,146 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर बढ़त के साथ और 8 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 30 शेयर हरे निशान में और 20 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 212.21 अंक की मजबूती के साथ 74,165.52 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक 92.98 अंक की कमजोरी के साथ 73,860.33 अंक के स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने थोड़ी ही देर में हरे निशान में वापस अपनी जगह बना ली। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स 354.48 अंक की मजबूती के साथ 74,307.79 अंक के स्तर तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 267.75 अंक की तेजी के साथ 74,221.06 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# मनोज बाजपेयी ने लखनऊ में अपनी 100वीं फिल्म भैया जी का जश्न मनाया



**नई दिल्ली।** इस रिवेंज ड्रामा फिल्म भैया जी में एक्टर मनोज बाजपेयी पहली बार एक्शन करते नजर आएंगे. अभिनेता ने aaj प्रशंसकों के साथ बातचीत करने के लिए लखनऊ का दौरा किया।

भैया जी साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। टीज़र से लेकर ट्रेलर और गानों तक, फिल्म से जुड़ी हर चीज़ ने प्रशंसकों के बीच उत्साह और सकारात्मक उत्साह पैदा कर दिया है। मनोज बाजपेयी और निर्माता प्रशंसकों के साथ बातचीत करने के लिए विभिन्न शहरों की यात्रा कर रहे हैं। फिल्म के प्रति उत्सुकता बढ़ाने के लिए पूरे भारत में सिनेमा श्रृंखलाओं के पास भैया जी के विशाल कट-आउट लगाए गए हैं।

सिर्फ एक बंदा काफी है की टीम निश्चित रूप से धमाकेदार वापसी कर रही है और इस बार वे इस रिवेंज ड्रामा के साथ एक बार फिर लोगों के दिलों को छूने के लिए यहां हैं। भैया जी की भूमिका में मनोज बाजपेयी अभिनीत यह फिल्म 24 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

विनोद भानुशाली, समीक्षा शैल ओसवाल और शबाना रज़ा बाजपेयी प्रस्तुत करते हैं भैया जी, जो भानुशाली स्टूडियोज़ लिमिटेड, एसएसओ प्रोडक्शंस और ऑरेगा स्टूडियोज़ द्वारा निर्मित है। यह रिवेंज ड्रामा विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, समीक्षा ओसवाल, शैल ओसवाल, शबाना रजा बाजपेयी और विक्रम खाखर द्वारा निर्मित है।

## सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देगा आरबीआई

**मुंबई (हि.स.)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को मंजूरी दे दी है। रिजर्व बैंक ने वर्ष 2022-23 में सरकार को 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश दिया था। यह राशि एक साल पहले की तुलना में दोगुना से भी ज्यादा है। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में आयोजित आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 608वीं बैठक में लाभांश भुगतान का निर्णय लिया गया। आरबीआई ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया है कि रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल ने लेखा वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को अधिशेष के रूप में 2,10,874 करोड़ रुपये के हस्तांतरण को मंजूरी दी है।

# उत्तर-प्रदेश के ट्रक ड्राइवरों के बीच इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के बारे में जागरूकता की कमी को दूर करने के लिए प्रयासरत है नयी सोच की सवारी

**लखनऊ।** हालाँकि श्वेत-पत्रों में कहा गया है कि, साल 2070 तक नेट ज़ीरो के लंबे समय के लक्ष्य को



हासिल करने के लिए भारत में सड़कों से माल ढुलाई को पूरी तरह से बिजली से संचालित बनाना तात्कालिक जरूरत है, लेकिन अजय सिंह जैसे ट्रक ड्राइवरों के लिए इलेक्ट्रिक ट्रकों की व्यावहारिकता एवं उनके किफ़ायती होने से संबंधित बुनियादी सवाल इससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। पूरे उत्तर प्रदेश के लगभग 300 ट्रक ड्राइवरों और फ़्लीट मालिकों में अजय सिंह भी शामिल थे, जिन्हें हाल ही में नयी सोच की सवारी कार्यक्रम में अपने कुछ सवालों के जवाब मिले, जो ट्रकिंग कम्युनिटी से जुड़े लोगों के बीच इलेक्ट्रिक ट्रकों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए वर्तमान में जारी पहल का हिस्सा है। इसके बावजूद उनके मन में अभी भी कुछ संदेह थे और उन्होंने कहा, ÷मैं नहीं जानता था कि इलेक्ट्रिक ट्रकों की पावर और पिकअप डीजल ट्रकों से बेहतर होती है, लेकिन इसकी लागत को लेकर मेरे मन में अभी भी थोड़ी शंका है, और अभी भी संभावित सब्सिडी, पेलोड क्षमता और सुरक्षा सुविधाओं के बारे में बहुत सारे सवाल हैं। शायद जब आने वाले समय में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर्याप्त रूप से उपलब्ध हो जाए और लागत कम हो जाए, तो मैं इलेक्ट्रिक ट्रक खरीदने के बारे में सोच सकता हूँ।

चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, श्री प्रभात कुमार सिंह ने कहा, भारत धीरे-धीरे बदलाव को अपनाते हुए लो-कार्बन इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा है जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बेहद अहम भूमिका होगी, लेकिन अजय सिंह जैसे ड्राइवरों के लिए ड्राइविंग करने में सहूलियत, रखरखाव में आसानी, सुरक्षा और किफायत अधिक मायने रखती है। हम चाहते हैं कि टेक्नोलॉजी के बारे में कम-से-कम बातचीत की शुरुआत हो, साथ ही हम इससे मिलने वाले तमाम फायदों के बारे में दिलचस्पी पैदा करना चाहते हैं। ऐसा केवल तभी संभव है जब ड्राइवरों और फ़्लीट मालिकों को उनके सवालों के जवाब मिल जाएँ, और इसके बाद ही वे संभावित ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में समझदारी के साथ फैसला लेने की स्थिति में होंगे।

# चुनाव के दौरान लखनऊ में बस बुकिंग में 35त्न की वृद्धि देखी गईः रेडबस

**लखनऊ।** दुनिया के सबसे बड़े ऑनलाइन बस टिकटिंग प्लेटफॉर्म रेडबस ने पांचवें चरण के चुनावों दौरान गैर-चुनावी सप्ताहांत (5-7 अप्रैल) के मुकाबले लखनऊ यात्रा में 35त्न की भारी वृद्धि देखी है। रेडबस प्लेटफॉर्म के डेटा के अनुसार, कानपुर में चौथे चरण चुनाव में अंतर-शहरी बस बुकिंग में 28त्न की वृद्धि देखी गई, जो गैर-चुनावी अवधि के मुकाबले अधिक थी। इसी तरह बरेली में तीसरे चरण के चुनावों के दौरान बस बुकिंग में 17त्न की वृद्धि देखी गई और मेरठ में दूसरे चरण के चुनावों के दौरान 16त्न की वृद्धि दर्ज की गई। इस बारे में प्रकाश संगम, सीईओ, रेडबस ने कहा, उत्तर प्रदेश में बढ़ी हुई बस टिकट बुकिंग के बीच, हम चुनावों के दौरान सुलभ यात्रा को सुगम बनाने में बस परिवहन की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना चाहते हैं। एक टिकटिंग प्लेटफ़ॉर्म के रूप में, हम यात्रियों को अंतिम समय की समस्याओं से बचने के लिए अग्रिम में अपने टिकट बुक करने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित करते हैं। डेटा से पता चलता है कि इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए बस यात्रा की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

# यूके युनिवर्सिटी फेयर पहुंचा लखनऊ

एक दिवसीय मेला 20 से अधिक युनिवर्सिटियों के प्रदर्शन के लिए तैयार

**लखनऊ।** यूके आधारित इंटरनेशनल एजुकेशन कन्सलटेन्ट कंपनी और भरोसेमंद यूके युनिवर्सिटी पार्टनर, एसआई-यूके इंडिया, जो पिछले 18 सालों से उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रही है, ने लखनऊ में एक दिवसीय यूके युनिवर्सिटी फेयर की घोषणा की है। इस मेले का आयोजन 28 मई 2024 को दोपहर 11:00 से शाम 4:00 बजे के बीच गोमती नगर स्थित होटल ताज महल में किया जाएगा।

कई सालों से एसआई-यूके इंडिया देश भर में यूके एजुकेशन फेयर (शिक्षा मेले) आयोजित करती रही है। इस साल यूके से 20 से अधिक जानी-मानी युनिवर्सिटियों जैसे युनिवर्सिटी कॉलेज लंदन, युनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर, युनिवर्सिटी ऑफ लीड्स, युनिवर्सिटी ऑफ डंडी, युनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम आदि के प्रतिनिधी मेले में एकजुट होंगे। छात्र इन युनिवर्सिटियों द्वारा पेश की जाने वाली एकेडमिक सर्विसेज़ के बारे में विस्तार से जानकारी पा सकेंगे।

मेले का उद्देश्य छात्रों को यूके में उपलब्ध शिक्षा के अवसरों के बारे में जानकारी पाने का मौका देना है। मेले के दौरान छात्र यूके युनिवर्सिटी के अधिकारियों के साथ सीधे बातचीत कर सकेंगे, इस तरह वे इन युनिवर्सिटियों के एकेडमिक प्रोग्रामों और उन विषयों के बारे में जानकारी पा सकेंगे, जिनमें वे पढ़ाई करना चाहते हैं। मेले में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को स्कॉलरशिप प्रदाताओं, एडमिशन कन्सलटेन्ट्स से मिलने, बातचीत करने और यूके में उपलब्ध शिक्षा के अवसरों के बारे में जानने का अवसर भी मिलेगा।

लक्ष्मी अय्यर, मैनेजिंग डायरेक्टर, एसआई-यूके इंडिया ने कहा, ''हम छात्रों को भारत के बाहर पढ़ाई से संबंधित ज़रूरी ज्ञान, कौशल एवं मार्गदर्शन प्रदान करना चाहते हैं। यह मेला छात्रों के लिए महत्वपूर्ण मंच है, जहां छात्र यूके की प्रतिष्ठित युनिवर्सिटियों के अधिकारियों के साथ सीधे बातचीत कर सकेंगे और जीवन को बदल देने वाली अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा का अनुभव पा सकेंगे। छात्रों को व्यक्तिगत सहयोग प्रदान करते हुए उन्हें विश्वस्तरीय शिक्षा की बदलती दुनिया में सफलता पाने में सक्षम बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है।'' युनिवर्सिटी फेयर का आयोजन हैदराबाद, विजयवाड़ा, नागपुर, दिल्ली, चण्डीगढ़ और मुंबई में भी किया जाएगा। छात्र https://india.studyin-uk.com/events/ पर विज़िट कर अपने लिए निःशुल्क सत्र बुक कर सकते हैं और एसआई-यूके के विशेषज्ञों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर सकते हैं।

# गुजरात साइंस सिटी में समर साइंस प्रोग्राम -2024 का शुभारंभ

**वाराणसी।** गुजरात सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन कार्यरत गुजरात साइंस सिटी



में 18 मई से 31 मई तक समर साइंस प्रोग्राम -2024 का विशेष आयोजन किया गया है। जिसके तहत सप्ताह के पांच दिन मंगलवार से शनिवार तक सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक विभिन्न वर्कशोप्स का आयोजन किया जाएगा। इनमें मॉडल रॉकेट्री, मोबाइल ऐप डेवलपमेंट, 3-डी मॉडलिंग और प्रिंटिंग, मैथ्स थ्रू ओरिगामी, फन फिज़िक्स, वंडर ऑफ केमिस्ट्री, इलेक्ट्रॉनिक्स सर्किट मेकिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स टेक्नोलॉजी ओन होम ऑटोमेशन, टेलिस्कोप मेकिंग, ड्रोन और एयरोडायनामिक्स जैसै वर्कशोप्स शामिल हैं।

18 मई से कार्यक्रम की शूरूआत हुई, जो 31 मई तक चलेगा। कार्यक्रम के पहले दिन मॉडल रॉकेट्री वर्कशोप का आयोजन किया गया था। जिसमें विद्यार्थियों को रॉकेट बनाना सिखाया गया। सहभागी छात्रों ने गम, स्टील पाइप और कैंची का उपयोग करके कागज के रॉकेट बनाए एवं पाइप और बोतल से बने लॉन्च पैड का उपयोग करके रोकेट को हवा में उडाया। मॉडल रॉकेट्री वर्कशॉप में छात्रों को न्यूटन और बर्नौली के सिद्धांतो को सरलता से समझाए गए।

छुट्टियों के दौरान छात्र विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विज्ञान को आसानी से समझ सकें और कुछ नया सीख सकें इस हेतु को ले कर इस समर साइंस प्रोग्राम -2024 का आयोजन इसलिए किया गया। इन कार्यशालाओं में 14 से 18 वर्ष की आयु के छात्र निःशुल्क भाग ले सकते हैं।

# टीवीएस मोटर कंपनी ने उत्तर प्रदेश में टीवीएस आईक्यूब पोर्टफोलियो में पेश किए नए वेरिएंट

**लखनऊ।** मोबिलिटी से जुड़े सस्टेनेबल सॉल्यूशंस प्रदान करने और ग्राहकों को अपनी पावर ऑफ चॉइस के साथ मजबूत बनाने की अपनी ज़िम्मेदारी के अनुरूप ग्लोबल स्तर पर अग्रणी वाहन निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने लखनऊ में 2.2 kWh बैटरी के साथ टीवीएस आईक्यूब के अपने नए वेरिएंट को लॉन्च किया। इसके साथ ही, कंपनी पूरे राज्य में आज से ग्राहकों तक टीवीएस आईक्यूब एसटी को पहुंचाने के लिए तैयार है। टीवीएस आईक्यूब एसटी अब दो वेरिएंट्स, 3.4 kWh और 5.1 kWh में आएगा, जो कि सेगमेंट में सबसे बड़ा बैटरी पैक है। इसके साथ, टीवीएस आईक्यूब सीरीज के तहत अब 11 शानदार रंगों में पांच वेरिएंट उपलब्ध हैं। इस तरह यह सीरीज बाजार में सबसे बड़े और सबसे आकर्षक ईवी पोर्टफोलियो में से एक बन जाती है। टिकाऊ गतिशीलता समाधानों में अग्रणी के रूप में, टीवीएस मोटर कंपनी भरोसेमंद,




नवीन और बेहतर प्रोडक्ट्स के साथ ईवी सेगमेंट के प्रति अपने वादे की पुष्टि करती है। इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए और ईवी को सभी के लिए सुलभ बनाने के प्रयास में, नए 2.2 kWh बैटरी संस्करण के साथ, टीवीएस आईक्यूब सीरीज़ अब उत्तर प्रदेश में 94,999 रुपये की शुरुआती प्रभावी एक्स-शोरूम कीमत पर उपलब्ध है, जो ग्राहकों के लिए इसे खरीदने की कुल लागत को कम करने में मदद करेगी। नए वेरिएंट के लॉन्च के अवसर पर टिप्पणी करते हुए, टीवीएस मोटर कंपनी के ईवी बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मनु सक्सेना ने कहा, ''टीवीएस मोटर कंपनी में हमारी निरंतर यही कोशिश है कि इंडस्ट्री में लगातार इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा दिया जाए। हमारा टीवीएस आईक्यूब परिवार अब 3 लाख यूनिट तक पहुँच गया है और इस परिवार को आगे बढ़ते देखना वाकई बहुत दिलचस्प है। हमारे ईवी ग्राहकों के राइडिंग संबंधी व्यवहार से सीखते हुए, हम टीवीएस आईक्यूब में एक नया 2.2 किलोवाट सबसे तेज़ चार्जिंग वेरिएंट लॉन्च करके बहुत खुश हैं। टीवीएस आईक्यूब एसटी सीरीज में एक अतिरिक्त वेरिएंट आया है, जो हमारे सबसे उपयुक्त रेंज और किफायती कीमत का तालमेल पेश करने वाले 3 बैटरी विकल्पों के साथ उपलब्ध है। संपूर्ण टीवीएस आईक्यूब सीरीज अब उत्तर प्रदेश में डिलीवरी के लिए उपलब्ध होगी। इस मौके पर हम यही भरोसा दिला सकते हैं कि टीवीएस मोटर अपने ग्राहकों को भरोसेमंद और बेहतर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अनुभव प्रदान करके उनकी सफलता की यात्रा में भागीदार बनने का अपना प्रयास जारी रखेगा।''

# सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स ने अकादमिक उत्कृष्टता के लिए अपनाया समग्र दृष्टिकोण

**वाराणसी।** शिक्षा के क्षेत्र में जाना-माना नाम सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स अकादमिक उत्कृष्टता हासिल करने के लिए समग्र रणनीतियों को अपनाते हुए नए बेंचमार्क स्थापित करना जारी रखे हुए है और इनोवेशन के साथ-साथ छात्रों के कल्याण को बढ़ावा दे रहा है।

हाल ही में सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स के छात्रों ने आईएससी बोर्ड परीक्षा में 86 फीसदी औसत अंक और आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 88.73 फीसदी औसत अंकों के साथ नई अकादमिक उपलब्धियां हासिल की हैं।

इसी तरह सीबीएसई बोर्ड में भी जयपुरिया स्कूल्स के छात्रों ने इतिहास रचा है, 10 वीं कक्षा के परिणामों में 76 छात्रों ने 95 फीसदी और अधिक अंक, 359 छात्रों ने 90 फीसदी और अधिक अंक तथा 977 छात्रों ने 80 फीसदी और अधिक अंक हासिल किए हैं। इसी तरह 12वीं कक्षा के परिणामों की बात करें तो 18 छात्रों ने 95 फीसदी और अधिक, 125 छात्रों ने 90 फीसदी और अधिक तथा 399 छात्रों ने 80 फीसदी और अधिक अंक हासिल किए हैं।

श्री कनक गुप्ता, ग्रुप डायरेक्टर, सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स ने कहा, 'आईसीएसई, आईएससी और सीबीएसई परीक्षाओं में हमारे छात्रों की यह जीत, सामरिक मूल्यांकन, हर समय सपोर्ट, आधुनिक बुनियादी सुविधाओं एवं सक्षम अध्यापकों के साथ छात्रों की मजबूत नींव बनाने की हमारी प्रतिबता को दर्शाती है। इन शानदार परिणाम रातां-रात नहीं मिले हैं, बल्कि छात्रों की शिक्षा एवं व्यक्तिगत विकास में सुधार लाने के हमारे सतत प्रयासों का प्ररिणाम हैं।

छात्रों के भविष्य को आयाम देने में अध्यापकों की भूमिका को ध्यान में रखते हुए सेठ एम.आर. जयुपरिया ग्रुप ने पढ़ाने के आधुनिक तरीकों, तकनीकी प्रगति एवं अध्यापन तकनीकों पर गहन प्रशिक्षण प्रदान कर अध्यापकों को सशक्त बनाया है। 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) के अनुसार हर स्कूल के अध्यापकों को हर अकादमिक वर्ष में कम से कम 50 घण्टे का प्रशिक्षण देना चाहिए। इसी दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स में हमने साल भर में अध्यापकों को कम से कम 75-80 घण्टे का प्रशिक्षण दिया है ताकि हमारे छात्रों के लिए लर्निंग के अनुकूल वातावरण को बढ़ावा दिया जा सके। श्री गुप्ता ने कहा।

इसके अलावा ग्रुप ने अपने शैक्षणिक ढांचे में आधुनिक टेक्नोलॉजी को शामिल किया है। अडवान्स्ड लर्निंग मैनेजमेन्ट सिस्टम और इंटेलीजेन्ट क्लासरूम्स के साथ छात्रों को रचनात्मक विचार कौशल, समस्या निवारण एवं डिजिटल साक्षरत कौशल में सशक्त बनाया है।

एक और उल्लेखनीय विकास के तहत सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल ने अन्तर्राष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन के लिए ओईसीडी के प्रोग्राम पीआईएसए के साथ साझेदारी की है। इसके तहत रीडिंग, गणित एवं विज्ञान में 15 वर्षीय छात्रों की क्षमता का मूल्यांकन किया जाता है, साथ ही वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के समाधान में उनकी क्षमता की जांच भी की जाती है। इस साझेदारी के चलते छात्रों के समग्र अकादमिक परफोर्मेन्स में 8-11 फीसदी सुधार हुआ है। स्कूल छात्र-उन्मुख दृष्टिकोण के साथ छात्रों को अपनी पूर्ण क्षमता के सदुपयोग के लिए प्रेरणा एवं सहयोग प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाता है। अकादमिक सफलता के लिए प्रतिबद्धता के साथ ग्रुप छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को भी महत्व देता है, इसके लिए हर महीने साइकैट्रिक सत्र, काउन्सलिंग सेवाएं एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर ग्रुप ऐसे सहयोगपूर्ण माहौल के निर्माण के लिए तत्पर है, जहां हर छात्र को आगे बढ़ने का मौका मिले, फिर चाहे वे किसी भी वर्ग के साथ ताल्लुक रखता हो।

# Pocket FM का नया कमाल, 4 सुपरहीरो सीरीज़ ने 700 मिलियन बार सुने जाने का बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** मनोरंजन के डिजिटल स्वरूप की दिन-ब-दिन बढ़ती लोकप्रियता और सुपरहीरो जॉनर की अकूत संभावनाओं को देखते हुए ऑडियो सीरीज़ प्लेटफॉर्म Pocket FM ने अपनी सुपरहीरो सीरीज़ की




सफलता को लेकर आज एक दुर्लभ उपलब्धि से लोगों को अवगत कराने का फ़ैसला लिया। Pocket FM की ओर से बताया गया कि उनकी चार सुपरहीरो ऑडियो सीरीज़ ऐसी हैं जिनमें से हरेक ने 100 मिलियन यानी 10 करोड़ से ज़्यादा बार सुने जाने का अनोखा कीर्तिमान स्थापित किया है। हाल के वर्षों में भारतीय सुपरहीरोज़ ने पारंपरिक माध्यमों से बाहर निकलकर डिजिटल मीडिया में अपनी ख़ास जगह बनाने में सफलता पाई है। उल्लेखनीय है कि Pocket FM इस क्रांतिकारी बदलाव में एक अग्रणी भूमिका निभा रहा है। नंबर ज़ीरो (140M प्लेज़), 'शूरवीर (250Mप्लेज़), 'द न्यू अवतार (190M प्लेज़) और 'सुपर योद्धा (140Mप्लेज़) जैसे पुरस्कृत शोज़ की अपार सफलता की दास्तां ख़ुद-ब-ख़ुद बयां कर रहे हैं। ग़ौरतलब है कि इन ऑडियो सीरीज़ ने ना सिर्फ़ सुपरहीरो जॉनर को आज के दौर में पुनर्भाषित किया है बल्कि इन सीरीज़ ने विभिन्न तरह के श्रोताओं को अपने साथ जोड़ा है, ख़ासकर 18 से 40 आयु वर्ग के तमाम श्रोताओं को। दिलचस्प किस्म की किस्सागोई, आवाज़ की दुनिया में किये जा? रहे आकर्षक प्रयोगों और रोचक किरदारों से लैस Pocket FM के सुपरहीरो और साइंस-फ़िक्शन सीरीज़ ने दुनिया भर के श्रोताओं के दिलों में एक ख़ास जगह बना ली है। Pocket FM के इंडिया और न्यू मार्केट हेड सुयोग गोथि ने इस मौके पर कहा, 100 मिलियन प्ले के जश्न के इस ख़ास मौके पर हमें यह बताते हुए बेहद ख़ुशी का एहसास हो रहा है कि हमारे सुपरहीरो ऑडियो सीरीज़ को लोगों की? ओर से अद्भुत प्रतिसाद मिल रहा है। सुपर योद्धा, द न्यू अवतार, शूरवीर, और नम्बर ज़ीरो जैसी सीरीज़ ने ना सिर्फ़ लोगों का ख़ूब मनोरंजन किया बल्कि इनके ज़रिए लोगों ने विभिन्न तरह से प्रेरणा भी हासिल की और करोड़ों लोगों की कल्पनाओं को नई उड़ान प्रदान की।

# करूर वैश्य बैंक ने अयोध्या में अपनी 840वीं शाखा का उद्घाटन किया

**अयोध्या।** करूर वैश्य बैंक (केवीबी) ने आज अयोध्या में एक नई शाखा का उद्घाटन किया। यह बैंक की 840वीं शाखा है। करूर वैश्य बैंक की अध्यक्ष डॉ. मीना हेमचंद्र ने शाखा का उद्घाटन किया। अयोध्या उत्तर प्रदेश में यह बैंक की 7वीं शाखा है और बैंक के दिल्ली डिवीजन में 35वीं शाखा है।



नई शाखा ओल्ड नंबर 5/3/5, न्यू नंबर 5/13/9, स्वामी दयानंद मार्ग, रामपथ, अयोध्या - 224001 पर स्थित है। यह शाखा समस्त प्रकार की बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेगी जिसमें खुदरा और वाणिज्यिक बैंकिंग उत्पाद, तृतीय पक्ष के गठजोड़ के माध्यम से बीमा उत्पाद आदि शामिल हैं। शाखा में अपने ग्राहकों की सुविधा के लिए एक एटीएम, नकद जमा मशीन और पासबुक प्रिंटर प्रदान किया गया है।

इस अवसर पर बोलते हुए, बैंक के एमडी और सीईओ श्री बी रमेश बाबू ने कहा, बैंक ने वित्त वर्ष 2024 के दौरान 39 नई शाखाएँ खोली थीं और चालू वित्त वर्ष के दौरान देश भर में लगभग 100 नई शाखाएँ खोलने का प्रस्ताव है। बैंक ने पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक का सबसे अधिक 1605 करोड़ रुपये का वार्षिक शुद्ध लाभ पोस्ट किया है। बैंक का नेट एनपीए 0.40% रहा। बैंक ने अपनी मजबूत विकास गति, परिसंपत्ति की गुणवत्ता और लाभप्रदता में स्थिरता जारी रखी है।

इस अवसर पर श्री बी रमेश बाबू, एमडी और सीईओ, सर्वश्री केएस रविचंद्रन, आर रामकुमार, केजी मोहन, मुरली रामास्वामी और आर विद्या शंकर, बैंक के निदेशकगण और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

करूर वैश्य बैंक के बारे में-

करूर वैश्य बैंक की 840 शाखाओं और 2270 से अधिक एटीएम और कैश रिसाइक्लर्स के रूप में टच पॉइंट्स हैं। बैंक इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करता है। केवीबी डीलाइट, बैंक का मोबाइल बैंकिंग ऐप 150+ सुविधाओं के माध्यम से वित्तीय और गैर-वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराता है। बैंक अपनी मजबूत वित्तीय स्थिति के साथ लगातार आगे बढ़ रहा है। 89,113 करोड़ रुपये के जमा आधार एवं 74,423 करोड़ रुपये के अग्रिमों के साथ बैंक का कुल व्यवसाय 31.03.2024 को 1,63,536 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक का सबसे अधिक 1605 करोड़ रुपये का वार्षिक शुद्ध लाभ पोस्ट किया है।

# जिला पंचायत के बैरियर में सुविधाओं का आकाल

अवधनामा संवाददाता



**सरीला हमीरपुर-** अवैध खनन और ओवरलोडिंग परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए और राजस्व बढ़ाने के लिए जिला पंचायत के जिम्मेदार और प्रशासनिक अधिकारी समय-समय पर कार्रवाई में लगे रहते हैं जिला पंचायत के बैरियर मौरम खदानों को जाने वाले रास्तों पर लगाकर स्थानीय प्रशासन जहां एक ओर ओवरलोडिंग और अवैध खनन रोकने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा है वहीं दूसरी ओर सरीला क्षेत्र में जिला पंचायत द्वारा झबरा से इछौरा मार्ग के बीच खंड संख्या 25/3 व 25/18 के रास्ते में संचालित जिला पंचायत के बैरियर के ठेकेदार अपनी लापरवाही से ट्रक चालकों को मिलने वाली सुविधाओं में घोर लापरवाही बलत रहे हैं। जिससे दूर दराज से आकर मौरम लोडकर जाने वाले ट्रक चालकों में मायूसी देखी जा सकती है बैरियर में ट्रक चालकों को दी जाने वाली सुविधाएं जैसे पानी की व्यवस्था ट्रक ड्राइवर को बैठने की व्यवस्था सहित तमाम सुविधाएं मोरम लोड कर दूर दराज को जाने वाले ट्रक ड्राइवर को नियमानुसार मुहैया करवाई जाती हैं पर इछौरा झबरा मार्ग पर लगे जिला पंचायत बैरियर के ठेकेदार द्वारा की जा रही लापरवाही अपने चरम पर है ठेकेदार द्वारा एक युवक को नियुक्त कर बेरियल संचालित करवाया जा रहा है सरीला क्षेत्र के ईछोरा जिटकिरी खंड संख्या 25/3 व 25 / 18 को जाने वाले रास्ते में जिला पंचायत राजस्व वसूली के लिए अपना बैरियर संचालित कर रहा है परंतु बैरियर ठेकेदार द्वारा ट्रक ड्राइवरो को नियमानुसार व्यवस्था न करके ट्रक ड्राइवरो को मिलने वाली आवश्यक सुविधाओं में भी घोर लापरवाही की जा रही है भीषण गर्मी में पानी की व्यवस्था ,बैठने के लिए तख्त आदि की व्यवस्था सहित अन्य जरूरी आवश्यक व्यवस्थाओ में कटौती करके बेरियल ठेकेदार विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ाते देखे जा सकते हैं जब इस संबंध में बैरियर में सेवाएं दे रहे युवक विकास से बैरियर पर मिलने वाले सुविधाओं के बारे में जानकारी की गई तो उन्होंने कहा कि ऐसी कोई व्यवस्था बैरियर के संचालन करने वाले ठेकेदार द्वारा नही दी गई है।

## अज्ञात वाहन में बाइक सवार को मारी टक्कर

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के बांदा मार्ग में टेढ़ा गांव के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला युवक को बेहोशी की हालत में इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। टेढा गांव निवास छोटे सिंह चंदेल बुधवार को दोपहर कस्बे से बाइक से गांव लौट रहा था। बरगदिया मोड़ के पास इसकी बाइक पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस की मदद से युवक को उपचार के लिए कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया यहां से उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया है। घटना से युवक के परिजनों का अवगत कराया गया है।

# तापमान में इजाफा होने से जवाब दे रहे ट्रांसफार्मर केबिल

**आग लगने की घटनाओं में हुआ इजाफा**

अवधनामा संवाददाता



**भरुआ सुमेरपुर।** प्रतिदिन तापमान में इजाफा होने से पावर हाउस से लेकर विद्युत ट्रांसफार्मर एवं तारों में आए दिन घटनाएं होने से लोगों को घण्टों विद्युत आपूर्ति के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। बीते 24 घण्टे में नजर डाली जाए तो पावर हाउस से लेकर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह पर फाल्ट की समस्याएं उत्पन्न हुई। इससे लोग घण्टों विद्युत आपूर्ति से वंचित रहे।

मंगलवार की रात पशु बाजार के निकट रखे 400 केवी विद्युत ट्रांसफार्मर में आग लग जाने से दुग्ध डेरी रोड़ का इलाका बिजली से वंचित रहा। इसी तरह इमिलिया थोक में रखे में रखे 400 केवी ट्रांसफार्मर में दिक्कत होने से आपूर्ति में बाधा पैदा हुई। सुबह विद्युत वितरण सब स्टेशन में अचानक मशीनों में खराबी आने से सुमेरपुर पावर हाउस के सभी फीडरों की आपूर्ति ठप हो गई। बाद में एक-एक करके फीडरों को चालू करके आपूर्ति बहाल की गई। इसी तरह की घटनाएं आए दिन ग्रामीण क्षेत्रों में होने से आपूर्ति में व्यवधान पैदा होता है। बीते 19 मई की रात ग्राम पंचायत जलाला में रखे विद्युत ट्रांसफार्मर में जुड़ी केबिल में आग लगने से गांव की सप्लाई ठप हो गई थी। पोलिंग पार्टी की सूचना पर रात में ही आपूर्ति ठीक कराई गई थी। प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह ने बताया कि गांव का ट्रांसफार्मर विद्यालय परिसर में रखा है। जिससे बच्चों को खतरा बना रहता है। कई बार तार केबिल टूटने की घटनाएं होने के बाद स्कूल से ट्रांसफार्मर हटाने के लिए पत्राचार किया है। लेकिन विद्युत विभाग ने कुछ नहीं किया।

# कर्मचारी उतार रहे चुनाव ड्यूटी की खुमारी कार्यालय में सन्नाटा

अवधनामा संवाददाता



**भरुआ सुमेरपुर।** कर्मचारियों के सिर से अभी तक लोकसभा चुनाव का खुमार नहीं उतर सका है। बुधवार को 12:00 बजे तक ब्लॉक कार्यालय के पटल के सभी कर्मचारी नदारत थे। फरियादी आकर वापस जा रहे थे। लोकसभा चुनाव में ब्लॉक के सभी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। सोमवार को मतदान कराकर वापस लौटे कोई भी कर्मी मंगलवार को कार्यालय नहीं आया। मंगलवार को ब्लॉक कार्यालय में छुट्टी जैसा नजारा रहा। बुधवार को दिन में 12:00 बजे की गई पड़ताल में मनरेगा पटल पर लेखा सहायक और कंप्यूटर ऑपरेटर ही मौजूद थे। अन्य सभी कर्मी नदारत थे। विकास पटल का बुरा हाल था। स्थापना लिपिक से लेकर यहां पर तैनात सभी कर्मी गायब थे। प्रभारी एडीओ पंचायत मनीष कौशिक कर्मियों के गायब होने की बात का समुचित उत्तर नहीं दे सके। जब उनसे पूछा गया कि क्या आज भी कोई अवकाश है। तब उन्होंने कहा कि आज कोई अवकाश नहीं है। कर्मचारी चुनाव ड्यूटी की खुमारी उतार रहे हैं। डिप्टी कलक्टर/ प्रभारी खंड विकास अधिकारी शांतुन कुमार सिनसिनवार ने बताया कि कर्मचारियों के चुनाव में व्यस्त होने से कुछ अव्यवस्थाएं हुई है। गुरुवार से सभी कर्मी समय पर कार्यालय आकर सेवाएं देंगे।

## घर घर जाकर मतदान कराने हेतु पोलिंग पार्टियां रवाना

**सोनभद्र।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- एवं उप निर्चाचन विधान सभा दुद्धी को सकुशल संपन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान कराने हेतु कलेक्ट्रेट से पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया दिव्यांग/पीडब्लूडी मतदाता-333, बजुर्ग (85 प्लस)-272 के लिए 55 पोलिगं पार्टीयों द्वारा मतदान कराया गया। प्रत्येक टीम में मतदान कराने के लिए 2 कर्मचारी, 1 माइक्रो आवजर्वर, 2 सुरक्षा कर्मी तथा 1 वीडियोंग्राफर लगाया गया है। समस्त पार्टियों को मतदाता सूची, रूट चार्ट स्टेशनरी, मोहर आदि उपलब्ध कराई गयी है। उन्होंने बताया कि 85 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाता एवं दिव्यांग मतदाता जो आज दिनांक 22 मई को मतदान करने से वंचित रह जाएंगे उन्हें पोलिंग पार्टियों द्वारा दिनांक 24 मई को घर-घर जाकर मतदान कराया जाएगा।

# मेघा अलंकरण समारोह में टैलेंट हंट प्रतियोगिता के मेधावियों को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के युग चेतना महाविद्यालय में आयोजित मेघा अलंकरण समारोह में टैलेंट हंट प्रतियोगिता के मेधावियों को सम्मानित करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। युग चेतना महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी महाविद्यालय प्रांगण में मेघा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें टैलेंट हंट प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल केपी इंटर कॉलेज, मधु महाराज इंटर कॉलेज,श्रीगायत्री बालिका इंटर कॉलेज,रोटीराम महाराज कालेज के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में टॉप थ्री आने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही महाविद्यालय के अलग अलग मुकाम हासिल करने वाले पुरातन छात्रों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही इस वर्ष इंटर में विभिन्न कालेजों के टॉप सेवन मेधावियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में हिदुस्तान यूनी लीवर के एचआर समीर त्रिपाठी, अभ्युदय कोचिंग के अभिषेक तिवारी,मुनीर खान आदि ने विचार व्यक्त कर छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। संचालन जलीस खान व सारिका फातिमा ने संयुक्त रूप से किया। सम्मान पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

## संक्षिप्त समाचार

### किन्नरों ने थाना परिसर मे काटा हंगामा



**हमीरपुर।** बिवाँर थाना परिसर में आज किन्नरों ने पिछले दिनों हुई लाखों की चोरी का खुलासा न करने पर जमकर हँगामा काटा। चोरी का खुलासा न होने से आक्रोशित किन्नरों ने हंगामा करते हुए आरोप लगाया कि बीते 18 अप्रैल को हुई चोरी का पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर सकी है। आक्रोशित किन्नरों ने बताया कि थाना प्रभारी राकेश सरोज ने 22 मई तक चोरी का खुलासा कर देने का आश्वासन दिया था। लेकिन एक महीना से ज्यादा समय बीत जाने पर भी खुलासा नहीं किया गया है। आज थाना प्रभारी के सामने किन्नरों ने हँगामा किया। और थाना प्रभारी चुपचाप बैठे देखते रहे। किन्नरों ने थाना प्रभारी राकेश सरोज पर चोरों से सांठगांठ होने तक का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जबरन डरा कर और गुमराह करके डेढ़ लाख की चोरी का मुकदमा लिखा गया जबकि लगभग एक करोड़ की चोरी हुई थी। मुकदमे में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद भी पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है।

### आत्महत्या की गरज से युवक रेलवे ट्रैक में कूदा आरपीएफ ने बचाया

**भरुआ सुमेरपुर।** बीती रात कुरारा थाना क्षेत्र का एक युवक जेब में सुसाइड नोट रखकर रेलवे ट्रैक मे अचानक कूद गया। आरपीएफ के सिपाहियों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रैक पर कूदे युवक को हटाकर ट्रेन से कटने से बचा लिया और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। बीती रात 9:00 बजे कुरारा थाना क्षेत्र के बदनपुर गांव का निवासी रामबाबू पाल 32 वर्ष जेब में सुसाइड नोट रखकर रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर कूद गया। उधर से ट्रेन को आता देखकर आरपीएफ के सिपाहियों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रैक से हटाकर बचाया और इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और इलाज के बाद युवक को रात में ही परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### कार अनियंत्रित होकर पलटी, सभी सवार सुरक्षित



**मौदहा-हमीरपुर।** मुस्करा से लौड़ी जा रही कार बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस के पास अचानक नीलगाय से टकरा गयी टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार अनियंत्रित होकर सडक के नीचे जाकर खाई मे पलट कर गिर गयी कार में सवार लोगों में चीख पुकार मच गयी। कार में एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग सवार थे जो गंभीर रूप से घायल होगये लेकिन सभी की किस्मत इतनी अच्छी थी जो बाल बाल बच गये।तेज रफ्तार कार के पलटते ही गाडी में लगा एयरबैग खुगया जिस से बची सभी यात्रियों की जान बच गयी। यह घटना मुस्करा कोतवाली के राठ रोड पर घटित हुयी। इस दुर्घटना से घायल हुयी नील गाय जिन्दगी की जंग लड रही है। घायलों को स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर थाना कोतवाली मुस्करा की पुलिस मौके पर पहुंची। प्राथमिक इलाज के बाद सभी को उन की गंतव्य राठ भेज दिया गया। डाक्टरों के अनुसार सभी लोग स्वस्थ है।

### पुलिस द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को किया जागरूक



**हमीरपुर।** मिशन शक्ति अभियान फेज-IV के क्रम में जनपद पुलिस टीम द्वारा, अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत जाकर बालिकाओं/महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच एवं बैड टच व उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। इसी क्रम में डायल 112 का उपयोग करने के बारे में बताया गया, बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112/ 1090/ 102/ 108/ 1098 आदि से अवगत कराया गया। साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के सबन्ध में भी जानकारी दी गई। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर व महिलाओं/बालिकाओं से सम्बंधित योजनाओं के पम्पलेट वितरित किये गए।

# अखिल भारतीय प्रबंधन संघ राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा व्यावसायिक तकनीक और प्रचालन में परिवर्तन के प्रबंधन और उत्कृष्टता प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रशासनिक भवन के रामानुजन कॉन्फ्रेंस हॉल में दिनांक 22.05. 2024 को प्रबंधकों के लिए परियोजना स्तरीय अखिल भारतीय प्रबंधन संघ राष्ट्रीय प्रतियोगिता (नेशनल कंपटीशन फॉर यंग मैनेजर) का आयोजन किया गया। परिवर्तन केवल एकमात्र स्थिर चीज है, जो तकनीकी और पर्यावरणीय परिवर्तनों के लिए किसी भी संगठन के अस्तित्व एवं अनुकूलनशीलता को सुनिश्चित करता है। प्रचालन एवं अनुरक्षण विभाग के अधिकारियों ने एनटीपीसी विन्ध्याचल को ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी बनाए रखने के उद्देश्य से अपने कार्यक्षेत्रों, स्टेशन उद्देश्यों और व्यवसाय मॉडल, प्रौद्योगिकी और प्रचालन में बदलाव आदि से संबन्धित प्रेरणादायक प्रस्तुतियाँ दी।

प्रत्येक टीम में दो अधिकारियों वाली टीमों ने निर्णायक मण्डल के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया। निर्णायक मण्डल ने सभी टीमों का प्रस्तुतीकरण एवं आँय मापदंडो पर जांच-परख कर ऑपरेशन विभाग की सहायक इंजीनियर राज भारती, रसायन विभाग की सहायक (केमिस्ट) सुकाजल गजानन अंबेडकर एवं डॉ. सुपर्णा पाल को प्रथम स्थान प्रदान कर विजेता घोषित किया। विजेता टीम क्षेत्रीय स्तर की चयन प्रतियोगिता में एनटीपीसी विंध्याचल का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा और अन्य महाप्रबंधकों द्वारा विजेताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया और अपने सहयोगियों को भी इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की सलाह दी। सभी प्रतिभागियों को भी उनके शानदार प्रयासों के लिए प्रशंसा स्वरूप पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से महाप्रबंधक (आर एलआई) त्रिलोक सिंह, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) राकेश अरोड़ा, अपर महाप्रबंधक (ईईएमजी) राजीव कुमार, वरिष्ठ प्रबन्धक (मानव संसाधन) कामना शर्मा और एनटीपीसी विंध्याचल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ सहायक अधिकारी (मानव संसाधन) अनाम खान ने किया।

# जयंत एवं बीना परियोजनाओं का किया गया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** मंगलवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) रविन्द्र प्रसाद ने सतर्कता विभाग के अधिकारियों के साथ जयंत और बीना परियोजनाओं का दौरा किया और खदानों में कोयला परिवहन के लिए बनीं सड़कों पर विशेष ध्यान देने के साथ आगामी मानसून की तैयारियों का जायजा लिया। अपने भ्रमण के दौरान सीवीओ, एनसीएल ने जयंत क्षेत्र में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

बीना क्षेत्र के दौरे पर उन्होंने मानसून से निपटने हेतु की जा रही तैयारियों के कार्यों की जमीनी स्थिति जानने के लिए विभिन्न स्थानों से बीना खदान का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जयंत एवं बीना परियोजनाओं के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल का सतर्कता विभाग कंपनी में भ्रष्टाचार-उन्मूलन व निरंतर प्रक्रियाओं में सुधार हेतु कई कदम उठा रहा है, जिसमें औचक निरीक्षण, तकनीकी को बढ़ावा देना, प्रशिक्षण, निवारक सतर्कता जागरूकता एवं अन्य गतिविधियां शामिल हैं।

## जिला चिकित्सालय बाँदा का कारनामा, जहां मुर्दो से भी होती है कमायी

**बाँदा।** इन दिनो जिला चिकित्सालय मे हिंदी फिल्मों की तरह सरकारी अस्पताल के डाक्टर भी कमीशन बाजी के चलते चर्चा मे है , कल जिला अस्पताल मे शर्मसार करने वाली घटना घटी जहां ट्रामा सेंटर मे तैनात डाक्टर ने मानवता की सारी हदें पारकर एक मृत व्यक्ति की जांच करके उसके परिजनों से सीटी स्कैन और ब्लड की जांच कराने के लिये लिख दिया परंतु जैसे ही मामला बढा डाक्टर ने अपना लिखा पर्चा फाड कर मामले मे लीपापोती करने का प्रयास किया परंतु मामला बढने पर सीएमओ और सीएमएस की जानकारी मे पूरा मामला आया तो उन्होने तीन सदस्यीय टीम बनाकर जांच कराने का आश्वासन दिया। वैसै इसके पूर्व भी मानवता को शर्मसार करने की घटनाये जिला चिकित्सालय मे होती रही है एक घटना मे तो मृत महिला के कान की बालियां ही शवगृह से गायब कर दी गयी थी उस मामले मे भी जांच हो रही है जिसका निष्कर्ष अभी तक नही आया है अब देखना है कि तीन सदस्यीय जांच टीम कब और क्या जांच रिपोर्ट देती है ये तो आने वाला समय ही बतायेगा।

# राष्ट्रीय स्तर के मेधा प्रतियोगिता में लहराया परचम

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल स्कूल के छात्र-छात्राओं नें राष्ट्रीय स्तर के मेधा प्रतियोगिता में परचम लहराया, जिसमें एनटीपीसी विंध्याचल से मिडिल ग्रुप कक्षा 07 से 09 में ईशान स्नेही एवं ऋषभ राज तथा सीनियर ग्रुप कक्षा 10 से 12 में तन्मय वर्मा एवं शौर्य दीप नें राष्ट्रीय स्तर के मेधा प्रतियोगिता में विजय हासिल की। एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा विभिन्न परियोजनाओं में अपने कर्मचारियों एवं उनके बच्चों अंतर्निहित प्रतिभा को उजागर करने के उदेश्य से मेधा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में दिनांक 22.05.2024 को नोएडा में राष्ट्रीय स्तरीय मेधा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न परियोजनाओं के प्रतिभागियों नें बढ़-चढ़ कर भाग लिया। यह प्रतियोगिता चार समूहों जूनियर ग्रुप कक्षा-04 से 06, मिडिल ग्रुप कक्षा 07 से 09 , सीनियर ग्रुप कक्षा 10 से 12 एवं एनटीपीसी कर्मचारी वर्ग में आयोजित की गयी थी, जिसमें परियोजना एवं क्षेत्रीय स्तर पर चयनित टीमों को राष्ट्रीय स्तर के मेधा प्रतियोगिता के लिए भेजा गया था। परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर जीत हासिल करने वाले सभी बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुये इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनायें दी। साथ ही उन्होनें सभी प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुये अच्छा प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित एवं प्रेरित भी किया।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चिल्का झील में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर द्वारा भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत दिनांक-16 मई से 31 मई 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा हैं। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली आवासीय परिसर में स्थित चिल्का झील में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शक्तिनगर चिल्का झील में स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया गया। इस अवसर पर राजीव अकोटकर ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि हम सभी को सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखनी चाहिए एवं सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना चाहिए एवं सभी पौधारोपण कर पृथ्वी को हरा-भरा करें। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा भविष्य में भी स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के स्वच्छता संबंधित कार्यक्रम के आयोजन किए जाएंगे।

इस अवसर पर एल के बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा (वनिता समाज), अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं प्रचालन), जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (एडीएम), सिद्धार्थ मण्डल, विभागाध्यक्ष-मानव संसाधन, हीरा लाल, ग्राम प्रधान चिल्काडांड, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ कॉलेज के शिक्षक, शिक्षिका गण एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं, अन्य सभी एनटीपीसी के विभाग प्रमुख, एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, वनिता समाज की वरिष्ठ सदस्याएं, पत्रकार बंधु, जन सेवा समिति समूह शक्तिनगर के सभी सदस्य एवं संविदा कर्मी, बच्चे आदि उपस्थित रहें।

# नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस का किया गया शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत परियोजना के आस-पास सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए विभिन्न कार्य किए जाते रहते है। इसी कड़ी में दिनांक 22.05.2024 को एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा बैंक पीओ एवं क्लर्क प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, विंध्यनगर में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को बैंक पीओ और बैंक क्लर्क की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग सुविधा प्रदान करना है। यह कोचिंग सुविधा तीन महीने की अवधि के लिए होगी, जिसमें प्रतिभागियों को शिक्षक और अध्ययन सामग्री की व्यवस्था की जाएगी।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर एवं आर एंड आर) महताब आलम और प्रधानाध्यापक (सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल) मुद्रिका प्रसाद, कार्यपालक (सीएसआर) निखिल जायसवाल एवं उनकी टीम एवं एजेंसी नवोदय मिशन उपस्थित रही।

# जिला सूचना अधिकारी की संदिग्ध कार्यप्रणाली से पत्रकारों मे रोष

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** जब से जिला सूचना अधिकारी राम जी बाँदा आये हैं तभी से इन्होने अपनी अडियल कार्यशैली और रूखे व्यवहार से पत्रकारों और प्रशासन के बीच एक अविश्वास की लकीर खींच दी है। पिछली दीपावली बाँदा के कुछ पत्रकारों के लिये अपमान की काली चादर लायी , जब मान. जिलाधिकारी महोदया ने पत्रकारों को बुलाकर दीपावली पर उपहार देने का मन बनाया जिसके लिये सूचना विभाग को अधिकृत किया गया परंतु सुचना अधिकारी ने कुछ पत्रकारों को अपशब्द बोलते हुये हाथ पकडकर उस बैठक से बाहर निकाल दिया। पत्रकारों ने अपनी शिकायत उच्चाधिकारियो को भेजी परंतु सूचना अधिकारी पर कार्यवाही ना होने के बाद तो जैसे सूचना अधिकारी ने कसम खा ली बाँदा के पत्रकारों को समय समय पर बेइज्जत करने की। जब भी कोई वीआईपी को आना होता तो सूचना अधिकारी अपने आप को पत्रकारों का भगवान समझने लगते। यही हाल अति. जिला सूचना अधिकारी का है वो भी अपने कार्यालय अधीक्षक के सुर से सुर मिलाकर बोलती है उनसे भी पत्रकारों ने दूरी बना रखी है ऐसे मे जनपद मे सूचना विभाग और पत्रकारो के बीच एक बडी खायी बन चुकी है जिसमे सरकार की योजनायें आम जनमानस तक नही पहुंच रही हैं। अभी हाल ही मे कुछ महिला पत्रकारों से अभद्रता और अपशब्द बोलने को लेकर भी चर्चा मे रहने वाले राम जी अपने रूखे व्यवहार और अपशब्द बोलने की शैली को लेकर अपने कार्यालय मे भी काफी चर्चित है ऐसे ही तपती धूप मे एक होमगार्ड की जब तबियत बिगडी तो उसने अवकाश के लिये कहा उसको भी महोदय ने ऐसी डांट पिलायी की उसने कार्यालय के बाहर उल्टियां करनी शुरू कर दी तब पत्रकारो के हस्तक्षेप से बेचारे होमगार्ड को चिकित्सा मिली। वैसै इनको पत्रकारों को आपस मे लडवाने की कला भी प्राप्त है कुछ अघोषित पत्रकारों के साथ बैठकर सूचना अधिकारी महोदय अपनी आगामी रणनीतियों को अँजाम देते है और जिन पत्रकारो पर इनकी कृपा बरसती है उनके अधिकार पत्र भी सूचना विभाग के पास नही है नाही उनका कोई समाचार पत्र जनपद मे आता है और ना ही उनके कोई समाचार कहीं छपते है फिर भी जी हुजुरी की दम पर सूचना अधिकारी और अति. जिला सूचना अधिकारी के कृपापात्र बने हैं। लोकसभा चुनाव मे इन्होने कई पत्रकारो से अभद्रता की और उनके पास भी नही दिये , पास के लिये गयी महिला पत्रकारो को अपशब्द कहें , अब ऐसे सूचना अधिकारी और अति. जिला सूचना अधिकारी की बाँदा कार्यालय मे आवश्यकता नही है पत्रकारों के हित मे इनका अन्य जनपद या मुख्यालय मे स्थानांतरण की मांग को लेकर कुलदीप मिश्रा ने साथियो से आगामी 27 मई को सूचना विभाग मे धरना देने का आह्वावहन किया है।

# जब सांसद था, तब भी माफिया को मार-मारकर दौड़ाता था: योगी

## सपा शासन में विशुनपुर में दो यादव मारे गए थे, लेकिन एफआईआर तक दर्ज नहीं हो रही थी तब गोरखपुर से आकर मुकदमा दर्ज करवाया: मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने डुमरियागंज लोकसभा सीट से जगदंबिका पाल को फिर जिताने की अपील की
- माफिया कोई भी हो, हमने उसे औकात में रखा: सीएम योगी



अवधनामा ब्यूरो

**सिद्धार्थनगर/लखनऊ।** सपा सरकार के समय प्रदेश के सभी गुंडे-माफिया एकजुट होकर सरकार में शामिल होते थे और प्रदेश को लूटते थे। अनाचार व अव्यवस्था फैली थी। बेटी-व्यापारी असुरक्षित थे। गरीब भूख से मरता था, किसान आत्महत्या करता था, नौजवान पलायन करता था। सपा का था एक ही नारा था, खाली प्लॉट पर कब्जा हमारा। इनके कब्जों को हटाने, माफिया और गुंडों को ठीक करने के लिए हमने बुलडोजर दिया। मैं जब गोरखपुर में सांसद था तो अकेले माफिया को चैलेंज करता था। गोरखपुर में इन्हें मार-मारकर दौड़ाता था। व्यापारियों से कहता था कि जूता-चप्पल लेकर इन्हें दौड़ाओ। 1996 से हमने गोरखपुर में एक भी व्यापारी से रंगदारी वसूली नहीं होने दी। माफिया कोई रहा भी, उसे औकात में रखा। इसलिए गोरखपुर का विकास हुआ और अब ऐसा लगता है कि बाबा गोरक्षनाथ साक्षात प्रकट होकर इस नगरी को आशीर्वाद दे रहे हैं। यही हाल अयोध्या का भी है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने गोपाल कृष्ण गोखले शिक्षा सदन शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर में जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने डुमरियागंज के सांसद व लोकसभा प्रत्याशी जगदंबिका पाल को फिर से सदन में भेजने की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सपा के समय दंगे होते थे। शोहरतगढ़ हो या डुमरियागंज, इटवा हो या कपिलवस्तु, कपिलवस्तु के विशुनपुर में दो यादव मारे गए थे। सपा सरकार में एफआईआर तक दर्ज नहीं हो रही थी तब मैं गोरखपुर में सांसद था और वहां से आकर एफआईआर करवाया था। डुमरियागंज में दिव्यांग बालिका से दुराचार हुआ था, तब सपा के लोग बेशर्मी से आरोपियों को बचा रहे थे। हमने तब भी आंदोलन कर परिवार को न्याय दिलाया था, लेकिन आज कोई दुराचारी अनाचार नहीं कर सकता। उसे पता है कि बेटी-व्यापारी और राहगीर की सुरक्षा पर खतरा हुआ तो शाम तक उसकी रामनाम सत्य की यात्रा भी निकल जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इन गुंडों और माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कर हम आमजन को सुरक्षा प्रदान करते हैं। इन्हें किसी भी महत्वपूर्ण पद पर भेजकर भस्मासुर न पैदा करें। देश का भविष्य और वोट आपका, फैसला आपका, इसलिए आपको ही भावी पीढ़ी का भविष्य तय करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शासन में विकास की देन है कि शोहरतगढ़ से गोरखपुर, बलरामपुर मार्ग, बढ़नी समेत सभी मार्ग चलने लायक हो गया है। भाजपा के अध्यक्ष रहे माधव प्रसाद त्रिपाठी के नाम पर सिद्धार्थनगर में मेडिकल कॉलेज बना। गोरखपुर में एम्स, फर्टिलाइजर शुरू हुआ। कपिलवस्तु को भी विकसित किया जा रहा है।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान, डुमरियागंज के सांसद व लोकसभा प्रत्याशी जगदंबिका पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, विधायक जयप्रताप सिंह, श्यामधनी राही, विनय वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष शीतल सिंह, पूर्व विधायक जिप्पी तिवारी, राघवेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में अडानी का कोयला घोटाले का सच सामने आया: कांग्रेस

- जनता की लूटी कमाई के पाई-पाई का होगा हिसाब: डॉ. सी.पी. राय

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार में अडानी के किये कोयला घोटाले का सच सामने आ गया है। सालों से चल रहे इस घोटाले के जरिए मोदी जी के दोस्त अडानी ने लो-ग्रेट कोयले को इण्डोनेशिया से खरीद भारत में कई गुना अधिक दामों में बेच हजारों करोड़ रुपये कमाये हैं। आगामी 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद इस महाघोटाले की जांच करा जनता से लूटी गयी पाई-पाई का हिसाब किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने कहा कि बिजली कम्पनियों को महंगा कोयला मिलने की वजह से आम जनता को महंगी बिजली मिलती रही। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बहुत पहले यह आरोप लगाया था तब भाजपाइयों ने उनका मजाक उड़ाया था। लेकिन राहुल गांधी की कही तमाम बातों की तरह यह बात भी सच साबित हो गयी, जब फाइनेंशियल टाइम्स ने उसका विस्तार से खुलासा कर दिया। डॉ. राय ने कहा कि प्रधानमंत्री के संरक्षण में हो रहे भ्रष्टाचार के एक के बाद एक मामले सामने आ रहे हैं। इलेक्टोरल बॉण्ड के महाघोटाले के बाद यह घोटाला भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खोलने वाला साबित हो रहा है। डॉ. राय ने कहा कि क्या प्रधानमंत्री मोदी बताएंगे कि इस भ्रष्टाचार के खुलासे पर ईडी-सीबीआई और इंकम टैक्स को कार्रवाई के लिए क्या वह आदेश देंगे या इस घोटाले को दबा देने के लिए उन्हें कितने टैम्पो काला धन मिल चुका है। उन्होंने कहा कि 4 जून को इंडिया गठबंधन सरकार बनने के बाद इस महाघोटाले की जांच कराई जाएगी और जनता से लूटी पाई-पाई का हिसाब किया जाएगा।

## पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी के प्रति लोगों का है विश्वास

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने घोसी लोकसभा की मधुवन विधानसभा में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित किया तथा भाजपा जिला कार्यालय आजमगढ़ में चुनाव संचालन समिति के साथ चुनाव प्रबंधन पर मंत्रणा की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रति लोगों का विश्वास है और उस विश्वास का परिणाम है कि हम पिछले चार चुनाव में बड़े अंतर से जीते हैं। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। कांग्रेस ने बाबा साहब के संविधान की मूल भावना को कश्मीर में कभी लागू नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद 370 हटाकर कश्मीर में बाबा साहेब के संविधान को लागू करने का काम किया है।

# भाषा वि.वि. और सॉफ्टफ्लू टेक्नोलॉजीज के बीच समझौता



- सॉफ्टफ्लू टेक्नोलॉजीज विश्वविद्यालय के छात्रों को वास्तविक परियोजनाओं में प्रैक्टिकल अनुभव प्रदान करेगी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रौद्योगिकी शिक्षा को उन्नति देने और छात्रों को प्रैक्टिकल अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और सॉफ्टफ्लू टेक्नोलॉजीज ने एक महत्वपूर्ण समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत, सॉफ्टफ्लू टेक्नोलॉजीज विश्व विद्यालय के छात्रों को वास्तविक परियोजनाओं में प्रैक्टिकल अनुभव प्रदान करेगी। इस साझेदारी के माध्यम से, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों को सॉफ्टफ्लू टेक्नोलॉजीज द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त होगा। ये कार्यक्रम छात्रों को वास्तविक औद्योगिक परियोजनाओं में काम करने का अवसर प्रदान करेंगे, जिससे उनके व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव में वृद्धि होगी। समझौते हस्ताक्षर समारोह के दौरान माननीय कुलपति प्रो. एन.बी. सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. भावना मिश्रा, एमओयू समन्वयक डॉ. नीरज शुक्ला और साइमा अलीम उपस्थित रहे। सॉफ्टफ्लू टेक्नोलॉजीज की ओर से सीईओ युसरा खान ने इस ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता विश्वविद्यालय के छात्रों के शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, जिससे उन्हें औद्योगिक क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बनने का अवसर मिलेगा।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर करारी चोट की गई: केशव

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को प्रयागराज में भदोही लोकसभा की हंडिया विधानसभा में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर करारी चोट की गई। वहीं योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की डबल इंजन की सरकार में गुंडे, माफिया और अपराधियों को उनकी भाषा में समझाने का काम किया गया। उन्होंने जनता से संवाद करते हुए कहा कि कमल के फूल का बटन दबाने से अपराधी, माफिया और भ्रष्टाचारियों पर एके47 की तरह चोट होती है। कमल का बटन दबाने से बड़े से बड़े गुंडे और माफिया अपने बिल में घुस जाएंगे।

श्री मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस के सरदार राहुल गांधी फूलपुर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ सहित जहां भी जा रहे है उनके कार्यक्रमों में बवाल और उपद्रव मच रहा है। समाजवादी पार्टी अपराधी, माफियाओं, गुंडो, दंगाईयों, भ्रष्टाचारियों की पार्टी है। इनसे शिष्टाचार की अपेक्षा बेकार है। अराजकता सपा का संस्कार है। गुंडे, अपराधी, दंगाई व माफियाओं को सपा से निकाल दिया जाए तो सपा पूरी तरह खाली हो जाएगी।

## खड़ी रोडवेज बस में जा घुसी कार, डॉक्टर की मौत

**लखनऊ।** उन्नाव के औरास थाना क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार रात खड़ी रोडवेज बस में पीछे से एक कार जा घुसी। हादसे में कार सवार कारोबारी और उनके डॉक्टर दोस्त की मौत हो गई जबकि उनकी मां व दो बहने गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को ट्रामा में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक है। दुबग्गा के सिकरौरी गांव निवासी लुकमान (46) सोमवार को अपनी मां मेहरजहां के इलाज के लिए दिल्ली गए थे। साथ में उनकी दोनों बहनें रूही बानो व शबीना बनो के अलावा दोस्त डॉ. मारूफ (35) भी गए थे। मंगलवार रात वह कार से वापस लखनऊ लौट रहे थे। तड़के करीब चार बजे उन्नाव के औरास थाना क्षेत्र के मैनीभावाखेड़ा गांव के पास एक्सप्रेस-वे पर कार पीछे से खराब खड़ी रोडवेज बस में जाकर घुस गई। कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। लुकमान और मारूफ की मौके पर ही मौत हो गई।

# अकबरनगर विस्थापन: आवास का आवंटन पत्र आज होगा वितरित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण अकबरनगर प्रथम एवं द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे के विस्थापितों को हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास का आवंटन पत्र गुरुवार से वितरित करेगा। आवंटन पत्र वितरण के लिए प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम गठित की है। लविप्रा के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि अकबरनगर प्रथम व द्वितीय में रहने वाले अवैध निर्माणकर्ताओं को उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिकाओं पर आदेश के अनुपालन में पात्र व्यक्तियों को बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटित किये गये हैं। पहले चरण में 928 पात्र व्यक्तियों के आवंटन पत्र तैयार कर लिये गये हैं, जिन्हें कल से आवंटन पत्र वितरित करने की कार्रवाई की जाएगी।

आवंटन पत्र वितरण के लिए जोन-5 के अधिशासी अभियंता राजकुमार व जोन-6 के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सहायक अभियंताओं, अवर अभियंताओं, सुपरवाइजर, मेट व अनुचर की टीम गठित की गयी है। यह टीम अकबरनगर में पात्र व्यक्तियों को आवंटन पत्र प्राप्त कराएगी और अगर कोई मौके पर नहीं मिलता है तो आवंटन पत्र उसके भवन पर चस्पा किया जाएगा। कार्रवाई को पूरा कराने के लिए उपसचिव माधवेश कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वेबसाइट से भी डाउनलोड कर सकते हैं आवंटन सूचना पत्र अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि विस्थापितों की सहूलियत के लिए आवंटन सूचना पत्र प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है, जिसे डाउनलोड किय जा सकता है। इसके लिए वेबसाइट www.ldaonline.co.in पर प्रधानमंत्री आवास योजना सूचना पत्र अकबरनगर प्रथम एवं द्वितीय के लिंक पर क्लिक करें। पेज खुलने पर अपना आधार नम्बर डाल कर सब्मिट करें और रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर व ओटीपी डाल कर सब्मिट बटन पर क्लिक करें। नये पेज पर आवंटी का नाम, पता, मोबाइल नम्बर व अन्य विवरण मिलेगा और दाहिनीं तरफ डाउनलोड पर क्लिक पर आवंटन पत्र डाउनलोड किया जा सकेगा। एक सप्ताह में करना होगा शिफ्ट अपर सचिव ने बताया कि अकबरनगर के अध्यासियों को एक सप्ताह के भीतर नये आवंटित भवन में नियमानुसार कब्जा प्राप्त करना होगा। साथ ही अकबरनगर के अपने भवन का कब्जा प्राधिकरण को सुपुर्द करना होगा। ऐसा न करने पर उच्चतम न्यायालय के आदेश पर विधिक कार्रवाई होगी।

## अवैध व्यवसायिक काम्पलेक्स को कराया गया सील

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर बुधवार को अवैध निर्माण के खिलाफ चलाये अभियान के दौरान एक अवैध व्यवसायिक काम्पलेक्स को सील कराया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि सुल्तानपुर रोड के खुर्दही बाजार के ग्राम माढ़रमऊ खुर्द में दिलीप कुमार, रवि कुमार, शशि रावत, बद्री प्रसाद, सहजराम व अन्य की ओर से लगभग 3600 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से 10 दुकानों का निर्माण कराया गया था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये अवैध निर्माण के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। बुधवार को सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता विपिन बिहारी राय व ऋतुपाल ने सीलिंग की कार्रवाई कराई।

## प्रवास कार्यक्रम

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरूवार 23 मई 2024, को उडीसा की पुरी व केन्द्रापाड़ा एवं बिहार की पूर्वी चंपारण व पश्चिमी चंपारण लोकसभाओं की जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे।

### मुख्यमंत्री राजस्थान भजन लाल शर्मा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री राजस्थान भजनलाल शर्मा गुरूवार 23 मई 2024 गुरूवार को देवरिया के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री राजस्थान भजनलाल शर्मा दोपहर 03 बजे दिव्यशक्ति मैरिज हॉल मैदान, देवरिया में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

### मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश मोहन यादव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश मोहन यादव गुरूवार 23 मई 2024 गुरूवार को आजमगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश मोहन यादव दोपहर 03 बजे आजमगढ में नरौली, सिविललाइन से हाफिजपुर चौराहा तक रोड शो करेंगे।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरूवार 23 मई को प्रयागराज के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुबह 11 बजे रत्योरा चौराहा, कोरांव, प्रयागराज तथा दोपहर 12:10 बजे राजा महेन्द्र प्रताप सिंह की कोठी, शंकरगढ़ प्रयागराज में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। तदोपरान्त दोपहर 01:20 बजे पटेलनगर बरई हरख दहियांवा, फाफामऊ, प्रयागराज तथा दोपहर 02:30 बजे छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों, सराय इनायत, प्रयागराज में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगें।

### केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा गुरूवार 23 मई को बलिया और गाजीपुर के प्रवास पर रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सुबह 11 बजे शास्त्री पार्क भृगुआश्रम मंदिर के पीछे बलिया तथा दोपहर 03 बजे पंचायत भवन, रेवतीपुर, गाजीपुर में आयोजित अनुसूचित जनजाति सम्मेलनों को सम्बोधित करेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा गुरूवार 23 मई को सिद्धार्थनगर के प्रवास पर रहेंगे। बीएल वर्मा विधानसभा डुमरियागंज में जनसम्पर्क करेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा गुरूवार 23 मई को बस्ती में जनसम्पर्क करेंगे।

### भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री राधामोहन दास अग्रवाल

**लखनऊ।** भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री राधामोहन दास अग्रवाल गुरूवार 23 मई 2024 को प्रयागराज में जनसम्पर्क करेंगें।

### मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह गुरूवार 23 मई को चन्दौली के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सायं 04:45 बजे श्लोक पैराडाइज लॉन, पर्वतपुर सिकन्दरपुर, चकिया, चन्दौली में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात सायं 06:25 बजे बरौझी चकिया, चन्दौली में आयोजित प्रबुद्धजनों के साथ बैठक को संबोधित करेंगे।

### मंत्री ओमप्रकाश राजभर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर गुरूवार 23 मई को कुशीनगर, बलिया व गाजीपुर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर सुबह 11 बजे सरस्वती इंटर कॉलेज, परसौना, नेबुआ नौरंगिया, कुशीनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 12:25 बजे लालमनी इंटर कॉलेज, हल्दीरामपुर, बलिया में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 01:50 बजे ढ़ोडाडीह मोहम्मदाबाद, गाजीपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### मंत्री धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंह गुरूवार 23 मई को आजमगढ़ में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय गुरूवार 23 मई को बस्ती में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री राकेश सचान

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश सचान गुरूवार 23 मई को सिद्धार्थनगर के प्रवास पर रहेंगे तथा डुमरियागंज में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री जयवीर सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री जयवीर सिंह गुरूवार 23 मई को जौनपुर व आजमगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। जयवीर सिंह सुबह 10 बजे जौनपुर में जनसम्पर्क करेंगे तथा दोपहर 02 बजे आजमगढ़ में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री अनिल राजभर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री अनिल राजभर गुरूवार 23 मई को अम्बेडकरनगर के प्रवास पर रहेंगे तथा अम्बेडकरनगर में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री नरेन्द्र कश्यप

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री नरेन्द्र कश्यप गुरूवार 23 मई को आजमगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री नरेन्द्र कश्यप सुबह 10 बजे आजमगढ़ में जनसम्पर्क करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 02 बजे आजमगढ़ की सदर विधानसभा के नगर पालिका क्षेत्र में रोड-शो करेंगे।

### मंत्री संदीप सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री संदीप सिंह गुरूवार 23 मई को बस्ती के प्रवास पर रहेंगे तथा बस्ती में जनसम्पर्क करेंगे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** एरा यूनिवर्सिटी ने बुधवार को मिनी ऑडिटोरियम, ग्राउंड फ्लोर, यूनिवर्सिटी बिल्डिंग में छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत एरा यूनिवर्सिटी के भारत में उच्च शिक्षा परिवर्तन में अकादमिक सुधारों के लिए छात्र राजदूत (सारथी) अक्सा निहाल, सिदरा रजा और ख्वाजा तालिब हसन के स्वागत भाषण के साथ हुई। एरा यूनिवर्सिटी में एनईपी समन्वयक डॉ. शीबा रिजवी ने दर्शकों को नई शिक्षा नीति की मुख्य विशेषताओं से परिचित कराया। उन्होंने बहु-विषयक, कौशल-आधारित, समस्या-समाधान और इंटरैक्टिव शिक्षण विधियों के महत्व पर चर्चा की। इसके बाद, सारथी अक्सा निहाल, सिदरा रजा और ख्वाजा तालिब हसन ने एनईपी सारथी कार्यक्रम पर प्रस्तुति दी, जिससे दर्शकों में जागरूकता बढ़ी। एरा यूनिवर्सिटी की सहायक रजिस्ट्रार डॉ. गजाला जैदी ने एनईपी का संक्षिप्त परिचय दिया। सारथी ने एनईपी के बारे में और अधिक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से एरा यूनिवर्सिटी में होने वाले आगामी कार्यक्रमों के बारे में भी सभी को अपडेट किया। कार्यक्रम में एरा यूनिवर्सिटी में आईक्यूएसी के निदेशक कर्नल डॉ. वासुनकर के साथ-साथ विभिन्न विभागों के प्रमुखों और संकाय सदस्यों सहित 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। सभी उपस्थित लोगों को आगामी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आयोजकों की ओर से फैकल्टी ऑफ लिबरल एजुकेशन की हर्षिका वर्मा ने कार्यक्रम के सफल समापन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

## जनता के अधिकार की बात करने वालों की दुश्मन है भाजपा: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जो जनता के अधिकार की बात करे उसे भाजपा अपना विरोधी मानती है क्योंकि भाजपा जनता के हक को छीननेवाली पार्टी है। वो खरबपतियों की कठपुतली पार्टी है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि बीएचयू को बचाने के लिए भाजपा के ख़िलाफ़ 'आमरण अनशन' पर बैठे डॉ. ओम शंकर जी से अनुरोध है कि वो अपना आमरण अनशन तोड़ें और जनता के रक्षक 'इंडिया गठबंधन' का साथ देकर भ्रष्ट भाजपा को हटाने के लिए नया व्रत लें। भाजपा हर सच्चे इंसान के विरूद्ध है। जो जनता के अधिकार की बात करे उसे भाजपा अपना विरोधी मानती है क्योंकि भाजपा जनता के हक को छीननेवाली पार्टी है। जो निजीकरण के खिलाफ है। भाजपा उसे भी अपना दुश्मन समझती है क्योंकि वो उन खरबपतियों की कठपुतली है जो निजीकरण करके बेतहाशा मुनाफा कमाना चाहते हैं।

# ईरान के राष्ट्रपति की शहादत पर मजलिस का आयोजन

## इस्लामिक जगत की ताकतवर आवाज खामोश हो गई : मौलाना कल्बे जवाद

- सैयद इब्राहिम रईसी ने मुसलमानों की समस्याओं को वैश्विक मंच पर उठाया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ईरान के राष्ट्रपति अयातुल्लाह सैयद इब्राहिम रईसी और उनके साथियों की हुई शहादत के सिलसिले में दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) में मजलिस-ए-उलमा-ए-हिंद की ओर से एक तजियती जलसा और मजलिस का आयोजन किया गया। उलेमा ने अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई और मिल्लते ईरान के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। महासचिव मौलाना सैयद कल्बे जवाद नकवी ने मजलिस को खिताब करते हुए अयातुल्लाह रईसी की सेवाओं और राष्ट्रपति उपलब्धियों की संक्षेप में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस्लामिक जगत की ताकतवर आवाज खामोश हो गई है। जिस तरह से उन्होंने मुसलमानों की समस्याओं को वैश्विक मंच पर उठाया उसकी मिसाल नहीं मिलती है। खास तौर से संयुक्त राष्ट्र में उन्होंने कुरान की पवित्रता की रक्षा करने और फिलिस्तीन के मजलूमो के समर्थन में साहसी कदम उठाए। वह बहुत बहादुर और साहसी व्यक्ति थे। मौलाना ने कहा कि आयतुल्लाह रईसी ने इजराइल का भ्रम चूर चूर कर दिया। उन्होंने इजराइल पर ऐसा हमला किया कि उसको पलटकर जवाब देने की हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि शहीद हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान ने भी मुसलमानों की आवाज़ को वैश्विक स्तर पर रखा और पूरी दुनिया को फिलिस्तीन के मुद्दे की तरफ आकर्षित किया। मौलाना ने लोगों को सभी शहीदों के बारे में बताया और कहा कि ईरान का निज़ाम एक इस्लामी और इलाही निज़ाम है, जो इंशाल्लाह ऐसे हादसों से प्रभावित नहीं होगा। इस मौके पर मातमी अंजुमनों ने नौहाख्वानी भी की। शोक सभा में मौलाना हैदर अब्बास रिज़वी, मौलाना तसनीम मेहदी, मौलाना अली अब्बास रिजवी, मौलाना हसनैन बाकरी, मौलाना रजा हुसैन रिज़्वी, मौलाना हसन जाफ़र, मौलाना फ़िरोज़ हुसैन, मौलाना शबाहत हुसैन, मौलाना मूसा रिजवी ने भी तकरीर की और अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई और मिल्लते ईरान के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। इसी तरह ईरानी सर्वोच्च लीडर रहबरे मुअज्जम आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई को आल इण्डिया शिया पर्सनल ला बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना सायम मेहदी ने इस अलमनाक हादसे में ईरान के राष्ट्रपति आयतुल्लाह सैयद इब्राहिम रईसी, हुज्जतुल इस्लाम आले हाशिम, विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल लेहयान व दीगर ओहदेदारों के शहीद होने पर कहा कि आपकी ख़िदमत में संवेदना व्यक्त करता हूँ। यह अलमनाक हादसा न सिर्फ़ ईरान बल्कि आलमे इस्लाम और ख़ास तौर पर शीयत के लिये नुक़सान का सबब है।